

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 पीवी सिंधू जापान मास्टर्स के प्री क्वार्टर फाइनल में हारीं.................

देश के पहले उद्योगपति जिन्होंने विदेश में पहुंचाया कारोबार....... 10

वर्ष : 15 | अंक : 209 | नई दिल्ली, शुक्रवार, 15 नवंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


## पहले चरण के चुनाव के बाद ही झारखंड में कांग्रेस-झामुमो का सूपड़ा साफ : शाह

गिरिडीह, एजेंसी

गिरिडीह। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को दावा किया कि झारखंड विधानसभा के लिए पहले चरण के मतदान के बाद ही यह तय हो गया है कि राज्य में भाजपा की सरकार बन रही है। गिरिडीह में भाजपा के प्रत्याशी निर्भय शाहाबादी के पक्ष में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पहले चरण के चुनाव में ही झामुमो-कांग्रेस का राज्य में सूपड़ा साफ हो गया है। जनता ने भाजपा-एनडीए के प्रत्याशियों को भरपूर समर्थन दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि झारखंड हमेशा से ऊर्जा का केंद्र रहा है। पूरे देश में यह सबसे समृद्ध राज्य है। इसके नीचे इतना खनिज और कोयला पड़ा है कि पूरे देश को ऊर्जा देने काम कर सकता है। झारखंड समृद्ध है, पर झारखंड गरीब है। आप यहां निर्भय शाहाबादी को जिताइए। इसके बाद यहां के युवाओं को पलायन के लिए विवश नहीं होना पड़ेगा। हम यहां नए कल-कारखाने लगाएंगे।



झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा उठाते हुए शाह ने कहा कि हेमंत सरकार का ध्यान यहां घुसपैठियों को बसाने पर है। ये घुसपैठियां झारखंड में आते हैं और झारखंडी बेटियों से शादी करके उनकी जमीन हड़प लेते हैं। आप बीजेपी की सरकार बनाइए, यहां सिर्फ घुसपैठिए ही नहीं बल्कि परिंदा भी पर नहीं मार सकता।

मैं घुसपैठियों से कहना चाहता हूं कि हेमंत सरकार का समय खत्म हो गया है और आपका भी। हम एक-एक करके सभी घुसपैठियों को बाहर निकालेंगे। हम ऐसा कानून लाएंगे कि घुसपैठियों को लूटी गई सारी जमीन वापस करनी होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी कश्मीर में अनुच्छेद-370 वापस लाना चाहती है, लेकिन राहुल गांधी को बता देना चाहता हूं कि उनकी चार पीढ़ियां भी अनुच्छेद-370 को वापस नहीं ला सकती हैं।

जब यूपीए 10 साल सत्ता में थी, तो हर दूसरे दिन आतंकवादी हमला करते थे। लेकिन, जब आपने मोदी जी की सरकार बनाई, तो उरी और पुलवामा में उन्होंने ऐसी ही कोशिश की, जिसका हमने चुन-चुन कर बदला लिया। झारखंड ने सालों तक नक्सलवाद को झेला है। नक्सलवादियों ने झारखंड को तबाह करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। छत्तीसगढ़ में जो नक्सलवाद बचा है 31 मार्च 2026 के पहले उसे भी समाप्त कर देंगे। उन्होंने राहुल गांधी पर तंज करते हुए कहा कि सोनिया गांधी को अपने बेटे को लॉन्च करने का बड़ा शौक है। उन्होंने 20 दफा राहुल नाम का प्लेन लॉन्च किया, पर प्लेन लैंड ही नहीं होता। 20 दफा क्रैश कर गया। 21वीं बार भी उनका प्लेन देवघर में क्रैश होने वाला है। हरियाणा में सूपड़ा साफ। राहुल गांधी का झारखंड में पांच का भी आंकड़ा पार नहीं होने वाला है। राहुल गांधी और हेमंत सोरेन वक्फ कानून बदलने का विरोध कर रहे हैं पर मैं उन्हें बता देना चाहता हूं कि हम संसद में वक्फ कानून बदलने का काम करेंगे।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C

न्यूनतम तापमान 23.0°C

**बाजार**

सोना 80,405

चांदी 1,1000

सेंसेक्स 80,220

निफ्टी 24,472

## मोदी आज जमुई में, कई योजनाओं का करेगे शुभारंभ आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान को करेंगे लॉन्च

पटना, एजेंसी

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज यानी शुक्रवार को बिहार आ रहे हैं। बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के मौके पर पीएम मोदी जमुई की धरती से आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान को लॉन्च करेंगे। इसे लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी है। पीएम इस दौरान दो घंटे तक जमुई में रहेंगे और कई अलग-अलग कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। बल्लोपुर गांव स्थित सभा स्थल से पीएम जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय और जनजाति अनुसंधान संस्थान का भी उद्घाटन करेंगे। केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस दौरान पीएम बिरसा मुंडा के नाम पर डेढ़ सौ रुपये का चांदी का सिक्का और डाक टिकट लॉन्च करेंगे। पीएम इस दौरान 6640 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी करेंगे। इसके अलावा पीएम जनजातीय सामुदायिक जीवन के गुणवत्ता में सुधार पर केंद्रित कई परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे।

तीसरी बार आयेंगे पीएम :

पहली बार अप्रैल 2019 में पीएम मोदी बल्लोपुर गांव में आए थे। इसके बाद अप्रैल 2024 में उनका यहां आना हुआ था। अब फिर लगभग 6 महीने के बाद अब तीसरी बार पीएम मोदी बल्लोपुर गांव में शुक्रवार को आने वाले हैं। इस कारण स्थानीय लोग काफी उत्साहित हैं। पीएम मोदी देवघर से वायुसेना के हेलीकॉप्टर से जमुई पहुंचेंगे। यहां पहुंचकर सबसे पहले पीएम जनजातीय समुदाय द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी को देखेंगे। इसके बाद पीएम एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इसी दौरान सभी योजनाओं की आधारशिला रखेंगे और इसका लोकार्पण करेंगे। केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम ने जमुई में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, जनजातीय गौरव दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 नवंबर को बिहार के जमुई का दौरा करेंगे। यह भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष के उत्सव की शुरूआत का प्रतीक होगा।



जनजातीय गौरव दिवस का शंखनाद : उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमुई यात्रा पर अभार जताते हुए कहा कि आबा भगवान बिरसा मुंडा को उनकी 150 वीं जयंती पर श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए प्रधानमंत्री उनके नाम पर आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का भी शुभारंभ करने जा रहे हैं। साथ ही करीब 6600 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं की शुरूआत भी उनके द्वारा की जाएगी। श्री सिन्हा ने आगे कहा कि एनडीए गठबंधन शुरू से ही जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास का पक्षधर रहा है। श्रद्धेय अटल जी के नेतृत्व में जब पहली एनडीए सरकार केंद्र में बनी थी उसी दौर में सन 1999 में पहली बार अलग जनजातीय मामलों के मंत्रालय का गठन हुआ। फिर मोदी के नेतृत्व में सन 2021 से भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की पहल हुई। पिछले साल भी इस अवसर पर पीएम ने विकसित भारत संकल्प यात्रा तथा विलुप्तप्राय जातियों के संरक्षण के लिए पीएम जनमन जैसी नवाचारी योजनाओं की शुरूआत की थी।

## मोदी दिल्ली में शुक्रवार को करेंगें पहले बोडोलैंड महोत्सव का उद्घाटन

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में शुक्रवार को स्पोर्ट्स अथारिटी ऑफ इंडिया (साई) के इंदिरा गांधी खेल परिसर में दो दिवसीय प्रथम बोडोलैंड महोत्सव 15 और 16 नवंबर को होगा, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। यह महोत्सव शांति बनाए रखने और जीवंत बोडो समाज के निर्माण के लिए भाषा, साहित्य और संस्कृति पर एक बड़ा आयोजन है। इसका उद्देश्य न केवल बोडोलैंड में असम, पश्चिम बंगाल, नेपाल और पूर्वोत्तर के अन्य अंतरराष्ट्रीय सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले स्वदेशी बोडो लोगों को एकीकृत करना है। महोत्सव का विषय ह्यसमृद्ध भारत के लिए शांति और सद्भावह्न है, जिसमें बोडो समुदाय के साथ-साथ बोडोलैंड प्रादेशिक क्षेत्र (बीटीआर) के अन्य समुदायों की समृद्ध संस्कृति, भाषा और शिक्षा पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इसका उद्देश्य बोडोलैंड की सांस्कृतिक और भाषाई विरासत, पारिस्थितिक जैव विविधता और पर्यटन क्षमता की समृद्धि का लाभ उठाना है। यह महोत्सव प्रधानमंत्री मोदी के गतिशील नेतृत्व में 2020 में बोडो शांति समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद से वसूली और लचीलेपन की उल्लेखनीय यात्रा का जश्न मनाने के बारे में भी है। इस शांति समझौते ने न केवल बोडोलैंड में दशकों के संघर्ष, हिंसा और जीवन की हानि को हल किया बल्कि अन्य शांति बस्तियों के लिए उत्प्रेरक के रूप में भी काम किया। महोत्सव का मुख्य आकर्षण 'भारतीय विरासत और परंपराओं में योगदान देने वाली समृद्ध बोडो संस्कृति, परंपरा और साहित्य' पर सत्र होगा, जिसमें समृद्ध बोडो संस्कृति, परंपराओं, भाषा और साहित्य की एक श्रृंखला पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

## मोदी को सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान डोमिनिका अवार्ड ऑफ ऑनर प्रदान करेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

कैरेबियाई देश डोमिनिका ने घोषणा की है कि वह भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को गुयाना में आयोजित भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन में देश के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित करेगा। रोसेऊ में डोमिनिका सरकार की जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया कि श्री मोदी को कोविड-19 महामारी के दौरान डोमिनिका में उनके योगदान और भारत और डोमिनिका के बीच साझीदारी को मजबूत करने के लिए उनके समर्पण के सम्मान में अपना सर्वोच्च राष्ट्रीय पुरस्कार, डोमिनिका अवार्ड ऑफ ऑनर प्रदान करेगा। डोमिनिका की राष्ट्रपति सिल्वेनी बर्टन 19 से 21 नवंबर तक गुयाना के जॉर्जटाउन में होने वाले आगामी भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन के दौरान श्री मोदी को यह पुरस्कार प्रदान करेंगी। फरवरी 2021 में श्री मोदी ने डोमिनिका को एस्ट्राजेनेका कोविड-19 वैक्सीन की 70 हजार खुराकें प्रदान कीं थीं। यह एक उदार उपहार था जिसने डोमिनिका को अपने और कैरेबियाई पड़ोसियों के नागरिकों को सहायता करने में सक्षम बनाया। डोमिनिका सरकार का यह पुरस्कार श्री मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और सूचना प्रौद्योगिकी में डोमिनिका के लिए भारत के समर्थन के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर जलवायु अनुकूल निर्माण पहल और सतत विकास को बढ़ावा देने में उनकी भूमिका को भी मान्यता देता है। डोमिनिका के प्रधानमंत्री स्केरिट ने कहा कि यह पुरस्कार डोमिनिका और व्यापक क्षेत्र के प्रति श्री मोदी की एकजुटता के प्रति देश की कृतज्ञता की अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा, ₹प्रधानमंत्री, डोमिनिका के लिए एक सच्चे साथी रहे हैं, खासकर वैश्विक स्वास्थ्य संकट के बीच हमारी जरूरत के समय में। उनके समर्थन के लिए हमारी कृतज्ञता के प्रतीक के रूप में और हमारे देशों के बीच मजबूत संबंधों के प्रतिबिंब के रूप में उन्हें डोमिनिका का सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान प्रदान करना सम्मान की बात है। हम इस साझेदारी को आगे बढ़ाने और प्रगति और लचीलेपन के हमारे साझा दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं। पुरस्कार की पेशकश स्वीकार करते हुए, श्री मोदी ने जलवायु परिवर्तन और भू-राजनीतिक संघर्ष जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने में सहयोग के महत्व पर बल दिया और इन मुद्दों के समाधान में डोमिनिका और कैरिबियन के साथ मिलकर काम करने की भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। डोमिनिका की राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री रूजवेल्ट स्केरिट भारत-कैरिकॉम शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, जो भारत और कैरिकॉम के बीच साझा प्राथमिकताओं और सहयोग के नए अवसरों पर चर्चा करने का एक मंच है।

## संक्षिप्त खबरें

### छात्रों के साथ योगी सरकार का रवैया दुर्भाग्यपूर्ण : राहुल

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष की नेता राहुल गांधी ने प्रयागराज में आंदोलन कर रही प्रतियोगी छात्रों की मांग को उचित ठहाराते हुए गुरुवार को कहा कि उत्तर प्रदेश की योगी सरकार का रवैया उनके प्रति असंवेदनशील और अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। श्री गांधी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार तथा लोक सेवा आयोग को प्रतियोगिताओं के साथ क्रूर व्यवहार करने की बजाय उनकी मांग मान लेनी चाहिए और उनका पुलिस उत्पीड़न बंद करवाया जाना चाहिए। उन्होंने एक्स पर कहा, ₹प्रयागराज में प्रतियोगी छात्रों के साथ यूपी सरकार और उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग का रवैया बेहद असंवेदनशील और दुर्भाग्यपूर्ण है। नॉर्मलाइजेशन के नाम पर गैर-पारदर्शी व्यवस्था अस्वीकार्य है और एक पाली में परीक्षा की छात्रों की मांग बिल्कुल न्यायपूर्ण है। न्होंने कहा,₹शिक्षा व्यवस्था को ध्वस्त करने में जुटी भाजपा सरकार की अक्षमता की कीमत आखिर छात्र क्यों चुकायें। 'पढ़ाई करने वाले छात्रों को सड़क पर लड़ाई करने को मजबूर कर दिया गया है और अब उनका पुलिस के जरिए उत्पीड़न किया जा रहा है। ांग्रेस नेता ने कहा, ₹अपने और अपने परिवार के सपनों को पूरा करने के लिए घर से दूर रहकर साधना कर रहे युवाओं के साथ ये अन्याय हम स्वीकार नहीं करेंगे। प्रतियोगी छात्रों की मांग का पूरी हम तरह से समर्थन करते हैं। उनके लोकतांत्रिक अधिकारों को तानाशाही से नहीं दबाया जा सकता।

## मध्यप्रदेश : विजयपुर और बुधनी में मतदान संपन्न, 77 प्रतिशत से अधिक वोटिंग

भोपाल, एजेंसी

मध्यप्रदेश के विजयपुर और बुधनी विधानसभा उपचुनाव के लिए दिन भर राजनीतिक सरगर्मियों के बीच लगभग शांतिपूर्ण ढंग से बुधवार को मतदान संपन्न हुआ और पांच लाख 31 हजार से अधिक मतदाताओं में से 77 प्रतिशत से अधिक लोगों ने वोट डाले। निर्वाचन आयोग की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार विजयपुर में 77.85 प्रतिशत और बुधनी में 77.32 प्रतिशत मतदान हुआ। कल सुबह सात बजे प्रारंभ हुआ मतदान शाम छह बजे तक चला और इस दौरान सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के नेताओं के बीच आरोप प्रत्यारोप के दौर भी चले। दोनों दलों के प्रतिनिधिमंडलों ने यहां मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय पहुंचकर अपनी अपनी शिकायत दर्ज करायी और कांग्रेस ने सत्तारूढ़ दल भाजपा पर प्रशासनिक मशीनरी के दुरुपयोग का आरोप लगाया, तो भाजपा ने अपनी शिकायत में कहा कि कांग्रेस के नेताओं कार्यकताओं ने कुछ स्थानों पर अनेक लोगों को वोट नहीं डालने दिए। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी श्योपुर जिले के विजयपुर विधानसभा क्षेत्र की सीमाओं के आसपास रहे। प्रशासनिक अधिकारियों ने इन नेताओं और उनके समर्थकों को एक निर्धारित सीमा के आगे नहीं बढ़ने दिया।

## दिल्ली की जहरीली हवा में सांस लेना मुश्किल, एक्यूआई पहुंचा 400 पार

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में गुरुवार सुबह औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 430 दर्ज किया गया, जो कि गंभीर श्रेणी में आता है। वहीं, बुधवार को औसत एक्यूआई 349 दर्ज किया गया था। केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार राजधानी दिल्ली में गुरुवार सुबह 7:15 बजे तक औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 430 अंक बना हुआ है। जो गंभीर श्रेणी में आता है। जबकि दिल्ली एनसीआर के शहर फरीदाबाद में 284, गुरुग्राम में 309, गाजियाबाद में 375, ग्रेटर नोएडा में 320 और नोएडा में 367 अंक बना हुआ है। राजधानी दिल्ली की अधिकतर इलाकों में गुरुवार को एक्यूआई स्तर 400 के ऊपर चला गया है, जिसमें अलीपुर में 420, आनंद विहार में 473, अशोक विहार में 474, आया नगर में 422, बवाना में 455, चांदनी चौक में 407, डॉ करणी सिंह शूटिंग रेंज में 417, द्वारका सेक्टर 8 में 458, एयरपोर्ट में 435, आईटीओ में 434, जहांगीरपुरी में 471, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 408, मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में 444 और मंदिर मार्ग में 440 दर्ज किया गया। इसके अलावा मुंडका में 407, नजफगढ़ में 457, नरेला में 438, नॉर्थ कैंपस डीयू में 421, एनएसआईटी द्वारका में 425, ओखला फेस 2 में 440, पटपड़गंज में 472, पंजाबी बाग में 459, पूसा में 404, आरके पुरम में 454, रोहिणी में 453, शादीपुर में 427, सिरी फोर्ट में 438, सोनिया विहार में 444, सोनिया विहार में 468 और वजीरपुर में 467 एक्यूआई दर्ज किया गया। वहीं, दिल्ली के पांच इलाकों में एक्यूआई स्तर 300 से ऊपर और 400 के बीच में बना हुआ है, जिसमें डीटीयू में 398, मथुरा रोड में 395, दिलशाद गार्डन में 385,लोधी रोड में 370 और श्री अरविंदो मार्ग में 345 अंक बना हुआ है। बता दें कि केंद्रीय प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड द्वारा एक्यूआई के वर्गीकरण के अनुसार 0 से 50 को अच्छा, 51 से 100 को संतोषजनक, 101 से 200 को मध्यम, 201 से 300 को खराब और 301 से 400 को बहुत खराब की श्रेणी में रखा गया है। इसके अलावा 401 से 500 को गंभीर और 450 से अधिक एक्यूआई होने पर गंभीर प्लस की श्रेणी में रखा गया है।

## घुसपैठियों और रोहिंग्या के संरक्षक हैं कांग्रेस-झामुमो और राजद : योगी



धनबाद, एजेंसी

14 नवंबर (वेब वार्ता)। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को झारखंड के धनबाद जिले के निरसा, बोकारो और बेरमो विधानसभा सीटों पर चुनावी सभाओं को संबोधित करते हुए झारखंड की मौजूदा सरकार को बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्या का संरक्षक करार दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड की बेटी, रोटी और माटी की सुरक्षा में सेंध लगाने के लिए ये लोग रोहिंग्या मुसलमानों को घुसाने में लगे हैं। हमें घुसपैठ नहीं होने देनी है। ये बेटियों के साथ खिलवाड़ करेंगे, आपकी रोटी पर कब्जा करेंगे। यह कतई नहीं होने देना है। इसे भाजपा ही रोकेगी। झारखंड में बुधवार को पहले चरण का मतदान हुआ और रुझान बताता है कि पूर्ण बहुमत से भाजपा सरकार आएगी। झारखंड ने तय कर लिया है कि राज्य को लूटने वाले कांग्रेस-झामुमो और राजद को सत्ता से बेदखल करके रहना है। उन्होंने कहा कि जब झारखंड का निर्माण हो रहा था तो मैं गोरखपुर से सांसद था। संसद में चर्चा के दौरान कांग्रेस और राजद झारखंड बनाने का विरोध कर रहे थे। आज कांग्रेस और राजद दोनों झामुमो की गोद में बैठकर झारखंड को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। एक तरफ ये लूट रहे हैं और दूसरी तरफ लुटेरों के सरदार वामपंथियों को सिर पर उठाकर झारखंड को पूरी तरह नक्सलवाद का गढ़ बनाने के लिए बेताब हैं। इसको कतई झारखंड में पनपने नहीं देना है, इसका आह्वान करने मैं झारखंड में आया हूं। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धनबाद कोयले की राजधानी भी कही जाती है, लेकिन यहां का कोयला, यहां कोयला का मजदूर वामपंथियों की ब्लैकमेलिंग का शिकार हो रहा है। मजदूर वहीं का वहीं रह जाता है और माल कमाने वाले मालामाल हो जाते हैं। अटल बिहारी वाजपेयी ने जब झारखंड का निर्माण किया था तो उनका सपना था विकसित झारखंड बनाने का। अपना झारखंड विकास करेगा तो भारत भी विकास करेगा। लेकिन बीते 24-25 वर्षों में झारखंड जहां खड़ा था, वहां से भी पीछे चला गया है। हाल यह है कि देश में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है, पर मोदी जी झारखंड के लिए जो राशन भेजते हैं, उसे झामुमो-कांग्रेस के नेता खा जाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अब नया भारत है। सीमाओं की सुरक्षा कैसे होती है आप देखते होंगे। अगर कोई आतंकी दुस्साहस की नीयत से भारत में घुसता है तो उसका काम तमाम कर दिया जाता है। उसके बाद जहन्नुम ही उसकी जगह होती है। नया भारत कहता है कि छेड़ेंगे नहीं, पर अगर कोई छेड़ेगा तो छोड़ेंगे भी नहीं। कांग्रेस-झामुमो और राजद के अलावा माले के लोग यहां लूट खसोट करने के लिए आए हैं। यूपी में हिन्दुओं का गौरव फिर से वापस लाया जा रहा है। वहां विकास के बड़े-बड़े कार्य हो रहे हैं। कांग्रेस-झामुमो और माले के लोग सभी एक थाली के चट्टे-बट्टे हैं। हमें बंटना नहीं हैं। एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे।

**विरासत** 600 से अधिक गांव और 178 बस्तियां पीने के पानी की भारी कमी के कारण पानी के टैंकरों पर निर्भर......................

## सरकार शिवाजी महाराज की विरासत को कमजोर करने पर क्यों तुली हैं : कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर बृहस्पतिवार को हमला बोलते हुए उनसे महाराष्ट्र के संबंध में सवाल पूछे और जानना चाहा कि महायुति और केंद्र सरकार छत्रपति शिवाजी महाराज की विरासत को कमजोर करने पर क्यों तुली हुई हैं? महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री मोदी की रैलियों से पहले कांग्रेस महासचिव तथा पार्टी के संचार प्रभारी जयराम रमेश ने उनसे तीन सवाल पूछे, जिनमें यह भी शामिल है कि मराठवाड़ा में जल संकट समाप्त करने के लिए उनके पास क्या योजना है। कांग्रेस नेता ने प्रश्न किया कि महायुति और केंद्र सरकार छत्रपति शिवाजी महाराज की विरासत को क्यों कमजोर करने पर तुली हुई हैं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, रायगढ़ भारत के सबसे महान पुत्रों में से एक छत्रपति शिवाजी महाराज का गढ़ है, जिनकी विरासत को महायुति सरकार और नई दिल्ली में बैठे उसके संरक्षक कमजोर कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सात वर्ष पहले नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री ने मुंबई के पास अरब सागर में शिवाजी महाराज की 696 फुट ऊंची प्रतिमा स्थापित करने के लिए आधारशिला रखी थी, लेकिन उसके बाद सरकार ने उसका काम छोड़ दिया। कांग्रेस नेता ने आरोप



लगाया कि, चार जून को अपनी करारी हार के बाद महाराष्ट्र के लोगों से बदला लेने के प्रयास में उन्होंने संसद भवन के बाहर छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति को उसके प्रमुख स्थान से हटा दिया। लोकसभा चुनाव के नतीजे चार जून को घोषित हुए थे। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं ने छत्रपति की तुलना नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री से करके उनका अपमान किया है। कांग्रेस नेता ने अपने पोस्ट में कहा, महायुति ने अपनी जबरन वसूली और लूट से छत्रपति को भी नहीं बख्शा। सिंधुदुर्ग के राजकोट किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की 35 फुट ऊंची प्रतिमा इतनी घटिया तरीके से बनाई गई थी कि नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटन किए जाने के एक साल के भीतर ही यह गिर गई। उन्होंने प्रश्न किया कि छत्रपति को अपमानित करने के इन प्रयासों के पीछे क्या कारण है? कांग्रेस नेता ने कटाक्ष किया कि जिस आदमी ने छत्रपति शिवाजी महाराज तक को जुमला दिया हो उससे आम आदमी को क्या उम्मीद हो सकती है रमेश ने प्रधानमंत्री से प्रश्न किया कि मराठवाड़ा में पानी की कमी दूर करने के लिए मोदी के पास क्या योजना है? उन्होंने कहा वर्ष 2019 में महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने मराठवाड़ा से एक जल ग्रिड बनाने के लिए 20,000 से 25,000 करोड़ रुपये के पैकेज का वादा किया था। कहा गया था कि इससे हर गांव में पाइप से पीने का पानी पहुंचाया जाएगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि इस वर्ष गर्मियों में इस वादे के पांच साल पूरे हो गए और यह वर्ष मराठवाड़ा में पानी की सर्वाधिक कमी वाले वर्षों में से एक रहा। उन्होंने कहा कि मराठवाड़ा में 600 से अधिक गांव और 178 बस्तियां पीने के पानी की भारी कमी के कारण पानी के टैंकरों पर निर्भर थे। कांग्रेस नेता के अनुसार,ह्यह्य पिछले वर्ष के 40 प्रतिशत की तुलना में जलाशयों में इस वर्ष केवल 19 प्रतिशत पेयजल बचा था। मराठवाड़ा में पानी की कमी की समस्या को दूर करने के लिए भाजपा ने क्या किया है? क्या नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री कभी अपनी और अपनी पार्टी की विफलताओं की ज़िम्मेदारी लेंगे? उन्होंने प्रश्न किया कि नांदेड़ डिवीजन में भारतीय रेलवे इतनी खराब स्थिति में क्यों है? कांग्रेस नेता ने दावा किया कि नांदेड़ डिवीजन में रेलवे के बुनियादी ढांचे, जो मराठवाड़ा के कई क्षेत्रों को सेवा प्रदान करता है, को मोदी सरकार के कार्यकाल में पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया है। रमेश ने कहा, 2021 में दक्षिण मध्य रेलवे द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार, नांदेड़ में केवल 35 किलोमीटर मार्ग का विद्युतीकरण और केवल 83 किलोमीटर ट्रैक का दोहरीकरण हुआ है। यह विद्युतीकरण के मामले में सबसे निचला स्तर है और अन्य एससीआर डिवीजनों की तुलना में ट्रैक दोहरीकरण में निचले स्तर से थोड़ा ही आगे है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त यह अपने क्षेत्र का एकमात्र डिवीजन है जिसमें अभी भी अंग्रेजों के जमाने के 130 किलोमीटर मीटर-गेज ट्रैक हैं। उन्होंने कहा, नांदेड़ में महत्वपूर्ण रेलवे बुनियादी ढांचे की उपेक्षा क्यों की गई है? क्या मराठवाड़ा क्षेत्र में विकास के लिए नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री के पास कोई वास्तविक विजन है?

## संक्षिप्त समाचार

### ऑटो चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ऋषिकेश, एजेंसी।** ऑटो से गिरकर युवक की मौत मामले में चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इस संबंध में मृतक की मां ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी। कटघर आजमगढ़ निवासी शारदी देवी ने बताया कि 24 सितंबर की रात करीब नौ बजे उसका बेटा संतोष नटराज चौक की ओर आ रहा था। इस दौरान एक ऑटो चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए बेटे को चपेट में ले लिया। गंभीर चोट के कारण उसकी मौत हो गई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक आरएस खोलिया ने बताया कि शारदी देवी की शिकायत पर ऑटो चालक सरोज साहनी निवासी मोतिहारी, चंपारन बिहार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### सौंग नदी के तट पर मोक्षधाम बनकर तैयार

**ऋषिकेश, एजेंसी।** सौंग नदी तट पर 1.23 लाख रुपये की लागत से नया मोक्षधाम बनकर लगभग तैयार हो गया है। कुछ औपचारिकताएं पूरी की जा रही है। अब उसके संचालन के लिए नगर पालिका आमजन की एक कमेटी तैयार करने जा रही है। तय किया जा रहा है मोक्षधाम पूरी तरह से निशुल्क होगा। नगर पालिका डोईवाला की ओर से सुविधाओं वाला नया मोक्षधाम तैयार कर दिया गया है। शहरी विकास विभाग की ओर से दिए गए बजट से नया मोक्षधाम तैयार किया गया है। अभी जीर्णशीर्ण हालत के सीपेट के पीछे बने श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया जाता है। काफी समय से लोग मोक्षधाम की मांग कर रहे थे। नगर पालिका की मंशा है कि जल्द इसको शुरू कराया जाए। मोक्षधाम संचालन के लिए नगर पालिका नगर के आमजन और प्रबुद्ध लोगों की कमेटी गठित कर संचालन का अधिकार उनको देने की प्रक्रिया को आगे बढ़ा रही है। स्वेच्छा से दिए गए दान से मोक्षधाम की व्यवस्थाओं को बनाया जाएगा।

### बाइक की कार से टक्कर, एक की मौत, दूसरा गंभीर

**ऋषिकेश, एजेंसी।** ऋषिकेश-देहरादून मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक सवार दो युवकों की एक कार से भीषण टक्कर हो गई। हादसे में बाइक चालक की मौके पर मौत हो गई है। जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल है। जिसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। बीते सोमवार की देर रात्रि को ऋषिकेश-देहरादून मार्ग पर रामा पैलेस सिनेमा हॉल के पास से बाइक पर सवार दो युवक तेज रफ्तार से इंद्रमणि बडोनी चौक की ओर जा रहे थे। इस दौरान एक कार चालक अपनी कार पीछे कर रहा था, जो अचानक तेज रफ्तार बाइक से टकरा गई। इस टक्कर से बाइक सड़क के दूसरी ओर जा गिरी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के चिथड़े उड़ गए। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवकों को तत्काल उपजिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां एक युवक को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरे युवक की गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक आरएस खोलिया ने बताया कि मृतक की पहचान 22 वर्षीय यश प्रजापति पुत्र अनिल प्रजापति निवासी गुमानीवाला, ऋषिकेश के रूप में हुई है।

### महिला को ब्लैकमेल कर कांस्टेबल ने 10 लाख रुपये मांगे

**जसपुर, एजेंसी।** महिला की इंस्टाग्राम आईडी हैक कर एक कांस्टेबल ने अपने और उसके पर्सनल फोटोज व वीडियो अपलोड कर जान से मारने एवं झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी दी। ब्लैकमेल कर उससे 10 लाख की मांग की। पुलिस ने आरोपी कांस्टेबल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। एक मोहल्ला निवासी महिला ने बताया कि 28 अक्तूबर को आरोपी कांस्टेबल अजय कुमार निवासी ग्राम बघेलेवाला, काशीपुर की तैनाती बेलपड़ाव रामनगर में है। आरोपी ने उसकी इंस्टाग्राम आईडी हैक कर उसके कुछ पर्सनल फोटो और वीडियो उसकी आईडी पर अपलोड कर दिया। उसके बाद उसने 10 लाख रुपये की मांग की। इससे पूर्व भी आरोपी उससे व उसके परिवार से छह लाख रुपये की मांग की थी। उससे 11.50 लाख रुपये ले चुका है। पीड़िता के अनुसार आरोपी ने 28 अक्तूबर की सुबह 10-30 बजे फोटो व वीडियो डिलीट करने के लिए 10 लाख रुपये की मांग करते हुए होटल में मिलने के लिए बुलाया था। महिला ने हेल्पलाइन 1090 पर शिकायत की। महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने कांस्टेबल अजय कुमार के खिलाफ बीएनएस की धारा 308(2), 351(2), 352, 74, 77 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# विशेष अनुमति से खरीदी भूमि के 25 प्रतिशत मामलों में उल्लंघन

**राज्य सरकार करेगी जब्त**

**नैनीताल, एजेंसी।** राज्य स्थापना के बादबाहरी व्यक्तियों ने कृषि और व्यवसायिक प्रयोजन से भूमि की खरीद फरोख्त की लेकिन तय प्रयोजन में भूमि का प्रयोग नहीं किया। जिले में 2003 के बाद से दी गई विशेष अनुमतियों में से 25 प्रतिशत मामलों में उल्लंघन का खुलासा हुआ है।

अब तक शासन और डीएम द्वारा दी गई 254 अनुमतियों में से 64 मामलों में भूमि का वह प्रयोग होते नहीं पाया गया जिसमें अनुमति दी गई थी। जिला प्रशासन की ओर से 64 मामलों में धारा-167 की कार्रवाई करते हुए भूमि को सरकार में निहित करने के लिए शासन को रिपोर्ट भेजी है। जिसमें सर्वाधिक मामले नैनीताल तहसील के है।

राज्य बनने के बाद बाहरी व्यक्तियों ने यहां व्यावसायिक, कृषि और आवासीय प्रयोजन से विशेष अनुमति प्राप्त कर खूब भूमि की खरीदारी की। अधिकांश मामलों में न तो कृषि और न ही व्यावसायिक प्रयोजन पूरा किया गया। नतीजतन भारी संख्या में बाहरी व्यक्तियों को भूमिधरी का अधिकार मिलने से सशक्त भू कानून की मांग उठने लगी।

बीते माह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विशेष अनुमतियों के मामले में जांच बैठा दी। जांच के बाद 2003 से 2023 तक विशेष अनुमति प्राप्त कर 254 लोगों ने भूमि खरीदी है। करीब 25 प्रतिशत मामलों में उल्लंघन की पुष्टि हुई है।

डीएम वंदना सिंह ने बताया कि जिलेभर में 64 मामलों में धारा 154 के तहत दी गई अनुमतियों का उल्लंघन पाया गया है। जिनके विरुद्ध उत्तराखंड उत्तरप्रदेश जमींदारी उन्मूलन एवं भूमि सुधार अधिनियम की धारा 167 की कार्रवाई करते हुए भूमि को सरकार में निहित करने की रिपोर्ट शासन को भेज दी गई है।

जिले में विशेष अनुमति प्राप्त कर सर्वाधिक जमीन की खरीद फरोख्त और उल्लंघन नैनीताल तहसील में पाया गया है। बेतालघाट, लालकुआं और कालाढूंगी तहसील में एक भी उल्लंघन का मामला रिकॉर्ड नहीं हुआ है।

नैनीताल तहसील में कृषि के 37, धारी में सात व्यावसायिक व पांच कृषि कुल 12, कैंची धाम में छह कृषि, हल्द्वानी में कृषि के तीन और रामनगर में कृषि प्रयोजन के छह मामलों में उल्लंघन पाया गया। अधिकांश मामलों में या तो भूमि बेच दी गयी है, अथवा कृषि भूमि में आवासीय प्रतिष्ठान बनाकर शेष भूमि बंजर पड़ी है।

प्रदेश स्थापना के बाद उत्तराखंड उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि व्यवस्था अधिनियम में समय-समय पर बदलाव किया गया। 2017 से पूर्व कृषि और व्यवसायिक प्रयोजन के लिए विशेष अनुमति शासन स्तर पर ही दी जाती थी।

2017 के बाद जिलाधिकारी को यह अधिकार दे दिया गया। 2017 से 2024 तक जिले में 176 विशेष

## भू-कानून उल्लंघन पर अभिनेता मनोज बाजपेयी के नाम सुर्खियों में, जब्त हो सकती है करोड़ों की जमीन



**अल्मोड़ा, एजेंसी।** उत्तराखंड भू कानून के उल्लंघन के नाम पर अभिनेता मनोज वाजपेयी का नाम भी सामने आने से मामला सुर्खियां बटोर रहा है। बालीवुड स्टोर मनोज ने लमगड़ा में योग और मेडिटेशन के नाम पर भूमि क्रय की जानकारी मिली वहीं जिस प्रायोजन के लिए भूमि खरीदी गई, उसका अब तक प्रयोग नहीं किया गया है। इस मामले में प्रशासन भी सक्रीय हो चुका है। बालीवुड स्टार के साथ ही कई राजनेताओं व प्रशासकों की भूमि संबंधी मामलों की भी जांच हो रही है। वर्तमान में भूमि क्रय संबंधी उल्लंघन के कुल 23 मामलों में से 11 मामले न्यायालय में हैं, जबकि 10 मामलों में जांच चल रही है। लचर भू-कानूनों का फायदा पूंजीपति लोगों के साथ प्रशासक, राजनेता व बालीवुड स्टार उठा रहे हैं। प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक अभिनेता मनोज बाजपेयी ने वर्ष 2021 में लमगड़ा तहसील के कपकोट गांव में 15 नाली जमीन खरीदी थी। यह जमीन योग और मेडिटेशन सेंटर खोलने के नाम पर ली गई थी। प्रशासनिक जांच में इस भूमि पर नियमों के उल्लंघन का मामला सामने आया था। जिसके बाद अब मामला न्यायालय में चल रहा है। प्रशासन की जांच में मजखाली स्थित प्लीजेंट वैली और कटारमल में भी भूमि उल्लंघन के मामले सामने आए हैं। इन मामलों पर भी प्रशासन ने कार्रवाई के आदेश दिए है।

## हेरोइन तस्करों को 20 साल का कठोर कारावास, एक तस्कर पर तीन और दूसरे पर डेढ़ लाख का जुर्माना

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।** विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस ने हेरोइन तस्करी के दो दोषियों को 20-20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने एक दोषी पर डेढ़ लाख और दूसरे पर तीन लाख रुपये का अर्थदंड लगाया है। रुद्रपुर में विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस ने हेरोइन तस्करी के दो दोषियों को 20-20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने एक दोषी पर डेढ़ लाख और दूसरे पर तीन लाख रुपये का अर्थदंड लगाया है। जानकारी के अनुसार नौ नवंबर 2012 को नारकोटिक्स क्राइम ब्यूरो (एनसीबी) लखनऊ के सब जोनल अधीक्षक निर्भय सिंह की अगुवाई में टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ वार्ड नंबर पांच कच्चा खेड़ा निवासी नन्हे खान के घर पर छापा मारकर 500 ग्राम हेरोइन बरामद की थी। नन्हे ने टीम को बताया था कि वह हेरोइन को रामपुर के बिलासपुर स्थित पंजाबनगर निवासी जरीफ मियां से खरीदकर लाया है। जरीफ अपने घर पर हेरोइन का निर्माण करता है। इसके बाद टीम पंजाबपुर पहुंची और जरीफ के घर पर दबिश देकर तीन पन्नियों में हेरोइन और अफीम के साथ 26920 रुपये व 10 कारतूस बरामद किए थे। जरीफ के मकान के प्रथम तल पर एक प्रयोगशाला मिली थी। इसमें दो बोतल कैमिकल, अल्प्राजोलम पाउडर के अलावा अफीम और हेरोइन बरामद हुई थी। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज किया गया था। इस मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस आशुतोष मिश्रा के न्यायालय में हुई थी। सुनवाई के दौरान गवाह और साक्ष्यों के आधार पर दोनों दोषी पाए गए। न्यायालय ने नन्हे को 20 साल का कठोर कारावास और डेढ़ लाख अर्थदंड की सजा सुनाई। जुर्माना जमा नहीं करने पर छह महीने का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना पड़ेगा।

## ऑनलाइन प्रतियोगिता की विजेता बनीं रामनगर की ज्योति अग्रवाल

**रामनगर, एजेंसी।** संस्कार भारती इकाई जिला नैनीताल ने करवाचौथ पर 20 अक्तूबर को मेरा सौभाग्य सोलह श्रृंगार प्रतियोगिता ऑनलाइन आयोजित की थी। मंगलवार को प्रतियोगिता की परिणाम जारी किया गया। इसमें रामनगर की ज्योति अग्रवाल पहले, पल्लवी अग्रवाल दूसरे, कनिका वर्मा व लवीशा तीसरे, स्तुति अग्रवाल चौथे और भावना शर्मा व विमला जोशी पांचवें स्थान पर रहीं। बता दें कि प्रतियोगिता में जिला नैनीताल के विभिन्न क्षेत्रों से महिलाओं ने ऑनलाइन भाग लिया गया था। इसमें निर्णायक ज्योति भट्ट हरिद्वार, नीलिमा अग्रवाल काशीपुर व वंदना शर्मा हल्द्वानी थीं।

## ट्यूशन से लौट रही छात्रा पर मधुमक्खियों ने किया हमला, सिर में डंक मारने से बिगड़ी हालत

**चम्पावत, एजेंसी।** बैराज मार्ग पर मधुमक्खियों के हमलावर होने के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। दूसरे दिन भी एक छात्रा को ट्यूशन से लौटते समय डंक मार कर घायल कर दिया। हालत बिगड़ने पर उसे उप जिला अस्पताल में भर्ती किया गया।

टनकपुर के बैराज मार्ग पर मधुमक्खियों के हमलावर होने के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। दूसरे दिन भी एक छात्रा को ट्यूशन से लौटते समय डंक मार कर घायल कर दिया। हालत बिगड़ने पर उसे उप जिला अस्पताल में भर्ती किया गया।

दीपावली के कुछ दिन पहले से ही क्षेत्र में जगह-जगह मधुमक्खियों के हमलावर होने के मामले सामने आ रहे हैं। एसडीएम आकाश जोशी ने वन विभाग को उचित कदम उठाने के पूर्व में निर्देश दिए थे। विभाग की टीम ने कुछ स्थानों का जायजा लिया था। इधर, ताजा मामले में मंगलवार की सुबह ट्यूशन पढ़कर साइकिल से घर लौट समय ग्राम थपलियालखेड़ा निवासी कुमारी निशा (14) पुत्री प्रकाश सिंह को बैराज मार्ग पर हमलावर मधुमक्खियों ने डंक करा दिए। सिर में डंक मारने से छात्रा की हालत बिगड़ गई। उसे तत्काल उप जिला अस्पताल में लाया गया। जहां डॉ. मानवेंद्र शुक्ला ने प्राथमिक इलाज किया। छात्रा ने बताया कि वह नगर के विवेकानंद इंका में कक्षा 9 वीं की छात्रा है। रोज की भांति वह ट्यूशन पढ़कर साइकिल से अकेले घर लौट रही थी, कि अचानक मधुमक्खियों ने हमला कर दिया।

## सड़क के अभाव ने बनाया लाचार, रात भर दर्द से कराहता रहा बीमार

**बंगापानी (पिथौरागढ़), एजेंसी।** सीमांत जनपद में सड़कों की कमी ने दूरस्थ गांवों के लोगों को लाचार बना दिया है। हालात यह हैं कि बीमार और गर्भवतियों को समय पर अस्पताल पहुंचाना भी मुश्किल हो रहा है और उनकी जान आफत में फंस रही है। बंगापानी तहसील के मदरमा गांव के प्रधान के पिता को सड़क के अभाव में समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाया जा सका और वह पूरी रात दर्द से कराहते रहे। दूसरे दिन किसी तरह परिजनों और ग्रामीणों ने उन्हें बदहाल रास्तों के बीच डोली के सहारे चार किमी मुख्य सड़क तक पहुंचाया। तब जाकर परिजन बीमार को लेकर अस्पताल के लिए रवाना हुए।

मदरमा के प्रधान उमेश सिंह धामी के पिता लाल सिंह धामी (55) का सोमवार देर शाम स्वास्थ्य बिगड़ गया। तेज दर्द के साथ उसके पैर सुन्न हो गए। गांव तक सड़क न होने से परिजनों और ग्रामीणों के लिए बदहाल रास्तों पर खतरे के बीच उन्हें अस्पताल पहुंचाना मुमकिन नहीं था। ऐसे में सभी सुबह का इंतजार करते रहे और बीमार दर्द से कराहता रहा। सुबह हुई तो ग्रामीण उन्हें डोली पर रख अस्पताल के लिए रवाना हुए।

## फलसीमा आईटीआई में एक करोड़ से सुधरेंगी सड़कें

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** जिले के फलसीमा स्थित आईटीआई की आंतरिक सड़कों पर एक करोड़ की लागत से इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाई जाएंगी। इससे 500 से अधिक छात्र-छात्राओं को बदहाल हो चुकी सड़क से मुक्ति मिलेगी। दुर्घटनाओं को खतरा भी कम होगा।

अल्मोड़ा के फलसीमा में वर्ष 1963 में जिले का पहला आईटीआई अस्तित्व में आया। संस्थान की आंतरिक सड़कें बीते 40 वर्ष से बदहाल हैं। संस्थान की पहल पर शासन से सड़क सुधारीकरण के लिए एक करोड़ रुपये का बजट अवमुक्त किया। जल्द यहां करीब एक किमी लंबी तीन सड़कों पर इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछाई जाएंगी। वर्तमान में यहां अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ और नैनीताल जिले के 500 से अधिक युवा तकनीकी शिक्षा का ज्ञान ले रहे हैं लेकिन सड़क के कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त होने से गड्ढे बन गए हैं। बारिश में गड्ढों से पटी इस सड़क पर दूषित पानी जमा होने से कई बार छात्र-छात्राएं चोटिल हो चुके हैं। सड़क सुधरने से छात्र-छात्राओं और कर्मचारियों को राहत मिलनी की उम्मीद जगी है।

आईटीआई में प्रशिक्षण ले रहे छात्र-छात्राओं को पार्किंग की सुविधा भी मिलेगी। पार्किंग में करीब 50 दोपहिया वाहन पार्क करने की क्षमता होगी। टिन शेड के नीचे वाहनों की सुरक्षा होगी। उन्हें सड़क किनारे वाहन खड़े नहीं करने पडेंगे।

आईटी में वर्तमान में 17 ट्रेड संचालित हो रहे है। बेहतर तकनीकी शिक्षा के लिए समय- समय पर संस्थान में अपग्रेड मशीनें पहुंचती हैं। सड़क की बदहाली के कारण कर्मियों को इन भारी मशीनों को संस्थान तक पहुंचाना चुनौती बना हुआ है।

## पुलिस ने अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का किया पर्दाफाश, 12 मोटरसाइकिलों सहित दो शातिर आरोपी गिरफ्तार



**रूड़की, एजेंसी।** उत्तराखंड में रुड़की की गंगनहर कोतवाली पुलिस ने अन्तर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। इसी के साथ ही पुलिस ने एप्पल गैंग के दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान आरोपियों के पास से पुलिस ने चोरी की 12 मोटरसाइकिलें बरामद की है। बता दें कि पकड़े गए आरोपी हरिद्वार और सहारनपुर जिले में वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे और चोरी के वाहनों को बेचकर अपने महंगे शौक पूरे करते थे।

मिली जानकारी के अनुसार गंगनहर कोतवाली इलाके के नया पुल पर पुलिस वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी बीच चैकिंग के दौरान पुलिस ने बिना नंबर प्लेट मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्धों को रोका। इस दौरान पुलिस द्वारा पूछताछ में कोई संतुष्टि भरा जवाब न मिल पाने पर मोटर साइकिल के इंजन नम्बर एवं चेसिस नम्बर को चेक किया गया तो वाहन चोरी के होने की जानकारी मिली। पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की जिसके बाद आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की 11 और बाइक भी बरामद किए। पुलिस ने एप्पल गैंग के वाहन चोरों का पर्दाफाश करते हुए चोरी के 12 दोपहिया वाहन बरामद किए।

एसएसपी हरिद्वार प्रमेंद्र डोबाल ने बताया कि पुलिस ने साहिल उर्फ एप्पल पुत्र छोटा निवासी ग्राम इमली खेड़ा व जुबैर उर्फ लक्की पुत्र भूरा निवासी ग्राम बढेडी राजपूतान को गिरफ्तार कर लिया है। बताया गया कि दोनों चोर हरिद्वार व सहारनपुर से बाइक चोरी कर बेचते थे। आरोपियों के खिलाफ कोतवाली गंगनहर में मुकदमा दर्ज किया गया है और अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## कोहरे से ढकी धर्मनगरी हरिद्वार, धीमी रफ्तार के साथ चारों इंडिगेटर जलाकर सड़को पर चलते दिखे वाहन



**हरिद्वार, एजेंसी।** उत्तराखंड की धर्मनगरी हरिद्वार में आज यानी गुरुवार सबसे ठंडा दिन है। इसके चलते हर तरफ कोहरा ही कोहरा नजर आ रहा है। इसी के कारण आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। इस दौरान घने कोहरे और ठंड के बीच लोगो को आवाजाही करने में खासी दिक्कतों का सामना भी करना पड़ रहा है।

वहीं हाईवे पर भी घने कोहरे और ठंड की वजह से वाहन चलाने में काफी परेशानी हो रही हैं। इस दौरान हाइवे पर धीमी रफ्तार से गाड़ियां चलती नजर आ रही हैं। लोगो का मिंटो का सफर घंटो में तब्दील हो गया हैं। इसी के साथ ही सड़को पर गाड़ियां चलाने वाले चारो हेड लाइट और इंडिगेटर जलाकर गाड़िया चलाते नजर आए। सुबह की सैर करने वाले भी थोड़ी दूर जाकर घने कोहरे की वजह से गायब होते जा रहे हैं। बता दें कि आज हरिद्वार में कोहरा पड़ने पर लोगों ने अधिक ठंड महसूस की है। देर रात से ही हरिद्वार में कोहरे ने पैर पसारने शुरू कर दिए थे और आज सुबह घना कोहरा छाया हुआ मिला। वहीं, कोहरे की वजह से विजिबिलिटी कम हो गई है। जिससे वाहन लाइट जलाकर चलते दिखाई दिए।

# पहाड़ से पलायन की रोकथाम हेतु भराडीसैंण में सीएम धामी ने ली आयोग की बैठक



**चमोली, एजेंसी।** उत्तराखंड राज्य में पहाड़ों से हो रहे पलायन को रोकने के लिए मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बीते बुधवार को विधानसभा परिसर भराडीसैंण में पलायन निवारण आयोग की अहम बैठक हुई। जिसमें पलायन के प्रमुख कारणों पर चर्चा के साथ ही इसके निवारण हेतु बुनियादी जरूरतों को पूरा करने पर मंथन किया गया।

मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार पलायन की समस्या को लेकर गंभीर है और इसे रोकने के लिए कई योजनाओं पर कार्य कर रही है। राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार और आधारभूत ढांचे के विकास हेतु निरंतर कार्य कर रही है। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ किया जा रहा है। स्थानीय स्तर पर सामुदायिक विकास कार्यक्रमों के माध्यम से भी युवाओं स्वरोजगार से जोड़ने का काम किया जा रहा है। पिछले तीन वर्षों में स्वरोजगार के क्षेत्र में विशेष फोकस किया गया है। इसको और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में निरंतर काम किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025 तक उत्तराखंड को श्रेष्ठ राज्यों की श्रेणी में लाने के लक्ष्य पर सरकार काम कर रही है। पलायन निवारण आयोग द्वारा दिए जा रहे सुझावों को अमल में लाने के लिए संबंधित विभागों के माध्यम से ठोस कार्य योजना बनाई जा रही है। जनकल्याणकारी योजनाओं से ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभान्वित करने हेतु प्रक्रिया का सरलीकरण किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में पलायन को रोकने के लिए कई योजनाओं को लागू किया है। इसके तहत गांवों में बुनियादी सुविधाओं का विकास किया जा रहा है और रोजगार के नए अवसर पैदा किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा देश विदेश के प्रवासियों को भी इस मुहीम से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। पलायन निवारण के लिए प्रवासियों से भी अच्छे सुझाव मिले हैं, जिन्हें धरातल में उतारा जाएगा।

बता दें कि बैठक में सदस्यों ने पलायन निवारण के लिए विभागीय सहयोग से अल्पकालिक, मध्यकालिक और दीर्घकालिक योजनाओं पर कार्य करने की बात रखी। पहाड़ों से हो रहे पलायन के प्रमुख कारणों पर चर्चा के दौरान बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए पहाड़ों पर योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करने पर जोर दिया गया।

वहीं, इस बैठक में मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, पलायन आयोग के उपाध्यक्ष एसएस नेगी, पलायन निवारण आयोग के सदस्य सहित शासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## नशे में धुत नाबालिग ने टायर निकलने के बाद रिम से दौड़ाई कार

**खटीमा, एजेंसी।** नशे में धुत नाबालिग कार चालक ने सोमवार रात दूसरी कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि उसकी कार का अगला टायर फटकर निकल गया। चालक इतना नशे में था कि वह कार को रिम में ही दौड़ाता रहा। इस दौरान बाजार क्षेत्र में अफरातफरी मच गई। हादसे में चार लोग चोटिल हो गए। इसके बाद लोगों ने कार को घेर लिया। कार से निकले दोनों नाबालिगों का पुलिस एक्ट में चालान करने के बाद चेतावनी देकर छोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक, रात 11 बजे पीलीभीत रोड से मुख्य चौक होता एक चालक कार को रिम के साथ दौड़ा हुआ जा रहा था। रिम की रगड़ से सड़क पर चिंगारी निकल रही थी। चौराहे पर तैनात पुलिस कर्मियों ने कार को रोकने का प्रयास किया, लेकिन उसने कार नहीं रोकी। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने बाइक से ही कार का पीछा किया।

## संक्षिप्त खबरें

### मर्डर सहित कई मामलों में शामिल बदमाश को दबोचा

संवाददाता

रघुवीर नगर थाना की पुलिस टीम ने कई मामलों में शामिल एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। उसके एक नाबालिक साथी को भी हिरासत में लिया गया है। इनके पास से बटनदार चाकू, डायगर, चोरी की मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान आकाश उर्फ अक्कू के रूप में हुई है।

डीसीपी वेस्ट विचित्र वीर ने बताया कि कांस्टेबल प्रकाश को उनके बारे में एक इनफार्मेशन मिली थी। यह लोग अंध विद्यालय रघुवीर नगर इलाके के आसपास किसी वारदात को अंजाम देने के लिए घूम रहे हैं। पुलिस टीम ने जानकारी इकट्ठा की और फिर चौकी इंचार्ज सुदीप पूनिया की देखरेख में टीम ने ट्रैप लगाकर इनको पकड़ा। पूछताछ में उनकी पहचान की गई, तलाशी में चाकू, डायगर बरामद किया गया। जिस मोटरसाइकिल से ये घूम रहे थे, वह उत्तम नगर इलाके से चोरी की निकली। पता चला कि आकाश मर्डर सहित अलग-अलग मामलों में शामिल है और नाबालिक भी मर्डर के एक मामले में संलिप्त रहा है।

### टिल्लू ताजपुरिया गैंग के शूटर को एनकाउंटर में दबोचा

- गोगी गैंग के अमित लाकड़ा की हत्या का है इसपर आरोप
- मुंडका इलाके में गोली मारकर की गई थी हत्या

संवाददाता

राजधानी दिल्ली में गैंगस्टरों द्वारा व्यापारियों/बड़े दुकानदारों को टारगेट करके उनके शॉप पर, बिजनेस सेंटर पर कई राउंड फायरिंग करके करोड़ों की रंगदारी मांगने के मामले के बाद दिल्ली पुलिस ताबड़तोड़ एक्शन में जुटी हुई है। दो दिन में लगातार दो एनकाउंटर करके दिल्ली पुलिस ने अलग अलग गैंग के दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। बीती रात रोहिणी इलाके में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम ने मुठभेड़ के दौरान टिल्लू ताजपुरिया गैंग के एक शातिर बदमाश निहाल को गिरफ्तार किया है।

इस पर गोगी गैंग के अमित लाकड़ा की मुंडका में हुई हत्या का आरोप है। गिरफ्तार बदमाश के पैर में गोली लगी, उसे नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बारे में स्पेशल सेल के वेस्टर्न रेंज की टीम को इंफॉर्मेशन मिली थी। उसके बाद इंस्पेक्टर संदीप डबास की देखरेख में एसआई अरुण दहिया, संदीप दहिया, धर्मेंद्र, एएसआई कर्मवीर, हेड कांस्टेबल नवीन, अभिमन्यु, प्रवेश, नवीन शर्मा, हरीश चिल्लर और कांस्टेबल राहुल की टीम ने मुठभेड़ में गिरफ्तार किया।

इससे पहले बुधवार सुबह स्पेशल सेल की टीम ने शाहबाद डेयरी इलाके में एक गैंग के एक बदमाश मोगली को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था। उससे पहले मंगलवार देर रात दिल्ली पुलिस की अलग-अलग यूनिट की टीम ने रात भर छापेमारी करके कई बदमाशों को हिरासत में लिया था। यह कार्रवाई देश और विदेश में बैठे गैंगस्टरों के सहयोगियों और उनके ठिकानों पर दिल्ली पुलिस के द्वारा की गई थी। गौरतलब है, की टिल्लू ताजपुरिया की हत्या 2023 में तिहाड़ जेल के अंदर कर दी गई थी। वह दिल्ली के अलीपुर गांव का रहने वाला था। उसपर चाकू से 40 बार वार करके हत्या की गई थी। उसपर जितेंद्र उर्फ गोगी की हत्या का आरोप था। उसी का बदला लेने के लिए टिल्लू की हत्या मई महीने में की गई थी।

# दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण के लिए गंभीर आप सरकार

## गोपाल राय ने विशेषज्ञों के साथ बैठक कर ग्रेप-2 के दिशा- निदेर्शों का सख्ती से पालन के दिए निर्देश

- दिल्ली के प्रदूषण स्तर में 30 प्रतिशत दिल्ली के अंदर के स्रोतों का प्रदूषण है जबकि 70 प्रतिशत एनसीआर के राज्यों के स्रोतों की भागीदारी- गोपाल राय




नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली में बढ़ते वायु प्रदूषण को कम करने को लेकर आम आदमी पार्टी की सरकार बेहद गंभीर है। इस संबंध में दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि सर्दियों के मौसम में दिल्ली में पहली बार प्रदूषण का स्तर 400 के पार चला गया है, 14 अक्टूबर के बाद से दिल्ली में प्रदूषण का स्तर (एक्यूआई.) पूअर और वेरी पूअर की कैटेगरी में बना हुआ था अचानक दो दिनों में प्रदूषण का स्तर वेरी पूअर से सिवियर कैटेगरी में चला गया है। इसी को देखते हुए आज ग्रीन वॉर रूम में पर्यावरण वैज्ञानिको के साथ बैठक की। बैठक के बाद गोपाल राय ने सभी सम्बंधित विभागों को ग्रेप-2 से संबंधित दिशा-निर्देश का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने आगे कहा कि वैज्ञानिको ने पिछले दो दिनों की जो रिपोर्ट रखी है उसके अनुसार पिछले दो दिनों में प्रदूषण के स्तर में बढ़ोत्तरी का मुख्य दो कारण हैं। पहला पहाड़ों पर बर्फबारी होने के कारण दिल्ली के तापमान में गिरावट दर्ज की गई है और जिसकी वजह से पूरे उत्तर भारत में सुबह और शाम को धुंध की स्थिति बनी हुई है। दूसरा हवा की जो गति है उसमें कमी आई है। इन दो वजहों से प्रदूषण के स्तर में तेजी से बढ़ोत्तरी हुई है। गोपाल राय ने कहा कि हवा की जो गति है उसमें सुधार होने का अनुमान है जिस से प्रदूषण के स्तर में कमी होने का अनुमान है। कल सी.ए.क्यू.एम. ने मीटिंग की थी और उसमें उन्होंने निर्णय लिया की अभी दिल्ली में ग्रेप-3 नहीं लागू किया जाएगा। अभी दिल्ली में ग्रेप-2 लागू है और उसके तहत जो-2 प्रतिबंद्ध लागू है उसको सख्ती से लागू की जाएगी और आज इस सन्दर्भ में सभी विभागों को पुनः निर्देश दिया गया हैं। ग्रेप-2 से संबंधित जो भी निर्णय और निर्देश जारी किए गए थे चाहें वह एंटी डस्ट के लिए हो, चाहे इंडस्ट्रीयल प्रदूषण के संबंध में हो चाहे वाहन प्रदूषण के संबंध में हो, उसका सख्ती से पालन करवाया जाए। गोपाल राय ने कहा कि सरकार सभी परिस्थितियों पर अपनी पैनी नजर बनाए हुए है। हमारी कोशिश है कि ग्रेप-2 के जो प्रतिबंध है उनको कड़ाई से पालन करवाकर दिल्ली के प्रदूषण को रोकने में सफल हों ,जिससे कि दिल्ली में ग्रेप-3 लागू करने की नौबत ही न आए। यदि आने वाले दिनों में मौसम की प्रतिकूलता के कारण जो प्रदूषण में बढ़ोत्तरी होती है और दिल्ली का प्रदूषण सिवियर कैटेगरी में जाता है तो हमारी सरकार दिल्ली के लोगों की सांसों की रक्षा के लिए कड़े कदम उठाने के लिए तैयार है।

गोपाल राय ने कहा कि दो तीन तथ्यों को दिल्ली की जनता और देश की जनता के सामने रखना चाहता हूँ। सीएसई ने 12 अक्टूबर से 3 नवम्बर के बीच आईआईटीएम के डाटा का एनालसिस जारी किया है। इस एनालिसिस से यह पता चलता है कि वास्तव में दिल्ली में जो प्रदूषण है उसमें इस रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली का योगदान 30.34 प्रतिशत, एनसीआर के जिलों का 34.97 प्रतिशत तथा एनसीआर से सटे जिलों का 27.94 प्रतिशत का योगदान है। दिल्ली सरकार दिल्ली में प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए समर एक्शन प्लान और विंटर एक्शन प्लान बनाकर कर पुरजोर प्रयास कर रही है लेकिन अगर दिल्ली में प्रदूषण को नियंत्रित करना है तो केन्द्र सरकार को एनसीआर के राज्यों तथा एनसीआर से सटे राज्यों के साथ मिलकर एक संयुक्त एक्शन प्लान बनाना होगा और उसको कड़ाई के साथ लागू करना होगा और सबको अपने हिस्से के प्रदूषण को नियंत्रित करना पड़ेगा।

गोपाल राय ने बताया कि जब 2022 में पंजाब में 14अक्टूबर से 13 नवम्बर के बीच पराली जलाने की 45172 घटना हुई थी। हमारी पंजाब की सरकार ने इस पर काम करना शुरू किया तो 2023 में 14 अक्टूबर से 13 नवम्बर के बीच पराली जलाने की घटना 26127 पर आ गई और 2024 में 14अक्टूबर से 13 नवम्बर के बीच पराली जलाने की केवल 7492 घटनाएं हुई है। अगर हम प्रतिशित में इस कमी को देखे तो यह 80 प्रतिशत होता है। यानी की हमारी सरकार के प्रयासों से यह पराली जलाने की घटना में पिछले 3 साल में 80 प्रतिशत की कमी आई है। यह डेटा केन्द्र सरकार का डेटा है। इसी डेटा के आधार पर हम देखें तो दिल्ली के सटे राज्य उ.प्र. में 2022 में पराली जलाने की 1271 घटना हुई थी जो बढ़कर 2024 में 2167 हो गई ।उन्होंने कहा कि दिल्ली के लोग जो हर साल प्रदूषण की मार को झेल रहे हैं उसके लिए केवल दिल्ली के लोग जिम्मेदार नहीं है। एनसीआर के राज्यों और उससे सटे राज्यों की भी उतनी ही जिम्मेदारी है। अतः यदि दिल्ली में प्रदूषण के स्तर को कम करना है तो चारो सरकारों उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान तथा केन्द्र सरकार को मिल कर कार्य करना होगा,तभी हम प्रदूषण को कंट्रोल कर सकते हैं।

# 6 दशक पुरानी मोती नगर मार्केट में अब भी पार्किंग और शौचालय की नहीं

## कभी पीतमपुरा, पश्चिम विहार से आते थे खरीददारी करने

- कभी पीतमपुरा, पश्चिम विहार से आते थे खरीददारी करने
- चौथी पीढ़ी संभाल रही हैं यहां की दुकान, लेकिन मन दुखी




संवाददाता

पश्चिमी दिल्ली का मोती नगर मार्केट लगभग 60 साल पुरानी है। आजादी के बाद जब भारत पाक का बंटवारा हुआ था, लोग को यहां पर बसाया गया। पीछे गुजर बसर करने के लिए लोगों को जगह मिली और आगे छोटे-छोटे दुकान खोलकर काम शुरू किया। अब इस मोती नगर में 6 मार्केट हो गई है, जिसमें लगभग 700 दुकान हैं। यहां कहा जाता है, की सुई से लेकर लग्जरी गाड़ियां तक मोती नगर में मिलती है। लेकिन मोती नगर मार्केट में 60 सालों के बाद भी दुकानदार उस तेजी से प्रोग्रेस नहीं कर पा रहे हैं, जिस तेजी से पश्चिमी दिल्ली की दूसरी मार्केट राजौरी गार्डन और तिलक नगर डेवलप किया है। यह कहना है यहां के दुकानदारों का। काम बढ़ने की वजह उल्टा मार्केट में कम हो गया है मोती नगर सत्यनारायण मार्केट के प्रेसिडेंट परमानंद छाबड़ा का कहना है, कभी यहां पीतमपुरा, पश्चिम विहार, ज्वाला हेड़ी तक से लोग खरीदारी करने के लिए आते थे। लेकिन धीरे-धीरे कस्टमर का आना वहां से कम हो गया। काम बढ़ने की वजह उल्टा काम कम हो गया। जिसका सबसे बड़ा कारण मार्केट में पार्किंग का इंतजाम नहीं होना और महिलाओं के लिए टॉयलेट नहीं होना। करोड़ों का टैक्स सरकार को देने के बावजूद इस मार्केट के डेवलपमेंट पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ना ही डिपार्टमेंट का ध्यान इस पर है और ना ही सरकार का ही। पहले दादा जी दुकान चलाते थे, अब पोता चला रहा है मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन के महासचिव अतुल दुआ का कहना है, कि इस मार्केट में दुकानदारी करने वाले लोगों की कई पीढ़ी चल रही है। पहले दादाजी ने यहां काम की शुरूआत की थी, फिर उनके बेटे पोते अब उनका बेटा दुकान चला रहा है। सालों से यहां की समस्या को लेकर डिपार्टमेंट के पीछे पड़ रहे हैं, लेकिन कोई ध्यान नहीं देता है। जिसकी वजह से मार्केट में तरक्की की बजाय मार्केट पीछे ही जा रहा है। पार्किंग नहीं होने के कारण कस्टमर आने से कतराते हैं मार्केट में कपड़े का दुकान चलाने वाले दुकानदार ने कहा कि पार्किंग अंदर नहीं होने के कारण कस्टमर आने से कतराते हैं। बाहर गाड़ी खड़ी करते हैं, तो चालान हो जाता है या ट्रैफिक वाले उठाकर ले जाते हैं। इसलिए कस्टमर आसपास के दूसरे मार्केट में जाने लगे हैं। इतना ही नहीं कम से कम महिलाओं के लिए लेडिस टॉयलेट का इंतजाम किया जाना चाहिए। जिससे उन्हें परेशानियों का सामना करना ना पड़े, क्योंकि इस मार्केट में कपड़े की काफी सारी दुकानें हैं। जहां महिला खरीदारी करने ज्यादा आती हैं। बावजूद इसके ना तो जनप्रतिनिधि ध्यान दे रहे हैं और ना ही डिपार्टमेंट ही। मार्केट में आने के लिए कई कट थे, जिन्हें बंद किया यहां के दुकानदारों ने यह भी बताया की मार्केट में आने के लिए कई कट थे, जिन्हें एक एक करके बंद किया जाता रहा और लोग उस कट के बंद होने के कारण अपना रास्ता मोटो नगर की बजाय दूसरे मार्केट की तरफ करने लग गए। मेट्रो स्टेशन के साथ मार्केट होने के बावजूद वो ग्रोथ इस मार्केट को नहीं मिला है, जितना मिलना चाहिए। इसका सबसे बड़ा कारण पार्किंग ही बताया जा रहा है।

# दिल्ली में 24 घंटे के अंदर 874 जगह पर पुलिस की रेड

## 356 हुए गिरफ्तार, 1224 लिए गए हिरासत में

संवाददाता

राजधानी दिल्ली में सक्रिय बदमाशों, ड्रग तस्करों, शराब सप्लायरों और पब्लिक प्लेस पर न्यूसेंस फैलाने वाले के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने 24 घंटे के लिए ह्लऑपरेशन कवचह्व अभियान के तहत 874 जगह पर छापेमारी की। जिसमें 1224 लोगों के खिलाफ प्रीवेंटिव कार्रवाई करते हुए उन्हें डिटेन किया गया। इतना ही नहीं 140 लोगों को एनडीपीएस के मामले में गिरफ्तार किया गया। इनसे लाखों रुपए की हेरोइन, गांजा, कोकीन, एमडीएमए ड्रग्स भी बरामद किया गया। साथ ही पुलिस ने कैश, गोल्ड चेन, बाइक, स्कूटी टेंपो इत्यादि भी जप्त किया है।

एडिशनल सीपी क्राइम संजय भाटिया ने बताया कि एक्साइज एक्ट के 203 मामलों में 202 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से 29 हजार से ज्यादा शराब के क्वार्टर, बियर की केन और बोतल के अलावा लगभग 200 लीटर शराब भी बरामद किया गया है। पुलिस ने 14 बदमाशों को आर्म्स एक्ट के मामले में पकड़ा है, इनसे आधा दर्जन पिस्टल और कारतूस के अलावा बटनदार चाकू बरामद किया। साथ ही पुलिस टीम ने 15 मोटरसाइकिल भी बरामद की है।

# केजरीवाल ने परिवार के साथ तिरुपति बालाजी मंदिर का दर्शन कर देश की सुख- समृद्धि और विकास की कामना की

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार सुबह परिवार के साथ आंध्र प्रदेश स्थित भगवान तिरुपति बालाजी मंदिर के दर्शन किए। वह अपनी धर्म पत्नी सुनीता केजरीवाल के साथ बुधवार को ही तिरुपति बालाजी के दर्शन करने के लिए दिल्ली से आंध्रप्रदेश के लिए रवाना हो गए थे। गुरुवार सुबह वह अपनी धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल के साथ मंदिर पहुंचे और विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की।इस दौरान उन्होंने देश की सुख- समृद्धि और विकास की कामना की। उन्होंने कहा कि मैं और मेरी धर्मपत्नी भगवान तिरुपति बालाजी के दर्शन करने आए थे। हमने सबके सुख और स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की। भगवान सबकी मनोकामनाएं पूरी करें। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल बुधवार को परिवार के साथ दिल्ली से आंध्र प्रदेश पहुंचे थे, जहां आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों और समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। गुरुवार की सुबह उन्होंने धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल के साथ तिरुपति बालाजी मंदिर में विधिवत पूजा की। मंदिर में दर्शन करने के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि मैं और मेरी पत्नी भगवान तिरुपति बालाजी के दर्शन करने आए थे और हमने सबकी भलाई, सुख-स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना की। देश और दिल्ली की तरक्की हो और भगवान सबकी मनोकामनाएं पूरी करें, इसके लिए प्रार्थना की। मेरी यही प्रार्थना है कि हमारे देश के बच्चे खूब पढ़ें और आगे बढ़ें।

इससे पहले बुधवार को अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा कि अपनी शादी की सालगिरह के अवसर पर आज अपनी पत्नी सुनीता के साथ तिरुपति बालाजी मंदिर दर्शन करने जा रहा हूँ।

# अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में बिहार संग्रहालय बना आकर्षण का केन्द्र

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

43वें अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला के आगाज के साथ साझीदार राज्य बिहार के पवेलियन का गुरुवार को उद्घाटन किया गया। इस पवेलियन में लोग बिहार संग्रहालय का अवलोकन कर सकेंगे। 14 से 27 नवम्बर तक चलने वाले अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में आज बिहार सरकार के हथकरघा एवं रेशम उत्पादन विभाग के निदेशक निखिल धनराज निप्पाणिकर ने दीप प्रज्वलित कर पवेलियन का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बिहार संग्रहालय के निदेशक अशोक कुमार सिन्हा सहित उद्योग मित्र, बिहार खादी एवं उद्योग विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद थे।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क. वि., डी. आर. एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं:–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | दिल्ली डिवीजन में संपर्क तार का प्रतिस्थापन। |
| 2 | अनुमानित लागत | रु. 11,40,24,093.36 |
| 3 | बयाना राशि | रु. 7,20,100/- |
| 4 | प्री–बिड कॉन्फ्रेंस की तारीख और समय | 21.11.2024 (11:30 बजे) |
| 5 | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 26.11 2024 (10:30 बजे) से 10.12.2024 (15:00 बजे तक) |
| 6 | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 10.12.2024 (15:00 बजे) |
| 7 | निविदा छपाई की लागत | RRSK & DF-3 (PH-36) |
| 8 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्याः 30B–क.वि.–नई दिल्ली–2024–25, दिनांकः 14.11.2024 3541/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**भारतीय रेल**

भारत सरकार

रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड)

रेल भवन, नई दिल्ली – 110001

No. 2024/ Track-III/ MC/2 New Delhi, dt.13.11.2024

ई–टेंडर नं. TM-2401 रेल निरीक्षण वाहन (RIV) की खरीद और इसके संचालन और रखरखाव के लिए

1. भारत के राष्ट्रपति की ओर से "रेल निरीक्षण वाहन (RIV) की खरीद और इसके संचालन और रखरखाव" के लिए इलेक्ट्रॉनिक बोलियाँ आमंत्रित की जाती हैं।
2. इच्छुक निविदाकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे विवरण निविदा दस्तावेज़ डाउनलोड करने और अपनी इलेक्ट्रॉनिक बिड जमा करने के लिए वेबसाइट http://ireps.gov.in पर जाए।

(राजीव कुमार तंवर)

कार्यकारी निदेशक रेलपथ (आधुनिकीकरण)

रेलवे बोर्ड

दूरभाष 011–47845530

ईमेलः rajiv.tanwar@gov.in

3526/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# दिल्ली में 24 घंटे के अंदर 874 जगह पर पुलिस की रेड

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



राजधानी दिल्ली में सक्रिय बदमाशों, ड्रग तस्करों, शराब सप्लायरों और पब्लिक प्लेस पर न्यूसेंस फैलाने वाले के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने 24 घंटे के लिए ह्लऑपरेशन कवचह्व अभियान के तहत 874 जगह पर छापेमारी की। जिसमें 1224 लोगों के खिलाफ प्रीवेंटिव कार्रवाई करते हुए उन्हें डिटेन किया गया। इतना ही नहीं 140 लोगों को एनडीपीएस के मामले में गिरफ्तार किया गया। इनसे लाखों रुपए की हेरोइन, गांजा, कोकीन, एमडीएमए ड्रग्स भी बरामद किया गया। साथ ही पुलिस ने कैश, गोल्ड चेन, बाइक, स्कूटी टेंपो इत्यादि भी जप्त किया है।

एडिशनल सीपी क्राइम संजय भाटिया ने बताया कि एक्साइज एक्ट के 203 मामलों में 202 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनके कब्जे से 29 हजार से ज्यादा शराब के क्वार्टर, बियर की केन और बोतल के अलावा लगभग 200 लीटर शराब भी बरामद किया गया है। पुलिस ने 14 बदमाशों को आर्म्स एक्ट के मामले में पकड़ा है, इनसे आधा दर्जन पिस्टल और कारतूस के अलावा बटनदार चाकू बरामद किया। साथ ही पुलिस टीम ने 15 मोटरसाइकिल भी बरामद की है। यह कार्रवाई दिल्ली के 15 जिलों में स्पेशल सेल, क्राइम ब्रांच और जिला पुलिस के द्वारा की गई थी। जो 12 नवंबर की शाम 5 बजे से शुरू होकर 13 नवंबर शाम 5 बजे तक चली है। इसका उद्देश्य क्रिमिनलों में पुलिस का डर पैदा करना उनके खिलाफ कार्रवाई करके इलाके में शांति कायम रखना प्रमुख है।

# भारत-अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला के डिजिटल इंडिया पवेलियन में इसलिए स्वागत है

नई दिल्ली, 14 नवंबर (वेब वार्ता)। भारत-अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला-2024 आज राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के भारत मंडपम में शुरू हो गया। भारत मंडपम कॉम्प्लेक्स प्रगति मैदान परिसर में है। इस मेले का खास आकर्षण हॉल नंबर तीन में सजा डिजिटल इंडिया पवेलियन भी है। यहां पहुंचने वाले आगंतुक डिजिटल पब्लिक इंफ्रॉस्ट्रक्चर (डीपीआई) के उपयोग की जानकारी हासिल कर सकते हैं।

इस बार के 43वें मेले की थीम विकसित भारत @2047 है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के इस पवेलियन की कई खासियत हैं। हॉल नंबर तीन में प्रवेश करते ही संपूर्ण समाज को प्रभावित करने वाले लोकप्रिय नवाचार डिजिलॉकर, एंटिटी लॉकर, एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई), उमंग, ओएनडीसी और भाषिणी से सामना होता है। राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस डिवीजन ने पैवेलियन को सजाने में गजब की मेहनत की है। यहां की एक और खास बात यह है कि कोई भी डिजिटल इंडिया का व्यावहारिक अनुभव प्रदान कर सकता है। यहां पहुंचने वालों को छोटी से छोटी और बड़ी से बड़ी जानकारी को आसान शब्दों में समझाने की व्यवस्था की गई है। देश में डिजिटल लेनदेन में क्रांतिकारी बदलाव करने वाले भीम ऐप पर केंद्रित प्रदर्शनी को रोचक तरीके से प्रस्तुत किया गया है। भीम ऐप का यूपीआई सर्कल फीचर इस प्रदर्शनी के केंद्र में है। यह पवेलियन में पहुंचने वाले आगंतुकों को इसकी नवीनतम कार्यक्षमता का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करता है। इसके लिए इंटरैक्टिव डेमो से इसके उपयोग के बारे में समझा जा सकता है। इस प्रदर्शनी के अवलोकन से आगंतुक डिजिटल सशक्तीकरण और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में यूपीआई की भूमिका का अहसास कर सकते हैं।

# भूटानी इंफ्रा ने लॉजिक्स सिटी सेंटर 32 का अधिग्रहण किया

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




नोएडा 13 नवंबर, 2024। उच्च मूल्य वाली रियल एस्टेट में अग्रणी भूटानी इंफ्रा ने नोएडा में ऐतिहासिक लॉजिक्स सिटी सेंटर का अधिग्रहण किया है और अब यह भूटानी सिटी सेंटर 32 है। यह रणनीतिक अधिग्रहण भूटानी इंफ्रा के विकास पथ को मजबूत करता है, इसके पदचिह्न को मजबूत करता है। उच्च क्षमता वाले बाजारों में और शहरी परिदृश्यों को फिर से आकार देने में प्रीमियम, मिश्रित-उपयोग विकास। नोएडा के केंद्र में स्थित, भूटानी सिटी सेंटर 32 पहले से ही खरीदारी, भोजन, मनोरंजन और व्यवसाय के लिए एक प्रमुख केंद्र है, जो निवासियों और आगंतुकों के लिए समान रूप से एक आकर्षण का स्थान है। यह अधिग्रहण भूटानी इंफ्रा के विस्तारित पोर्टफोलियो में एक महत्वपूर्ण वृद्धि है, जो एक ही गंतव्य के भीतर प्रमुख खुदरा, अवकाश और मनोरंजन स्थानों को एक साथ लाता है। भूटानी इंफ्रा ने मॉल को भारत में सर्वश्रेष्ठ में से एक में अपग्रेड करने की योजना बनाई है और क्रेम दा ला क्रेम के तत्काल आसपास के क्षेत्र में रहने वाले एचएनआई की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए आलीशान 5 सितारा होटल के साथ-साथ मॉल में लक्जरी ब्रांडों के लिए एक मंच प्रदान किया है नोएडा के मॉल के 2 किमी के दायरे में।

भूटानी सिटी सेंटर 32 निवेशकों को तत्काल रिटर्न देने के लिए डिजाइन किए गए पूर्व-पट्टे वाले स्थान और विविध, उच्च मूल्य वाले वाणिज्यिक और आवासीय विकल्प प्रदान करता है। यह परिवर्तनकारी परियोजना स्थापित संपत्तियों को पुनर्जीवित करने, रियल एस्टेट में एक विश्वसनीय प्रर्वतक के रूप में अपनी प्रतिष्ठा को मजबूत करने में भूटानी इंफ्रा की विशेषज्ञता को प्रदर्शित करती है।

अपने पूर्ववर्ती सर्वोत्तम सुविधाओं को आगे बढ़ाते हुए, भूटानी सिटी सेंटर 32 अपने व्यापक खुदरा और मनोरंजन स्थलों में प्रमुख ब्रांडों का एक परिष्कृत मिश्रण प्रदान करता है। यह केंद्र शॉपर्स स्टॉप, पैंटालून, हल्दीराम, सिनाबॉन, फॉरेस्ट एसेंशियल्स, नायका और सैमसंग जैसे प्रसिद्ध नामों को एक साथ लाता है। फैशन के शौकीनों के लिए, इसमें डब्ल्यू, सोच, बाटा, एडिडास, प्यूमा, मिनिसो और बीआईबीए जैसे ब्रांड के साथ-साथ क्रॉसवर्ड और स्केचर्स जैसे लाइफस्टाइल आइकन भी शामिल हैं। मनोरंजन विकल्पों में एक पीवीआर मल्टीप्लेक्स शामिल है, जो फैबइंडिया, हैमलीज, न्यूयू और लुक्स जैसे प्रमुख ब्रांडों से पूरित है। फूड कोर्ट केएफसी, डोमिनोज, बिरयानी ब्लूज और बर्गर किंग सहित कई प्रकार के भोजन विकल्प प्रदान करता है। वैश्विक ब्रांडों, अद्वितीय भोजन अनुभवों और मनोरंजन के अपने असाधारण मिश्रण के साथ, भूटानी सिटी सेंटर 32 को ग्राहकों के विविध समूह की जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है, जो खुद को नोएडा में एक प्रमुख गंतव्य स्थलो के रूप में स्थापित करता है।

भूटानी सिटी सेंटर 32 हमारी आक्रामक विकास रणनीति और शहरी विकास को नया आकार देने की प्रतिबद्धता का एक नियोजित प्रतिबिंब है ।ह्व श्री आशीष भूटानी, सीईओ, भूटानी इंफ्रा। ने कहा ह्लहम सिर्फ अपने पोर्टफोलियो का विस्तार नहीं कर रहे हैं -बल्कि हम हर अधिग्रहण को एक उच्च प्रदर्शन वाली संपत्ति में बदल रहे हैं जो एकीकृत कार्य, मनोरंजन और जीवन शैली के स्थानों के लिए आज के उपभोक्ताओं की बढ़ती मांगों को पूरा करती है। पिछले वर्ष के दौरान नोएडा में प्रीमियम, मिश्रित उपयोग वाले विकास की मांग में 35% की वृद्धि के साथ, भूटानी सिटी सेंटर 32 इस विकास का नेतृत्व करने और क्षेत्र में शहरी जीवन और निवेश के भविष्य को फिर से परिभाषित करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। नोएडा के हलचल भरे सेक्टर 32 में स्थित, भूटानी सिटी सेंटर 32 को महानगरों और राजमार्गों और प्रमुख शहरी केंद्रों के माध्यम से निर्बाध पहुंच प्राप्त है, जो इसे व्यवसायों, खुदरा विक्रेताओं और निवासियों के लिए एक चुंबक के रूप में स्थापित करता है। यह अधिग्रहण एकीकृत, मिश्रित उपयोग वाले विकास की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए भूटानी इंफ्रा के मिशन के अनुरूप है - जो आधुनिक जीवनशैली समाधान चाहने वाले निवेशकों और शहरी उपभोक्ताओं दोनों के लिए आर्कषक है।


**CATVISION LIMITED**

CIN: L92111DL1985PLC021374

Regd. Office : H-17/202, Second Floor, Main Vikas Marg, Laxmi Nagar, Delhi-110092

Tel.:+91(120) 4229116, Website: www.catvisionindia.com Email: catvision@catvisionindia.com

Extract of Un-audited Standalone and Consolidated Financial Results for the Quarter and Half Year ended 30th September, 2024

(Rs. in lakhs)

| S. No. | Particulars | Standalone | | | | Consolidated | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter ended 30.09.2024 (Un-audited) | Quarter ended 30.06.2024 (Un-audited) | Quarter ended 30.09.2023 (Un-audited) | Year ended 31.03.2024 (Audited) | Quarter ended 30.09.2024 (Un-audited) | Quarter ended 30.06.2024 (Un-audited) | Quarter ended 30.09.2023 (Un-audited) | Year ended 31.03.2024 (Audited) |
| 1 | Total Income from operations | 565.39 | 480.46 | 478.53 | 2009.20 | 565.39 | 480.46 | 478.53 | 2,009.20 |
| 2 | Net Profit for the period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 2.71 | 11.23 | (5.85) | (35.56) | 2.71 | 11.23 | (5.85) | (35.56) |
| 3 | Net Profit for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 2.71 | 11.23 | (5.85) | 613.43 | 3.69 | 12.42 | (12.37) | 603.45 |
| 4 | Net Profit for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 2.71 | 11.23 | (5.85) | 609.86 | 3.69 | 12.42 | (12.37) | 599.89 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period [Comprising Profit for the period (after tax) and other Comprehensive Income (after tax)] | 2.71 | 11.23 | (5.85) | 609.37 | 3.69 | 12.42 | (12.37) | 599.40 |
| 6 | Paid up Equity Share Capital (Face Value of Rs. 10/- each) | 545.36 | 545.36 | 545.36 | 545.36 | 545.36 | 545.36 | 545.36 | 545.36 |
| 7 | Earnings Per Share (Face Value of Rs. 10/- each) Basic: (in Rs.) Diluted: (in Rs.) | 0.05 0.05 | 0.21 0.21 | (0.11) (0.11) | 11.17 11.17 | 0.07 0.07 | 0.23 0.23 | (0.23) (0.23) | 10.99 10.99 |

Note:
1) The above is an extracts of Un-audited Standalone & Consolidated Financial Results which were reviewed by the Audit Committee and thearefter approved by the Board of Directors at their respective meetings held on 14th November, 2024.
2) The above results are prepared in accordance with the Indian Accounting Standards as prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 read with the relevant rules issued thereunder, as amended.
3) The above is an extract of the detailed format of the Un-audited Standalone & Consolidated Financial Results for the quarter and half year ended 30th September, 2024, filed with Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the above financial results are available on the website of the Stock Exchange www.bseindia.com and on the Company's website www.catvisionindia.com.

For and on behalf of the Board of Directors
Sd/-
Syed Athar Abbas
Managing Director
DIN: 00770259

Place: Noida, U.P
Date: 14.11.2024

# आप सरकार ने सुंदर नगरी, उत्तर-पूर्वी दिल्ली की घनी आबादी के बीच तैयार करवाया वर्ल्ड क्लास : आतिशी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली में हर बच्चे को शानदार शिक्षा देने के क्रम में आप सरकार ने उत्तरी-पूर्वी दिल्ली के सुंदर नगरी में एक नया वर्ल्ड क्लास स्कूल तैयार करवाया है। गुरुवार को बाल दिवस के मौके पर सीएम आतिशी ने उद्घाटन कर इस स्कूल को बच्चों को समर्पित किया।

इस मौके पर सीएम आतिशी ने कहा कि, सुंदर नगरी और नंद नगरी का इलाका दिल्ली की सबसे घनी आबादी वाले इलाके है। इस घनी आबादी वाले इलाके में पैर रखने तक की जगह नहीं है, लेकिन ऐसी जगह पर इतने शानदार वर्ल्ड क्लास स्कूल को देखकर विश्वास नहीं होता कि ये सुंदर नगरी-नंद नगरी इलाके के बीचो-बीच है। उन्होंने कहा कि, इस स्कूल का उद्घाटन करते हुए मुझे बहुत खुशी है क्योंकि 2015 में जब हमारी सरकार बनी और हम इस इलाके के स्कूलों में निरीक्षण के लिए जाते थे तो यहाँ हर क्लासरूम में 100-150 बच्चे बैठा करते थे। फर्श पर, टाट पट्टी पर बैठा करते थे। और जब एक क्लास में 150 बच्चे होंगे तब भगवान भी आ जाए तो बच्चों को अच्छी पढ़ाई नहीं मिल सकती है।7000 बच्चों के लिए वर्ल्ड




क्लास एजुकेशन का हब बनेगा स्कूल; स्टूडेंट के लिए साइंस, कॉमर्स, आर्ट्स तीनों स्ट्रीम मौजूद होगी

सीएम आतिशी ने कहा कि, ह्लआज दिल्ली सरकार की बदौलत सुंदर नगरी एफ-1, एफ-2 ब्लॉक में इतने शानदार स्कूल का उद्घाटन हो रहा है और मैं दावे के साथ कह सकती हूँ कि, इस इलाके के बड़े से बड़े प्राइवेट स्कूलों में इतनी शानदार बिल्डिंग, इतनी सारी सुविधाएं नहीं होगी।

उन्होंने साझा किया कि, ये सर्वोदय स्कूल 2 शिफ्ट में चलेगा। इस स्कूल बिल्डिंग में 131 कमरें है, 7 लैब्स है, लाइब्रेरी है, 2 बड़े एमपी हाल है, कॉन्फ्रेंस रूम है। और इन सभी सुविधाओं की वजह से इस स्कूल में आर्ट्स, कॉमर्स और साइंस तीनों स्ट्रीम की पढ़ाई होगी।

इस भव्य स्कूल बिल्डिंग में 7000 से ज्यादा बच्चे पढ़ेंगे और इसका सबसे ज्यादा फायदा सुंदर नगरी और नंद नगरी में रहने वाले बच्चों को होगा। यहाँ पेरेंट्स को अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए दूर नहीं भेजना होगा। और कुछ सप्ताह में आसपास के स्कूलों में जहाँ ज्यादा बच्चे है, उन स्कूलों से बच्चों को यहाँ शिफ्ट किया जाएगा।

दिल्ली सरकार के प्रयासों की बदौलत भूमाफि याओं के चंगुल से छुटवाई गई थी स्कूल की जमीन; अब यहाँ बना शानदार स्कूल बता दे कि, स्कूल की जमीन दिल्ली सरकार के प्रयासों की बदौलत भूमाफि याओं के चंगुल से छुटवाई गई थी। जनवरी 2023 में तत्कालीन शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने इसकी नींव रखी थी और अब यहाँ 4 मंज़िला शानदार स्कूल तैयार है। इस नए स्कूल से मंडोली, सबोली, सुंदर नगरी, बैंक कॉलोनी, हर्ष विहार, नंद नगरी इलाकों के स्कूलों पर स्टूडेंट्स का दबाव कम होगा। 131 कमरों वाला नया स्कूल स्मार्ट क्लासरूम्स, लाइब्रेरीज, शानदार लैब्स, एक्टिविटी रूम, लिफ्ट सहित तमाम अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। सीएम आतिशी ने कहा कि, ह्लजिस जमीन पर आज ये स्कूल बना है। इसे 2003 में डीडीए द्वारा शिक्षा विभाग को स्कूल बनाने के लिए दी गई थी। लेकिन पुरानी पार्टियां और नेताओं की आम आदमी के बच्चों को शिक्षा देने में कोई रुचि नहीं थी। इसलिए इस जमीन भूमाफियाओं का कब्जा हो गया था। लेकिन जब दिल्ली में अरविंद केजरीवाल जी की, आम आदमी पार्टी की सरकार बनी तब भूमाफियाओं से लड़कर इस जमीन से कब्जा खाली करवाया गया और यहाँ पर स्कूल बनाने का काम शुरू करवाया गया। अरविंद केजरीवाल जी अपने परिवार के लिए नहीं बल्कि दिल्लीवालों के भविष्य के बारे में सोचते है सीएम आतिशी ने कहा कि, पहले नेता सिर्फ.अपने परिवार के बारे में सोचते थे। वो सोचते थे कि, जमीन पर कब्जा करो, और अपने आने वाली पीढ़ियों के लिए पैसे जमा करो। लेकिन अरविंद केजरीवाल जी अपने परिवार के भविष्य के बारे में नहीं सोचते। वो दिल्ली के आम लोगों के भविष्य के बारे में, उनके बच्चों के भविष्य के बारे में सोचते है। इसलिए भूमाफियाओं के कब्जे से स्कूल की जमीन वापस लेकर यहाँ बच्चों के लिए शानदार स्कूल बनाया। 10 सालों में टीन-टप्पर से वर्ल्ड क्लास बिल्डिंग वाले स्कूल बने दिल्ली सरकार के स्कूल

सीएम आतिशी ने कहा कि, दिल्ली के सरकारी स्कूल हमेशा ऐसे नहीं होते थे। 2015 से पहले दिल्ली में सरकारी स्कूल बदहाल होते थे। ये सरकारी स्कूल टीन-टप्पर में चलते थे। बरसात में स्कूल की छत टपकती थी। स्कूल के अंदर घुसते ही सबसे पहले टॉयलेट की बदबू आती थी। और क्लासरूम की कमी के कारण बच्चे टॉयलेट के बाहर टाट-पट्टी पर बैठकर पढ़ने को मजबूर थे। उन्होंने कहा कि, सरकारी स्कूलों के क्लासरूम में टेबल-कुर्सियाँ नहीं होती थी, लाइटें-खिड़कियां टूटी होती थी। पीने का पानी नहीं होता था। क्लासरूम में टीचर्स नहीं होते थे क्योंकि उनकी पल्स पोलियो से लेकर आधार कार्ड तक में सरकारी ड्यूटी लगाई जाती थी।

# आईएमएस नोएडा में मेगा जॉब फेयर का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता

नोएडा। इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (आईएमएस) नोएडा में मेगा जॉब फेयर का आयोजन हुआ। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार के मॉडल करियर सेंटर, नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर करियर सर्विस (एनआईसीएस) के सहयोग से आज के रोजगार मेला में 50 से अधिक कंपनियों ने अपनी भागीदारी निभायी। वहीं मेगा जॉब फेयर में देश के 50 से अधिक उच्च शिक्षण संस्थानों के 1200 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

बृहस्पतिवार को मेगा जॉब फेयर का शुभारंभ करते हुए आईएमएस नोएडा के महानिदेशक प्रोफेसर (डॉ.) विकास धवन ने कहा कि आज का रोजगार मेला छात्रों के उज्जवल भविष्य के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हमारी कोशिश है कि हमारे छात्र गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ उद्योग जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल और अनुभव प्राप्त करें। रोजगार मेले के माध्यम से हम आईएमएस के साथ-साथ अन्य संस्थानों के छात्रों को भी रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए




प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य छात्रों को न केवल सशक्त शैक्षणिक आधार प्रदान करना है, बल्कि उन्हें सफल करियर की दिशा में अग्रसर भी करना है।

वहीं एनआईसीएस की डायरेक्टर इम्पलाइमेंट एम. लता गौतम ने कहा कि आज का रोजगार मेला न केवल विद्यार्थियों को बेहतर करियर विकल्प हैं, बल्कि कंपनियों के लिए भी प्रतिभाशाली युवा पेशेवरों को चुनने का एक शानदार अवसर हैं। रोजगार मेला विद्यार्थियों को अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन करने एवं वर्किंग प्रोफेशनल से सीधे संवाद करने का अवसर देता है, जिससे उन्हें अपनी करियर को सही दिशा देने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य रोजगार के अवसरों को सुलभ बनाना और युवाओं को अपने कौशल और अनुभव के आधार पर सही करियर मार्ग चुनने में सहयोग करना है। इस दिशा में आईएमएस नोएडा के साथ आज की साझेदारी महत्वपूर्ण रही जिसमें 1200 से अधिक छात्र एवं छात्राओं ने हिस्सा लिया।

वहीं आज के मेगा जॉब फेयर में सत्यम, बजाज कैपिटल, अमर उजाला, पेटीएम, स्विगी, जुडियो, एचडीबीआई एवं कई आईटी कंपनी के साथ तमाम कंपनियों ने बीबीए, बीसीए, एमबीए, बीटेक एवं मास कम्युनिकेशन के छात्रों का चयन किया, जिसमें अलग-अलग स्ट्रीम के 400 विद्यार्थियों को साक्षात्कार के लिए चयनित किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### गोलीबारी के बाद हत्या का संदिग्ध पकड़ा गया

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में रोहिणी के पास दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा की टीम ने हत्या के एक मामले में संदिग्ध 22 वर्षीय एक युवक को संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि निहाल गोलीबारी के दौरान गोली लगने से घायल हो गया। उन्होंने बताया कि निहाल के टिल्लू गिरोह का सदस्य होने का संदेह है। घटनास्थल से एक बंदूक और एक दोपहिया वाहन बरामद किया गया। निहाल कथित तौर पर अमित लाकड़ा नामक व्यक्ति की हत्या में शामिल था। लाकड़ा को हाल ही में डकैती के एक मामले में जमानत मिली थी। लाकड़ा को नौ नवंबर को मुंडका के भीड़-भाड़ वाले बाजार में कथित तौर पर छह बार गोली मारी गई थी। एक अन्य अधिकारी के अनुसार प्रारंभिक जांच से पता चला है कि लाकड़ा गोगी गिरोह का सदस्य था और उसे उसके प्रतिद्वंद्वी टिल्लू गिरोह के सदस्यों ने निशाना बनाया था।

### खराब मौसम के बीच दिल्ली हवाई अड्डे पर कम दृश्यता के लिए विशेष सुरक्षा उपाय लागू

नई दिल्ली। खराब मौसम के कारण बृहस्पतिवार की सुबह दिल्ली हवाई अड्डे पर विमानों के परिचालन के लिए कम दृश्यता वाले विशेष सुरक्षा उपाय लागू किए गए। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (आईजीआईए) देश का सबसे व्यस्त हवाई अड्डा है और यहां प्रतिदिन लगभग 1,400 उड़ानों का आवागमन होता है। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डीआईएएल) ने सुबह सात बजे सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली हवाई अड्डे पर कम दृश्यता की स्थिति में उपयोगी विशेष सुरक्षा उपाय किए गए हैं। सभी उड़ानों का संचालन वर्तमान में सामान्य हैं। डीआईएएल ने यात्रियों से अनुरोध किया कि वे उड़ान की ताजा जानकारी के लिए संबंधित विमानन कंपनी से संपर्क करें।

# मनी लॉन्ड्रिंग के मामले अब ड्रामा बन गए हैं, यह भाजपा का सिर्फ हथियार है

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

ओखला विधानसभा से आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को गुरुवार को राउज एवेन्यू कोर्ट से जमानत मिलने के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग के मामले अब ड्रामा बन गए हैं। यह भाजपा का सिर्फ हथियार है, जिसे उसकी केंद्र सरकार विपक्ष के नेताओं के खिलाफ इस्तेमाल कर रही है। मोदी सरकार ने आम आदमी पार्टी के नेताओं पर पीएमएलए का केस लगाया। इसकी सुनवाई के दौरान कोर्ट ने साफ कर दिया कि इसके तहत किसी नेता को ज्यादा दिनों तक जेल में बंद नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि अमानतुल्लाह खान के मामले में भी यही हुआ। उनके खिलाफ कोई भ्रष्टाचार का मामला नहीं था। इसके बावजूद उन्हें जेल में डाल दिया गया और आज कोर्ट ने उनको भी जमानत



दे दी। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को कोर्ट से जमानत मिलने पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग केस एक ड्रामा बन गया है और भाजपा का एक हथियार है। जिसे भी फंसाना हो या जेल में डालना हो, ये लोग सोचते हैं कि उस पर पीएमएलए लगा दो और जेल में डाल दो, क्योंकि उसमें जल्दी जमानत नहीं होगी। लेकिन हमारी लड़ाई की बदौलत एक बात यह हुई कि अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन की जमानतों के बाद, और मेरे खिलाफ भी जो ये लोग प्रोपेगेंडा फैला रहे थे, इन सारी जमानतों से देश में एक रास्ता बन गया कि अब किसी भी आदमी को जबरन झूठे केस में ज्यादा देर तक जेल में नहीं रखा जा सकता। संजय सिंह ने कहा कि अमानतुल्लाह खान के मामले में भी यही हुआ। उनके खिलाफ कोई भ्रष्टाचार का मामला नहीं था। उन्हें पहले भी लोअर कोर्ट से जमानत मिल चुकी थी, लेकिन इसके बावजूद 2016 के एक मामले में झूठा केस बनाकर अमानतुल्लाह खान को जेल भेजा गया। मैं तो मोदी जी से बार-बार कहता हूं कि अगर उनके अंदर इतना ही गुस्सा, आक्रोश और नफरत भरी है, तो वह हमें चौराहे पर खड़ा करके गोली मरवा दें। संजय सिंह ने कहा कि अगर आम आदमी पार्टी मोदी जी की आंख की इतनी बड़ी किरकिरी बन गई है, तो वह हमारी पार्टी के लोगों को चौराहे पर खड़ा करके गोली मरवा दें, लेकिन देश का समय और पैसा बर्बाद न करें। इन जांच एजेंसियों को प्रधानमंत्री मोदी ने ड्रामा बना दिया है। लोग इन पर हंसते हैं। अब ईडी कहीं जाती है तो लोग कहते हैं, बंदर आ गए। घर में आकर उछल-कूद करते हैं और चले जाते हैं। इसकी कोई हैसियत नहीं बची है। ईडी एक कॉमेडी सर्कस का गिरोह बन गया है, ये लोग जहां जाते हैं। मैंने पहले ही कहा था कि यह एंटरटेनमेंट डिपार्टमेंट है। झूठे मुकदमे बनाना और भाजपा के हथियार के रूप में ईडी का इस्तेमाल करना अब पूरे देश में प्रचलित हो गया है।

# कश्मीरी युवा आदानझ्रप्रदान कार्यक्रम वतन को जानो का हुआ आगाज

जीतेन्द्र शर्मा

नई दिल्ली ,भारत सरकार,युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत मेरा युवा भारत ,नेहरू युवा केंद्र मध्य दिल्ली एवं गृह मंत्रालय के सौजन्य से 15 से 20 नवंबर, 2024 तक कश्मीरी युवा आदानझ्रप्रदान वतन को जानोकार्यक्रम गांधी दर्शन,राजघाट दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है इस कार्यक्रम में कश्मीर घाटी के 132 युवा और अधिकारी इसमें शामिल रहेंगे जिसमें बारामूल्ला, अनंतनाग, बड़गाम, पुलवामा, श्रीनगर कुपवाड़ा जिलों से प्रतिभागी भाग ले रहे हैं कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को




राष्ट्रीय एकता अखंडता के समर्थकों के रूप में कार्य करने के लिए उन्मुख और संवेदनशील बनाना,प्रतिभागियों को विभिन्न सांस्कृतिक स्थानों का दौरा करने का अवसर प्रदान करना। देश में औद्योगिक ऐतिहासिक धार्मिक और शैक्षणिक रुचि। पर्यटन, भजन, संस्कृति और हस्तशिल्प और अन्य पर जानकारी साझा करना।एक दूसरे को समझाने, सराहने और तुलना करने का अवसर प्रदान करना। सामाजिक सांस्कृतिक धार्मिक राजनीतिक आर्थिक के साथ-साथ पर्यावरण, स्थिति को समझना कश्मीरी युवाओं को तकनीकी और प्रौद्योगिकी प्रगति से अवगत कराने के लिए मदर डेयरी प्लांट ,लक्ष्मी नगर तथा इंडियन एग्रीकल्चर रिसर्च संस्थान में कश्मीरी युवाओं की विजिट करवाई जाएगी। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी पूनम शर्मा,उपनिदेशक,उत्तर जिला ने बताया कि इस कार्यक्रम में समाज के हर तबकों का सहयोग प्राप्त हो रहा है उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम पूरी मान्यता से आयोजित किया जा रहा है।

# प्रजनन क्षमता को सुरक्षित रखने की यात्रा: लोगों को अपने जीवन पर नियंत्रण रखने के लिए सशक्त बनाना



नई दिल्ली : प्रजनन क्षमता को सुरक्षित रखना अब सिर्फ.चिकित्सा चुनौतियों का सामना करने वालों के लिए ही एक विकल्प नहीं रह गया है; यह उन लोगों के लिए एक शक्तिशाली साधन बन गया है जो अपने प्रजनन भविष्य को नियंत्रित करना चाहते हैं। भारत में, जहाँ सामाजिक अपेक्षाएँ अक्सर पारिवारिक जीवन के समय को निर्धारित करती हैं, अंडे को फ्रीज करने और शुक्राणु बैंकिंग जैसी प्रजनन क्षमता को सुरक्षित रखने की तकनीकों का उदय लोगों को अपने व्यक्तिगत और व्यावसायिक लक्ष्यों के बारे में अधिक सूचित निर्णय लेने के लिए सशक्त बना रहा है।

बिरला फर्टिलिटी और क्श्त्र्ङ गुड़गांव की क्श्त्र्विशेषज्ञ डॉ. शिविका गुप्ता इस बात पर जोर देती हैं, ह्लप्रजनन क्षमता को सुरक्षित रखना व्यक्तियों, खास तौर पर महिलाओं को अपने प्रजनन भविष्य को नियंत्रित करने के लिए सशक्त बना रहा है। भारत में, जहाँ सामाजिक दबाव अक्सर पारिवारिक जीवन के समय को निर्धारित करते हैं, अंडे को फ्रीज करना और शुक्राणु को सुरक्षित रखना स्वतंत्रता की एक नई भावना प्रदान करता है। यह यात्रा लोगों को प्रजनन क्षमता खोने के डर के बिना करियर, शिक्षा या व्यक्तिगत विकास को आगे बढ़ाने की अनुमति देती है। भविष्य के लिए अंडे या शुक्राणु को सुरक्षित रखकर, व्यक्ति सूचित विकल्प बना सकते हैं, जिससे उन्हें अपनी शर्तों पर परिवार शुरू करने की सुविधा मिलती है - जब समय उनके लिए सही हो, न कि समाज के लिए।

एग फ्रीजिंग या ओसाइट क्रायोप्रिजर्वेशन उन महिलाओं के लिए एक तेजी से लोकप्रिय विकल्प बन गया है जो कैरियर की महत्वाकांक्षाओं, आगे की शिक्षा या व्यक्तिगत कारणों से बच्चे के जन्म में देरी करना चाहती हैं। आज महिलाएं बच्चे पैदा करने के लिए लंबे समय तक इंतजार कर रही हैं, और उम्र के साथ प्रजनन क्षमता स्वाभाविक रूप से कम होती जाती है। कम उम्र में अंडे को फ्रीज करना, जब अंडे की गुणवत्ता अधिक होती है, प्रजनन क्षमता में उम्र से संबंधित गिरावट के बिना भविष्य में गर्भधारण की संभावना प्रदान करता है। इसी तरह, शुक्राणु संरक्षण पुरुषों को भविष्य में उपयोग के लिए अपने शुक्राणु को बैंक में रखने की अनुमति देता है, जो उन लोगों के लिए एक व्यवहार्य समाधान प्रदान करता है जो बाद में जीवन में प्रजनन चुनौतियों का सामना कर सकते हैं या जो इसी तरह के व्यक्तिगत कारणों से पिता बनने में देरी कर रहे हैं। शुक्राणु बैंकिंग कीमोथेरेपी जैसे उपचारों से गुजरने वाले पुरुषों के लिए भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो प्रजनन क्षमता को प्रभावित कर सकता है। भारत में, जहाँ प्रजनन क्षमता संरक्षण जोर पकड़ रहा है, ये विकल्प लोगों को परिवार नियोजन के बारे में स्वायत्त निर्णय लेने की अनुमति दे रहे हैं। जैसे-जैसे विलंबित पितृत्व के बारे में कलंक मिटता जा रहा है, प्रजनन क्षमता संरक्षण व्यक्तियों को जैविक सीमाओं के डर के बिना, अपने प्रजनन लक्ष्यों को जीवन विकल्पों के साथ संरेखित करने में मदद कर रहा है।

# जटिल प्रजनन मामले और उनका इलाज कैसे किया जाना चाहिए

नई दिल्ली : प्रजनन संबंधी चुनौतियाँ जटिल और बहुआयामी हो सकती हैं, जिसके प्रभावी उपचार के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। भारत में, जहाँ जीवनशैली में बदलाव, देरी से बच्चे पैदा करना और चिकित्सा स्थितियों जैसे कारकों के कारण बांझपन की दर बढ़ रही है, यह समझना महत्वपूर्ण है कि प्रत्येक प्रजनन मामला अद्वितीय है। जटिल प्रजनन मामले - जैसे कि पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (पीसीओएस), एंडोमेट्रियोसिस, पुरुष बांझपन, या अस्पष्टीकृत बांझपन - व्यक्तिगत देखभाल और उन्नत चिकित्सा हस्तक्षेप की मांग करते हैं। जटिल प्रजनन मामलों में व्यक्तिगत और समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। भारत में, जहाँ प्रजनन संबंधी चुनौतियाँ बहुआयामी हो सकती हैं, विशेष देखभाल की तलाश करना महत्वपूर्ण है जो न केवल चिकित्सा कारकों बल्कि भावनात्मक कल्याण पर भी विचार करती है। पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (ढउडर), एंडोमेट्रियोसिस या पुरुष बांझपन जैसी स्थितियों में क्श्त्र्ङ क्ळरकया अंडा/शुक्राणु दान जैसे उन्नत उपचार की आवश्यकता हो सकती है। अनुभवी प्रजनन विशेषज्ञों द्वारा निर्देशित एक अनुकूलित उपचार योजना सफलता के लिए सबसे अच्छा मौका प्रदान करती है। यात्रा के शारीरिक और भावनात्मक दोनों पहलुओं को संबोधित करना महत्वपूर्ण है, यह सुनिश्चित करना कि प्रत्येक व्यक्ति या जोड़े को अपना परिवार बनाने के लिए आवश्यक समर्थन मिलेह्व डॉ. शिविका गुप्ता, क्श्त्र्विशेषज्ञ, बिरला फर्टिलिटी और क्श्त्र्ङ गुड़गांव कहती हैं। महिलाओं के लिए, ढउडर और एंडोमेट्रियोसिस बांझपन के दो प्रमुख कारण हैं। ढउडर प्रजनन आयु की 10% महिलाओं को प्रभावित करता है, जिससे हार्मोनल असंतुलन होता है जो ओव्यूलेशन में बाधा डालता है। इसी तरह, एंडोमेट्रियोसिस, जो वैश्विक स्तर पर लगभग 10% महिलाओं को प्रभावित करता है, गंभीर दर्द का कारण बन सकता है और भ्रूण के आरोपण में बाधा उत्पन्न कर सकता है। दोनों स्थितियों में अक्सर क्श्त्र्(इन विट्रो फर्टिलाइजेशन), क्ळरक (इंट्रासाइटोप्लाजमिक स्पर्म इंजेक्शन) या गर्भधारण की संभावनाओं को बेहतर बनाने के लिए डिम्बग्रंथि ड्रिलिंग जैसे उपचारों की आवश्यकता होती है। पुरुष बांझपन में, कम शुक्राणुओं की संख्या या खराब शुक्राणु गतिशीलता जैसे मुद्दों के लिए क्ळरक की आवश्यकता हो सकती है, जहाँ एक शुक्राणु को सीधे अंडे में इंजेक्ट किया जाता है। अधिक गंभीर मामलों के लिए, अंडा या शुक्राणु दान की सिफारिश की जा सकती है। उपचार के लिए एक समग्र दृष्टिकोण न केवल शारीरिक पहलुओं को संबोधित करता है, बल्कि रोगियों की भावनात्मक भलाई को भी संबोधित करता है। प्रजनन यात्रा भावनात्मक रूप से थका देने वाली हो सकती है, और व्यक्तियों और जोड़ों को उपचार के तनाव और अनिश्चितताओं से निपटने में मदद करने के लिए मनोवैज्ञानिक समर्थन आवश्यक है। प्रजनन उपचारों में प्रगति को देखते हुए, अनुभवी प्रजनन विशेषज्ञों द्वारा निर्देशित एक व्यक्तिगत, अच्छी तरह से गोल दृष्टिकोण जटिल प्रजनन मामलों के इलाज में सफलता के लिए सबसे अच्छा मौका प्रदान करता है।

### मोती नगर में एक व्यक्ति की चाकू घोंपकर हत्या

नई दिल्ली। पश्चिमी दिल्ली के सुदामा पुरी इलाके में 26 वर्षीय एक व्यक्ति की उसके घर के पास चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान राजा बाबू के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतक के पिता गंगा राम के हवाले से बताया कि राजा बाबू ने पिछले साल एक युवती से, उसके परिवार वालों की मर्जी के खिलाफ शादी की थी। उन्हें संदेह है कि राजा बाबू की हत्या उसके ससुराल वालों द्वारा कराई गई है। गंगा राम ने पुलिस को दी शिकायत में कहा, ह्यमहिला के परिवार के सदस्य पास में ही रहते हैं। शादी के बाद से ही मेरे बेटे और उसके ससुराल वालों के बीच विवाद था। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस को बुधवार को एक पीसीआर कॉल मिली और जब तक टीम मौके पर पहुंची, राजा बाबू को अस्पताल ले जाया जा चुका था जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है और राजा बाबू की पत्नी के परिवार के कुछ सदस्यों को हिरासत में लिया गया है।

# माहवारी स्वच्छता और जागरूकता के उद्देश्य से हर कम्फर्ट अभियान की शुरूवात

प्रात: किरण संवाददाता

गुरुग्राम 12 नवम्बर 2024: महिलाओं और किशोरियों को माहवारी स्वच्छता और जागरूकता से जोड़ने के लिए आर्टेमिस हेल्थ साइंसेज फाउंडेशन और पिंकिश फाउंडेशन ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। दोनों फाउंडेशन ने मिलकर गुरुग्राम में हर कम्फर्ट अभियान शुरू किया, जिसका उद्देश्य वंचित किशोरियों को स्वच्छता और देखभाल की सही जानकारी देना है। इस अभियान का उद्देश्य 1500 किशोरियों को अवगत करना है.

यह अभियान गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बसई में आयोजित हुआ, जहां छात्राओं को माहवारी से जुड़ी गलत धारणाओं को तोड़ने और साफ-सफाई बनाए रखने के महत्व के बारे में शिक्षित किया गया। इसके साथ ही, उन्हें सैनिटरी पैड, सैनिटाइजर और छह महीने तक काम आने वाली जरूरी चीजों से लैस किट भी दी गई। इस आयोजन में आर्टेमिस फाउंडेशन की प्रेजिडेंट शालिनी कंवर चंद, क्लासिक इंडस्ट्रीज के डायरेक्टर नवीन कपूर, पिंकिश फाउंडेशन के प्रेजिडेंट अरुण गुप्ता, पिंकिश फाउंडेशन की जनरल सेक्रेटरी शालिनी गुप्ता समेत विद्यालय




की प्रधानचार्या, शिक्षाएं और छात्राएं उपस्थित थी.

आर्टेमिस फाउंडेशन की अध्यक्ष, शालिनी कंवर चंद, ने इस अवसर पर कहा कि हमारा उद्देश्य है कि हर लड़की माहवारी के दौरान आत्मसम्मान और आत्मविश्वास से भरपूर रहे। यह अभियान उन्हें न केवल सही जानकारी देगा, बल्कि जरूरी साधन भी प्रदान करेगा, ताकि वे बिना किसी झिझक के अपनी सेहत का ध्यान रख सकें।

क्लासिक इंडस्ट्रीज के निदेशक, नवीन कपूर, ने कहा कि माहवारी से जुड़ी शर्म और गलतफहमियों को तोड़ने के लिए ऐसे अभियानों की सख्त जरूरत है। हमें गर्व है कि हम इस बदलाव का हिस्सा बन रहे हैं।

पिंकिश फाउंडेशन के अध्यक्ष, अरुण गुप्ता, ने कहा कि उनका संगठन हर लड़की और महिला को माहवारी से संबंधित मदद और जानकारी देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि माहवारी स्वच्छता के अभाव में कोई लड़की अपने सपनों से वंचित न रह जाए, यही हमारा लक्ष्य है।

इस अभियान के तहत माहवारी स्वच्छता किट वितरित की गई, जिसमें सैनिटरी पैड, कपड़े, सैनिटाइजर, और छह महीने तक उपयोगी अन्य सामान शामिल था। यह पहल लड़कियों को न केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।पिंकिश फाउंडेशन की महासचिव, शालिनी गुप्ता, ने कहा कि संगठन माहवारी से जुड़ी गलत धारणाओं को तोड़ने और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि हम आर्टेमिस फाउंडेशन के साथ मिलकर यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हर लड़की को माहवारी स्वच्छता से जुड़े सभी संसाधन और जानकारी मिले।

पिंकिश फाउंडेशन अब तक 29 से अधिक राज्यों में 3.5 मिलियन से ज्यादा सैनिटरी पैड वितरित कर चुका है। संगठन माहवारी से जुड़ी शर्म और अंधविश्वास को तोड़ने के लिए लगातार सक्रिय है। वहीं, आर्टेमिस हेल्थ साइंसेज फाउंडेशन वंचित समुदायों के स्वास्थ्य सुधार के लिए काम करता है। इसकी मोबाइल कैंसर स्क्रीनिंग यूनिट दूरदराज के इलाकों में पहुंचकर गंभीर बीमारियों की पहचान और रोकथाम में मदद करती है।

हर कम्फर्ट अभियान के जरिए यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि हर लड़की माहवारी के दौरान न केवल जागरूक बने, बल्कि सम्मान और आत्मविश्वास के साथ अपने जीवन को बेहतर बना सके।

# उद्योग मंत्री सौरभ भारद्वाज जी ने अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में दिल्ली पवेलियन का उद्घाटन किया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

माननीय उद्योग मंत्री दिल्ली सरकार श्री सौरभ भारद्वाज जी ने प्रगति मैदान में आयोजित वार्षिक अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में बृहस्पतिवार दोपहर दिल्ली पवेलियन का उद्घाटन किया कहर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी राज्यों के साथ-साथ दिल्ली पवेलियन भी इस अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले का हिस्सा बना है कदिल्ली पवेलियन में दिल्ली सरकार के अलग-अलग विभागों के स्टॉल स्थापित किए जाते हैं कजहां पर विभाग से संबंधित अधिकारी उपस्थित होते हैं कइन सभी स्टॉल पर मेले में आने वाले आगंतुकों को दिल्ली सरकार के उस विभाग द्वारा किए गए कामों और भविष्य में किए जाने वाले कामों, दिल्ली सरकार की स्कीमों तथा अन्य संबंधित जानकारीयों से अवगत कराया जाता है कसाथ ही साथ दिल्ली की कला और संस्कृति से जुड़े हुए भी ढेरों स्टॉल दिल्ली पवेलियन में देखने को मिलते हैं कन केवल सरकार के अपितु दिल्ली के व्यापारियों और उत्पादकों द्वारा लगाए गए स्टॉल भी दिल्ली पवेलियन में देखने को मिलते



हैं, जहां पर दिल्ली के व्यापारी और उत्पादक अपने सामानों का प्रचार प्रसार करते हैं और इसके माध्यम से अपने व्यापार को बढ़ाने का कार्य करते हैं कप्रगति मैदान में आयोजित यह अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला 14 नवंबर से शुरू होकर 27 नवंबर तक चलता है क

उद्घाटन के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए उद्योग मंत्री सौरभ भारद्वाज जी ने कहा, कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रगति मैदान में बहुत बड़े स्तर पर इस व्यापार मेले का आयोजन किया गया है कउन्होंने कहा कि दिल्ली और देश तथा विदेश के व्यापारियों को इस मेले का पूरे वर्ष इंतजार रहता है कउन्होंने कहा खासकर दिल्ली के व्यापारियों और उत्पादकों को इस अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले का बड़ा इंतजार रहता है कमंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि यह मेला एक बहुत ही बेहतरीन प्लेटफॉर्म है दिल्ली और देश के उत्पादकों और व्यापारियों के लिए जिसके माध्यम से वह अपने द्वारा उत्पादित वस्तुओं का अधिक से अधिक लोगों में और देश के कोने-कोने तक प्रचार प्रसार कर सकते हैं कसाथ ही साथ व्यापारियों के लिए भी अपने व्यापार को बढ़ाने का यह एक अच्छा माध्यम है, क्योंकि इस व्यापार मेले के माध्यम से व्यापारियों को नए-नए ग्राहक मिलते हैं, उनके व्यापार में बढ़ोतरी होती है कउन्होंने कहा ऐसा इसलिए है क्योंकि इस मेले में देश के कोने-कोने से लोग भ्रमण करने आते हैं, देश ही नहीं विदेश से भी लोग इस अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में भ्रमण करने आते हैं कमीडिया के माध्यम से दिल्ली और देश की जनता से अपील करते हुए मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, कि सभी लोगों को इस मेले में भ्रमण करने के लिए जरूर आना चाहिए और इस अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले का लाभ उठाना चाहिए क

उद्घाटन के पश्चात उद्योग मंत्री श्री सौरभ भारद्वाज जी ने दिल्ली पवेलियन का भ्रमण किया कदिल्ली सरकार के अलग-अलग विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल पर जाकर वहां उपस्थित अधिकारियों से बातचीत की कसाथ ही साथ पवेलियन में दिल्ली सरकार के अलावा व्यापारियों द्वारा लगाई गई छोटी-छोटी दुकानों का भी भ्रमण किया कदुकानों पर जाकर उन व्यापारियों से भी बातचीत की, उनके उत्पाद के बारे में जानकारियां ली और साथ ही साथ उन सभी को शुभकामनाएं भी दी

संक्षिप्त खबरें

## बच्ची को सांप ने काटा,जमुई किया रेफर

जमुई [ झाझा ] घर में काम करने के दौरान एक बच्ची को सांप ने डस लिया। इसके बाद बच्ची की स्थिति बिगड़ने लगी तो आनन फानन में परिजनों के द्वारा इलाज के लिए शुक्रवार की शाम चार बजे झाझा रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक डॉ बीके राय के द्वारा बच्ची का प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए उसे जमुई सदर अस्पताल में रेफर कर दिया।बच्ची की पहचान सोनो थाना क्षेत्र के बेलाबथान गांव निवासी अवधेश मंडल की पुत्री ज्योति कुमारी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि ज्योति घर में काम कर रही थी इसी दौरान सांप ने डस लिया। फिलहाल बच्ची की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

# जिला के टॉप 10 कुख्यात में से एक अपराधी को जमुई पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर किया गिरफ्तार

- पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में सिमुलतला , मलयपुर थानाध्यक्ष एवं पुलिस बल, डीआईयू की सम्मलित टीम बनाई गई

प्रात : किरण, संवाददाता




जमुई [ झाझा ] जिला के टॉप 10 कुख्यात में से एक अपराधी को जमुई पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया है। लंबे समय से लूटपाट, आर्म्स एक्ट में फरार चल रहा था। बुधवार को कुख्यात अपराधी के बारे में गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि वे अपने घर आये हुए हैं जिसके बाद पुलिस अधीक्षक के निदेशानुसार मेरे नेतृत्व में सिमुलतला थानाध्यक्ष धनन्जय कुमार, मलयपुर थानाध्यक्ष विकास कुमार एवं पुलिस बल, डीआईयू की सम्मलित टीम बनाई गई और टीम के द्वारा अपराधी के घर पर छापेमारी करते हुए उसे सफल पूर्वक गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद कागजी कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायिक हिरासत में जमुई भेज दिया गया। इस संदर्भ में गुरुवार को झाझा एसडीपीओ कार्यालय में एसडीपीओ राजेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सिमुलतला थाना में 3 और 11 अप्रैल को दर्ज कांड संख्या 32/23, 39/24 में नामजद खैरा थानाक्षेत्र के केवाल फरियाता के रहने वाले फहीम अंसारी उर्फ राजू सिमुलतला थानाक्षेत्र में 3 अप्रैल को लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था और वह फरार हो गया था। जिसके बाद पुलिस उक्त अपराधी की गिरफ्तारी को लेकर अर्लट था। एसडीपीओ ने बताया कि क्राइम करके वह कोलकाता भी भाग गया था जिसका लोकेशन भी मिला था। एसडीपीओ ने बताया कि कुख्यात अपराधी की गिरफ्तारी पर जल्द ही इनाम भी घोषित होने वाला था कि उससे पूर्व गुप्त सूचना के आधार पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

# आवास कार्य में प्रगति लाने को लेकर बीडीओ ने किया निरीक्षण



प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। गुरुवार सदर प्रखंड अंतर्गत नौवागढ़ी दक्षिणी, मिजार्पुर बरदह, श्रीमतपुर,नौवागढ़ी उत्तरी पंचायत के आवास योजना का बीडीओ निरीक्षण। वही निरीक्षण के दौरान आवास लाभुकों को कई तरह की जानकारियां दिए तथा उन्होंने यह भी कहे की समय पर जो लाभुक आवास को पूर्ण करेंगे। वैसे लाभ को प्रखंड कार्यालय की ओर से सम्मानित किया जाएगा। तथा सरकार के द्वारा चलाए जा रहे हैं। अन्य योजना का भी लाभ उन्हें दिया जाएगा। नहीं पूर्ण करने वाले लाभों पर कार्रवाई हो सकती है। वही उनके साथ आवास सहायक राकेश कुमार नौवागढ़ी पंचायत के पूर्व मुखिया रविंद्र मंडल, स्वच्छता पर्यवेक्षक श्रवण कुमार, मिजार्पुर बरदह पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि फिरोज, श्रीमतपुर के पूर्व मुखिया महफूज आलम उर्फ.खुर्शीद आलम ,नौवागढी उत्तरी के मुखिया प्रतिनिधि धर्मवीर पासवान ,उपस्थित रहे तथा लाभुकों को आवास कार्य में प्रगति लाने की बात कही।

# बाल दिवस पर बाल मेला का आयोजन, बच्चों ने लगाए स्टॉल



- शिक्षकों और अभिभावकों ने की खरीदारी

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई/ई०अलीगंजः- बाल दिवस के मौके पर प्रखंड के स्कूलों में बाल मेला का आयोजन किया गया,वहीं स्कूलों में देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किये,वहीं अलीगंज के विवेकानंद विद्या कांसेप्ट स्कूल परिसर मे गुरुवार को बाल दिवस के मौके पर स्कूल परिसर में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के खाने का स्टॉल जैसे चाट,चाऊमीन, गोलगप्पा, पानी पुरी, चाय, कॉफी इत्यादि का स्टॉल लगाया गया। सभी उपस्थित शिक्षक एवं अभिभावक ने स्टालों पर जाकर बच्चों से खरीदारी की, बच्चों के द्वारा बनाये चीजों का आनंद लिया, वहीं स्कूल प्रचार अभय मोहित ने कहा के इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, उद्यमिता और आत्मनिर्भरता की भावना को बढ़ावा देना था।

बच्चों ने अपने स्टॉल में खाने-पीने की चीजें, हस्तनिर्मित आर्ट्स और क्राफ्ट्स, किताबें, खेल और मनोरंजन की चीजें आदि रखी थीं। अभिभावकों और शिक्षकों ने बच्चों के स्टॉल की सराहना की और बच्चों ने इन स्टॉल्स के माध्यम से बिक्री का अनुभव भी लिया। स्टॉल पर बच्चों ने ग्राहकों से संवाद करते हुए उन्हें अपने सामान की खासियत भी बताई।

इस तरह के आयोजन बच्चों को जीवन में आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करते हैं और उन्हें अपने कौशल को निखारने का अवसर भी प्रदान करते हैं। वहीं शिक्षक धर्मेंद्र कुमार, शिक्षिका संगीता कुमारी ने कहा की देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्म दिवस को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है, जवाहरलाल नेहरू को बच्चों से बहुत प्यार थे। उन्हें के जन्मदिन के मौके पर बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है, मौके पर डायरेक्टर -कृष्णनंदन प्रसाद प्राचार्य-अभय मोहित शिक्षक -धर्मेंद्र कुमार ,विपिन कुमार ,कामदेव कुमार ,कुंदन कुमार, सदानंद कुमार ,संगीता कुमारी ,बबली कुमारी ,मधुरिमा कुमारी, सोनम कुमारी, मुस्कान कुमारी ,सहित दर्जनों अभिभावक एवं बच्चे मौजूद थे।

# मुंगेर जिले के 27 हजार 311 छात्र-छात्राओं का आधार नहीं बनने से शिक्षा विभाग की योजनाओं से होना पड़ रहा है वंचित

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। आधार कार्ड नहीं बनने से 27311 छात्र-छात्राएं पोशाक राशि छात्रवृत्ति तथा साइकिल योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाएंगे जिला शिक्षा विभाग के आंकड़ों के अनुसार जिले भर में कक्षा 1 से 12 तक 27311 छात्र एवं छात्राओं का आधार कार्ड नहीं है जबकि बैंकों में आधार कार्ड से संबंधित कोई समस्या नहीं है बताया जाता है की आधार कार्ड नहीं बनने का एवं मुख्य कारण जन्म प्रमाण पत्र रहा है जबकि शिक्षा विभाग जन्म प्रमाण पत्र बनाने में अभिभावकों को कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़े इसके लिए स्कूल में ही फार्म उपलब्ध कराया गया है जन्म प्रमाण पत्र रहने के बाद ही आधार कार्ड बनता है बावजूद अभिभावक अपने बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र बनाने में कोई रुचि नहीं दिखा रहे हैं जिले के एक से 12 कक्षा तक के के 2 लाख 24322 छात्राएं जिले के प्राथमिक विद्यालय से लेकर प्लस टू तक कक्षा में 12 तक में 224 322 छात्राएं नामांकित हैं सभी छात्र-छात्र एवं छात्राओं कोई शिक्षा कोर्स के माध्यम से भी लाभ दिया जाता है लेकिन अब तक 27311 छात्र-छात्राओं का आधार कार्ड नहीं बन पाया है विभाग चाहता है कि आधार कार्ड से वंचित छात्र एवं छात्राओं का भी आधार कार्ड बने इसके लिए शिक्षा विभाग स्कूलों में जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए फॉर्म भी उपलब्ध करा दिया है बावजूद अभिभावकों के बीच रुचि नहीं रहने के कारण आधार कार्ड बनाए जाने का काम 7% पूरा नहीं हो पाया आधार कार्ड नहीं बनने के कारण छात्रों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है जिला शिक्षा पदाधिकारी मोहम्मद असगर अली मुंगेर ने बताया कि आधार कार्ड से वंचित छात्र एवं छात्राओं के आधार कार्ड बनाए जाने को लेकर विभाग में जुटी है विभाग चाहती है कि आधार कार्ड से वंचित छात्राओं को योजना का लाभ मिले जन्म प्रमाण पत्र बनाने में भी विभाग सहयोग कर रही है वहीं डीपीओ आनंद कुमार शर्मा बताते हैं कि विभाग का पूरा फोकस आधार बनाने को लेकर है।इधर फ्रॉड रोकने के लिए आधार होना चाहिए इसके लिए जन्म प्रमाण पत्र बनाने के बाद हम लोग की आधार केंद्र जाकर आधार बनाया जाता हैं। इसके बाद ही शिक्षा वेबसाइट पर डालते हैं उसके बाद छात्र-छात्राओं को योजनाओं का लाभ मिलना शुरू हो जाता है।

# 5 साल बाद भी 5 करोड़ की मुख्यमंत्री क्षेत्रीय विकास योजना अधार में लटका हुआ है

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। मुंगेर किला परिसर स्थित कंपनी गार्डन से सटे ऐतिहासिक तालाब राजा रानी का जीवन उद्धार कार्य के नाम पर मुख्यमंत्री क्षेत्रीय विकास योजना के तहत 2017 में 5 करोड रुपए की योजना आज भी अधिकारियों के लापरवाही और ठेकेदार के लापरवाही से अधार में लटका हुआ है इस तालाब का आज तक जिन उधर कार्य पूरा नहीं हो पाने के कारण या तालाब जिला प्रशासन को अब तक हैंडओवर नहीं किया जा सका है जल जीवन हरियाली योजना के तहत 5 करोड़ से अधिक की राशि इस तालाब के जिणोद्धोर कर की जा चुकी है सबसे पहले 2015 में तत्कालीन विधान परिषद मद में 2015 में 45 लाख की लागत से राजा रानी तालाब के पाथवे का निर्माण कराया गया था पाथवे का उद्घाटन करने आए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तत्काल विकास आयुक्त सुशील कुमार को जल जीवन हरियाली योजना के तहत इस तालाब का जिर्णोद्धार करने का निर्देश दिया था मुख्यमंत्री क्षेत्रीय विकास योजना से 5 करोड़ की लागत से राजा रानी तालाब का जिर्णोद्धार उधर का आरंभ किया गया शहरी क्षेत्र आधारभूत संरचना निगम बोर्ड को की देखरेख में तालाब का जीर्णोद्धार कार्य संवेदक द्वारा आरंभ किया गया कोरोना कल में आवंटन के अभाव में संवेदक कार्य छोड़कर चला गया था पुणे वर्ष 2022 में 2 करोड़ रूपया नगर विकास विभाग द्वारा आवंटित होने के पश्चात जीवाणु उधर का आरंभ हुआ एजेंसी द्वारा उधर कार्य लेकर आधारभूत संरचना को तैयार कर दी गई लेकिन इसे अब तक प्रशासन को हैंडओवर नहीं किया जा सका देखरेख कर रहे बुडको के कार्यपालक अभियंता कामेश्वर प्रसाद ने बताया कि मुंगेर में नया योगदान किए हैं बुडको द्वारा संचालित नल जल योजना और सीबारेज रेंज योजना का फिलहाल ज्यादा फोकस है राजा रानी तालाब के जीर्णोद्धार कार्य की समीक्षा विभागीय अधिकारियों के साथ की जाएगी और जल जीवन हरियाली योजना के तहत राजा रानी तालाब को गहरा कर पहले से जमे गाढ़ की मिट्टी को हटाते हुए गहरा किया जाएगा गया तालाब किनारे चारों ओर घाट निर्माण कराया गया इसके अलावा चारों तरफ बाउंड्री वॉल का निर्माण लैंड इसके पिग करते हुए जॉन दिन ट्रक का निर्माण कराया गया तालाब में पानी हर समय बरकरार रहे इसके लिए वाटर सोलर पंप लगाने की योजना थी जिसे अब तक पूरा नहीं किया गया है ना ही तालाब में पानी बाहर से पहुंचने का प्रबंध किया गया तालाब के बीच में फाउंडेशन फबरा लगाने की विधि योजना थी वह भी पूरा नहीं हो सका तत्कालीन डीएम ने दिया था बिहार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समाधान यात्रा पर मुंगेर आगमन को लेकर हुई समीक्षा बैठक में तत्कालीन डीएम नवीन कुमार ने बुडको के कार्यपालक अभियंता को राजा रानी तालाब की जिणोउधार फरवरी 2023 तक करते हुए हैंडओवर करने का आदेश दिया था परंतु तत्कालीन डीएम और बुडको के तत्कालीन कार्यपालक अभियंता के स्थानांतरण के बाद राजा रानी तालाब का जीणोउद्धार के प्रति अधिकारी मौन धारण किए हुए हैं और आज तक यह अधार में लटका हुआ है।

# होटल, धर्मशाला में पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टिकोण से किया सर्च अभियान



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] सुरक्षा की दृष्टिकोण से वरीय पदाधिकारी के दिशा निर्देश पर नगर क्षेत्र के सभी होटल, धर्मशाला में पुअनि नंदन कुमार के द्वारा सर्च अभियान चलाया गया। बिरसामुण्डा जयंती के उपलक्ष्य में जमुई के खैरा प्रखंड क्षेत्र में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर होटल , धर्मशाला में पुलिस टीम पहुंचकर होटल में ठहरने वाले लोगों के बारे में सबसे पहले रजिस्टर की जांच किया और होटल के संचालक से ठहरने वाले लोगों के जमा किये हुए पहचान से सम्बंधित कागज की जांच किया। पुअनि ने बताया कि होटल, धर्मशाला में सुरक्षा को लेकर बारीकी से जांच किया जिसमें कहीं से भी किसी तरह का कोई संदिग्ध नही मिला। फिलहाल पुलिस सुरक्षा की दृष्टिकोण से शहर के सभी होटल, धर्मशाला पर नजरें टिकाई हुई है। उसके बाद होटल, धर्मशाला के सभी कमरों की तलाशी भी लिया और जिस रूम में जो लोग ठहरे हुए थे उसके सामान की तलाशी ली गई और फिर उनलोगों से पूछताछ करते हुए उनलोगों से आईडी कार्ड, किस काम से झाझा आये हुए , कहाँ जाना है, किस क्षेत्र से आये सभी तरह की जानकारी लेते हुए होटल, धर्मशाला संचालक को दिए गए आईडी से मिलान किया साथ ही साथ कमरों में रुकने वाले बैंग आदि सामान की जांच भी किया गया।

# श्रीमद्भागवत कथा में सुदामा कृष्ण प्रसंग का श्रद्धालुओं के बीच किया गया वर्णन





- श्रीमद्भागवत कथा में सुदामा कृष्ण प्रसंग चर्चा करते आचार्य दामोदर पाण्डेय व आरती करते यजमान जानकी देवी

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर । प्रखंड के पतसंडा पंचायत के वार्ड नंबर दस यादव टोला निवासी जानकी देवी के आवास परिसर में आयोजित कार्तिक उद्यापन महोत्सव के दौरान चल रहे श्रीमद भागवत कथा के 07 वें दिन सुदामा कृष्ण चरित्र का वर्णन किया गया, जिसे सुन श्रोता भाव विभोर हो गए। इस भागवत कथा के दौरान आचार्य दामोदर पाण्डेय ने कृष्ण सुदामा के प्रेम व मित्रता का कथा के दौरान वर्णन किया व किस तरह से सुदामा जी पे भगवान वासुदेव अपनी कृपा बरसायी उन प्रसंगों से कथा सुन रहे भक्तों को अवगत कराया गया। वहीं कथा के दौरान सुप्रसिद्ध भजन गायक महेन्द्र यादव ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति कर श्रोताओं को आनंद की अनुभूति कराते हुए भक्ति के भवसागर में डुबो दिया। इस मौके पर आचार्य दामोदर पाण्डेय ने कहा कि मानवीय जीवन मे धर्म से जुड़कर ही इंसान सद्गति व सदबुद्धि को प्राप्त कर सकता है उन्होंने कहा कि धर्म के मार्ग पर चलकर ही मनुष्य गुणवान बन सकता है इसलिए जीवन में समय निकालकर ऐसे आयोजन में रुचि लेने से मनुष्य के विकारों का अंत होता है व शांति की भी शुखद अनुभूति होती है। इस मौके पर जानकी देवी,कैलाश यादव,विजय यादव,बिरजू यादव,रिना देवी,मनोज यादव,श्याम वर्णवाल,अभिषेक कुमार के अलावे कई ग्रामीण मौके पर मौजूद थे।

## आईटीसी मिशन सुनहरा कल के अधिकारी ने किया समीक्षा बैठक

- आईटीसी के साथ कार्य करने वाले विभिन्न संस्थाओं ने बैठक में लिया भाग

प्रात : किरण संवाददाता

सदर मुंगेर। सदर प्रखंड अंतर्गत नौवागढ़ी दक्षिणी पंचायत बजरंगबली नगर सामुदायिक भवन में आईटीसी मिशन सुनहरा कल के कार्यक्रम प्रबंधक गिरिराज की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। वहीं बैठक में निर्देश, प्रभाव, एजुकेट गर्ल,वाश, संस्था के प्रतिनिधि तथा अन्य संस्था ने भी भाग लिया। वही प्रबंधक द्वारा बैठक में उपस्थित ग्रामीणों को आईटीसी मिशन सुनहरा कल के द्वारा किए जा रहे कार्य के विषय में बताएं। तथा उनके साथ कार्य कर रहे संस्था के विषय में ग्रामीणों से बातचीत कर जानकारी प्राप्त किये। एवं बारी-बारी से सभी संस्थाओं के द्वारा किए जा रहे कार्य के विषय में उन्होंने ग्रामीणों को जानकारी दिये। तथा तथा अन्य कई तरह के जानकारियां भी दिए। वहीं उन्होंने सभी संस्था को और अच्छे तरह से अपने कार्य क्षेत्र में कार्य प्रगति लाने की बात कही। मौके पर आईटीसी मिशन सुनहरा कल के अलीशा, अनीता, तथा सभी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सरकारी व गैर सरकारी विद्यालय में बाल दिवस मनाया गया




- कई विद्यालयों में पत्र लेखन एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

प्रात : किरण संवाददाता

गिद्धौर । आदर्श पुरुष जवाहर लाल नेहरू की जयंती पर प्रखंड भर में सभी सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूलों में बाल दिवस बड़े धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर उनके कृतित्व को स्मरण कर बच्चो के प्रति समर्पित उनके स्नेह को याद किया गया। इस मौके पर निदेशक विश्वाश कुमार,अमर सिंह,राजेश साह एवं संतोष सिंह ने अपने अपने विद्यालयों के बच्चों को सम्बोधिति करते हुए कहा की उनके आदर्श को अपने जीवन मे आत्मसात करने तथा उनके जीवन कृतित्व को अपने आचरण में उतारने का संदेश प्रदान किया। आज बच्चो को उनकी जीवनी से प्रेरणा लेनी चाहिये। इस अवसर पर गिद्धौर सेंट्रल स्कूल,विनोबा भावे पब्लिक स्कूल,सत्य सांई पब्लिक स्कूल एवं ग्रेट बुद्धा इंटरनेशनल स्कूलों में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिनमे कब्बडी, दौड़ और क्रिकेट की प्रतियोगिता अहम रही। जिसमे चारो स्कूलों के बच्चो ने उत्साह से भाग लेकर अपनी अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

इस अवसर विद्यालय के सभी शिक्षक ने भी नेहरू को स्मरण कर उन्हें भाव- भीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।इस मौके पर शिक्षक राजीव वर्णवाल,वशिष्ठ नारायण यादव,रंजीत शर्मा,अवधेश कुमार पप्पू,रंजीत यादव,वंदना कुमारी,हेमलता सिन्हा,सुजाता तिवारी,कैलाशपति यादव के अलावे दर्जनों शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

# भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती पर विशेष, जल-जंगल-जमीन पर अधिकार की लड़ाई का दूसरा नाम बिरसा भगवान

प्रात : किरण संवाददाता

जमुईः- भगवान बिरसा मुंडा स्वतंत्रता आंदोलन के प्रोफेट नायक, एक अद्वितीय समाज सुधारक, आदिवासी समाज का आदर्श और महान देश भक्त थे। बिरसा मुंडा का जन्म 15 नवंबर 1875 में अविभाजित बिहार राज्य के उल्लाहातू (अब झारखंड ) में हुआ था। उनका व्यक्तित्व बहुत ही प्रेरणादायक और अनोखा था। उनके विचार और सिद्धांत वर्तमान परिप्रेक्ष्य में उतना ही प्रासंगिक और उपयोगी है, जितना कि तत्कालीन समय में था। भगवान बिरसा मुंडा कि व्यक्तित्व और कृतित्व पर जमुई के कुछ प्रबुद्ध लोगों के विचार इस प्रकार हैं- केकेएम कॉलेज के स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. गौरी शंकर पासवान जनजातीय गौरव दिवस पर कहते हैं कि भगवान बिरसा मुंडा का व्यक्तित्व और कृतित्व बहुत ही ऊंचा और बहुआयामी था । जल, जंगल और जमीन पर अधिकार की लड़ाई का दूसरा नाम ही बिरसा भगवान है। बिरसा का जीवन समाज के शोषित एवं वंचित वर्ग के प्रति समर्पित था। उनके व्यक्तित्व में वीरता ,साहस, और नेतृत्व की अद्भुत क्षमता थी। बिरसा ने समाज में व्याप्त सामाजिक-आर्थिक अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद की और अपने समुदाय के लिए न्याय और अधिकार की लड़ाई लड़ी थी। बिरसा भगवान का कहना था कि जल, जंगल, व जमीन पर आदिवासी समाज का मौलिक अधिकार है। इसे किसी को छीनने नहीं दिया जा सकता है। बिरसा ने झारखंड की जनजाति समाज के बीच जो क्रांति की अलख जगाई थी और अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया था वह अविश्वसनीय एवं अकल्पनीय था। आज देश में 10 करोड़ आदिवासी समुदायों की आबादी है, जो कुल जनसंख्या के 8.6% है। भारत में जनजातीय हित में अनेकों योजनाएं चलाई जा रही हैं।आदिवासी समुदायों में सामाजिक- आर्थिक और सांस्कृतिक रूप से सुधार भी हो रहे हैं। वर्तमान में भारत के राष्ट्रपति महामहिम श्रीमती द्रौपदी मुर्मू इसी समुदाय से आती हैं। जनजातीय समुदाय के लिए इससे बड़ा गौरव की बात और क्या हो सकती है ? फिर भी उनकी आर्थिक दशा, जीवन स्तर अत्यंत निम्न है।मोदी सरकार ने 15 नवंबर 2021 को बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी, जिसका उद्देश्य जनजाति समुदाय की संस्कृति, परंपरा और योगदान को सम्मान देना है। आज 15 नवंबर 2024 को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के नाम पर डाक टिकट जारी किया जाएगा। साथ ही जनजाति गौरव दिवस मनाया जाएगा जो बिरसा भगवान के प्रति सबसे सच्ची और बड़ी श्रद्धांजलि होगी। ह्ललहराएगा जब तक प्रशांत में पानी, युग-युग गाएगा अमर तेरी कहानी।जग मिटा ना सकता अमर तेरी निशानी। हे प्रहरी बलिदानी ! हे देश भक्त अभिमानीह्व। यह उक्ति भगवान बिरसा मुंडा पर अक्षरशः लागू होती है। वरिष्ठ शिक्षक सह अनुसूचित जाति/ जनजाति कर्मचारी संघ के जिला सचिव श्री नंदकिशोर पासवान ने कहा कि बिरसा मुंडा भारतीय इतिहास के एक महत्वपूर्ण आदिवासियों नेता थे। उनके विचार और कर्तव्यों ने समाज और विशेषकर मुंडा समाज पर गहरा प्रभाव डाला है। बिरसा ने आदिवासी समाज की आपसी एकता को बढ़ावा देने का काम किया था। उन्होंने जाति, धर्म और वर्ग के आधार पर भेदभाव और शोषण का खुलकर विरोध किया।धार्मिक जागरूकता फैलाने का काम किया था। आदिवासी समाज में उन्हें धर्मगुरु माना जाता है। उनके अनुयाई उन्हें धरती आबा कहकर पुकारते हैं। उन्होंने भूमि को आदिवासियों का मूलभूत अधिकार माना था और शोषण तथा अन्याय का विरोध किया था। साहूकारों, जमींदारों और अंग्रेजों द्वारा लगाए गए टैक्स का खुलकर विरोध किया था। बिरसा मुंडा आज इस दुनिया में नहीं है, किंतु उनके विचार और सिद्धांत आज भी जीवित हैं । वरिष्ठ शिक्षक सह प्रगतिशील अनुसूचित जाति/ जनजाति कर्मचारी संघ के प्रादेशिक सचिव श्री सुभाष पासवान कहते हैं कि बिरसा भगवान आदिवासी समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। सन 1895 में विद्रोह की शुरूआत की थी। उनका विद्रोह ब्रिटिश हुकूमत और जमींदारों के विरुद्ध था। बिरसा मुंडा का संघर्ष और बलिदान भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में सदा अमर रहेगा। उनके विचारों,सिद्धांतों तथा आदर्शों पर चलते हुए देश भर में जनजातीय समाज में गौरव और अधिकारों की रक्षा करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। बिरसा मुंडा त्याग और बलिदान के प्रतीक हैं। जब अंग्रेजों ने आदिवासी समाज की जमीने हड़प रहे थे, तो बिरसा चुप नहीं रहा, बल्कि अंग्रेजों के विरुद्ध आंदोलन छेड़ दिया था। उनके नेतृत्व में आंदोलन झारखंड, बिहार, उड़ीसा आदि राज्यों में फैल गया था, जिसने अंग्रेजी सत्ता की जड़े हिला कर रख दिया था। स्टेट रिसोर्स पर्सन श्री सकलदीप पासवान का कहना है कि बिरसा मुंडा स्वतंत्रता संग्राम के क्रांतिकारी विस्मयकारी योद्धा थे। भारत की आजादी और आदिवासी समाज के उत्थान में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के अत्याचार के खिलाफ जंग शुरू कर अंग्रेजों के छक्के छुड़ा दिए थे। सन 1899 में अंग्रेजों ने जाल बिछाकर उन्हें पकड़ लिया तथा आजीवन कारावास की सजा दे दी।

# पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान, दर्जनों वाहन चालक से 12500 रुपया वसूला जुमार्ना



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] बिरसा मुंडा जयंती के उपलक्ष में जमुई के खैरा प्रखंड क्षेत्र में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन को लेकर सुरक्षा की दृष्टिकोण से वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर झाझा थाना की पुलिस पूरी तरह से एक्टिव मोड पर है। किसी भी प्रकार की कोई चुक ना हो इसको लेकर पुलिस प्रशासन पूरी ईमानदारी पूर्वक कार्य कर रही है। गुरुवार को झाझा-सोनो मुख्य मार्ग के धपरी मोड़ के समीप झाझा थाना में पदस्थापित एसआई नंदन कुमार राय के दौरा वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने बड़े वाहन का डिक्की,शीट बेल्ट, चालक का ड्राइविंग लाइसेंस, प्रदूषण समेत कई कागजों को देखा तो वही बाइक चालको से भी गाड़ी का कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस, प्रदूषण, हेलमेट व डिक्की की जांच की। दर्जनों वाहन चालकों से कुल 12 हजार 500 रुपया जुमार्ना वसूल किया गया। वाहन जांच चलता देख अन्य वाहन चालकों में भी हड़कंप मच गया। कई वाहन चालक दूर से ही पुलिस को देखकर वापस लौट गए। वाहन जांच का नेतृत्व कर रहे नंदन कुमार ने बताया की वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर सुरक्षा की दृष्टिकोण से वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। बताते चले की देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिरसा मुंडा जयंती के उपलक्ष पर शुक्रवार को जमुई जिले के खैरा प्रखंड क्षेत्र पहुंच रहे हैं।

# अब महाकाल की नगरी उज्जैन बनेगी वैश्विक आध्यात्मिक नगरी

महाकाल की नगरी उज्जैन में इन दिनों महाकवि कालिदास के नाम पर आयोजित अखिल भारतीय कालिदास समारोह का धूमधाम से आयोजन किया जा रहा है । पांच दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम का शुभारंभ उपराष्ट्रपति जयदीप धनखड़ ने अपने शानदार भाषण से किया। सरकार ने अब उज्जैन को वैश्विक आध्यात्मिक नगर (ग्लोबल स्पिरिचुअल सिटी) बनाने की तैयारियां भी प्रारंभ कर दी हैं। इस योजना के अंतर्गत मोक्षदायिनी शिप्रा नदी से सटी 3062 हेक्टेयर जमीन पर सड़क, पानी, बिजली, सीवरेज का स्थायी काम कराकर आश्रम, स्कूल-कॉलेज और धर्मशाला बनाने के लिए भूखंड आवंटित किए जाएंगे। इससे साधु-संत और श्रद्धालुओं को होटलों के महंगे किराये से मुक्ति मिलेगी और पर्यटन के साथ रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उज्जैन में सर्वाधिक भीड़भाड़ बारह वर्षों में एक बार आयोजित होने वाले कुंभ (जिसे उज्जैन के लिए सिंहस्थ कहा जाता है ) में हुआ करती है । जिसमें साधुसंतों और बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वैश्विक आध्यात्मिक नगरी बनने के बाद यहां आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में निस्संदेह कई गुना वृद्धि होगी ।इसके समाधान के लिए ही यह नयी योजना लायी जा रही है। उल्लेखनीय है कि 2028 में उज्जैन में सिंहस्थ होना है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सिंहस्थ क्षेत्र में साधु-संतों के लिए आश्रम, स्कूल-कॉलेज और धर्मशाला बनवाने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री का कहना था कि उज्जैन की पहचान साधु-संतों से है। इनके उज्जैन में रुकने, ठहरने, कथा भागवत करने के लिए भूमि की आवश्यकता पड़ती है। इसके लिए अब उज्जैन विकास प्राधिकरण के माध्यम से भूखंड लेकर लेकर पक्के और स्थायी आश्रम बनाए जा सकेंगे। उज्जैन के मास्टर प्लान 2035 के अंतर्गत इस योजना में यदि किसी को आश्रम के लिए पांच बीघा जमीन दी जाती है तो उसमें से चार बीघा जमीन उसे खुली रखनी होगी ताकि वहां कथा, यज्ञ जैसे कार्यक्रम आसानी से हो सकें। परिसर में वाहन भी पार्क किए जा सकें। इन भूखंडों का व्यावसायिक उपयोग नहीं किया जा सकेगा। 2023 में संकल्प पत्र के रूप में जारी किए भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र में उज्जैन को वैश्विक आध्यात्मिक नगर बनाने का उल्लेख है। सरकार का मानना है कि उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर, क्षिप्रा तट और योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण का शिक्षा स्थल महर्षि सांदीपनि आश्रम होने से पूरे वर्ष श्रद्धालुओं का मेला लगा रहता है। लैंड पूलिंग योजना के अंतर्गत भूमि का अधिग्रहण कर स्थायी सड़क, नाली, बिजली, पानी की व्यवस्था कराकर भूखंड आवंटित करने की योजना बनाई गई है। अब ये भूखंड कितने बड़े होंगे, क्या कोई संस्था या साधु-संत एक से अधिक भूखंड ले सकेगा, इस बारे में नीति अभी तैयार होना शेष है। वर्ष 2016 और उसके पहले के सिंहस्थ आयोजनों में साधु-संत एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मेला क्षेत्र में सड़क, पानी, सीवरेज, बिजली की व्यवस्था अस्थायी की जाती रही है। इन व्यवस्थाओं पर के लिए सरकार को काफी बड़ी राशि खर्च करनापड़ती है ।एक अनुमति के अनुसार पिछले सिंहस्थ में जितनी राशि खर्च हुई, उतने में ईतने ही स्थायी कार्य हो जाते। पिछली बार सरकार ने इन व्यवस्थाओं पर 4500 करोड़ रुपए खर्च किए थे। श्री महाकालेश्वर मंदिर में स्वचालित वेंडिंग मशीन से प्रसाद वितरण उज्जैन में श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए निरंतर नए-नए प्रयास किए जा रहे हैं। इसी तारतम्य में अब ज्योतिर्लिंग श्री महाकालेश्वर मंदिर में स्वचालित वेंडिंग मशीन से श्रद्धालुओं को प्रसाद मिलेगा। भक्तों द्वारा क्यूआर कोड स्कैन कर पेमेंट करने के बाद लड्डू का पैकेट मशीन से बाहर निकलेगा।

# शिखर पर महंगाई दर

अक्तूबर में खुदरा महंगाई दर 6.2 फीसदी रही है। यह बीते 14 माह के उच्चतम स्तर पर है और भारतीय रिजर्व बैंक के 4-5 फीसदी के संतोषजनक स्तर से भी बहुत ज्यादा है। देश में हरी सब्जियों की कीमतें अक्तूबर में ही 42.2 फीसदी तक बढ़ी हैं। खाद्य और शीतलपेय वाले समूह में महंगाई सितंबर में 8.36 फीसदी थी, लेकिन अक्तूबर में बढ़ कर 9.69 फीसदी तक पहुंच गई। राजधानी दिल्ली और आर्थिक राजधानी मुंबई में प्याज खुदरा में 70-80 रुपए प्रति किलो बेचा जा रहा है, जबकि महाराष्ट्र में ही नासिक सबसे अधिक प्याज का उत्पादन करता है। वहां की मंडियों में भी प्याज औसतन 50 रुपए किलो बेचा जा रहा है। बाजार के जानकारों का आकलन है कि प्याज के दाम 100 रुपए किलो तक बढ़ सकते हैं और टमाटर इससे भी काफी महंगा बिक सकता है। सिर्फ सब्जियां ही नहीं, अनाज, दालें, खाद, खाद्य तेल और खेती के लिए अनिवार्य वस्तुएं भी महंगी हुई हैं। किसानों को रबी फसलें बोनी हैं, लेकिन बाजार में खाद का संकट है। खाद की दुकानों के बाहर लंबी-लंबी लाइनें लगी हैं। खाद की जो बोरी 50 किलो की मिलती थी, वह अब कम कर दी गई है, लेकिन बोरी 300 रुपए तक महंगी कर दी गई है। किसान औसतन सस्ती फसल कैसे बो सकता है और उसे न्यूनतम समर्थन मूल्य कैसे मिल सकता है? रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास का आकलन है कि महंगाई अभी और बढ़ेगी। भारत सरकार और रिजर्व बैंक ने मिल कर तय किया था कि खुदरा महंगाई दर 4-5 फीसदी के बीच रहनी चाहिए। आदर्श स्थिति 4 फीसदी की है। अभी तक कोशिशें भी की गईं कि महंगाई वहीं तक सिमट कर रहे, लेकिन अब हदें लांघ दी गई हैं। सितंबर में खुदरा महंगाई दर 5.5 फीसदी पर पहुंच गई थी। बढ़ोतरी के संकेत वहीं से मिल गए थे। अब यह महंगाई दर 6.2 फीसदी हो गई है, जो सर्वाधिक है। ये तमाम आंकड़े भारत सरकार के ह्यसांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालयह्न ने जारी किए हैं। जो संगठन निजी क्षेत्र में सक्रिय हैं, उनका डाटा भिन्न हो सकता है और महंगाई दर भी ज्यादा हो सकती है। बहरहाल अभी जो चुनाव किए जा रहे हैं, उनमें महंगाई प्रमुख चुनावी मुद्दा नहीं है। चुनावों में मुफ्तखोरी की रेवड़ियों की प्रतिद्वंद्विता है अथवा बांटने, काटने, डरने, मरने की ही चर्चाएं हैं। महंगाई के अलावा बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य सरीखे मुद्दों पर कभी भी जनादेश तय नहीं होते, जबकि ये आम आदमी की बुनियादी समस्याएं और जरूरतें हैं। एसबीआई रिसर्च के मुताबिक, देश के 23 राज्यों में से छत्तीसगढ़ में, बीते एक साल के दौरान, महंगाई सबसे अधिक 6.4 फीसदी बढ़ी है। मप्र में 3 फीसदी, उप्र, बिहार, केरल, तमिलनाडु में 2.3 फीसदी महंगाई बढ़ी है। पंजाब और हरियाणा ऐसे राज्य हैं, जहां साल भर में महंगाई क्रमशः 0.4 फीसदी और 0.7 फीसदी ही बढ़ी है, लेकिन महंगाई दर 5 फीसदी से अधिक रही है। सिर्फ राजस्थान ही ऐसा इकलौता राज्य है, जहां महंगाई दर घटी है।

# किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता सोशल मीडिया

**हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने कहा है कि सरकार 16 साल से कम उम्र के लोगों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने के लिए कानून बनाएगी। वास्तव में पूरी दुनिया में किशोरों की सुरक्षा के लिए सोशल मीडिया पर आयु प्रतिबंध लगाने के संभावित लाभ और नुकसान, साथ ही संभावित अनपेक्षित परिणामों पर विचार करना होगा। क्या ऐसे प्रतिबंध मानसिक स्वास्थ्य की रक्षा करने, हानिकारक सामग्री के संपर्क को कम करने और विकासशील दिमागों की रक्षा करने में मदद कर सकते हैं।**





डॉ सत्यवान सौरभ
लेखक

किशोरों पर सोशल मीडिया के प्रभाव ने वैश्विक स्तर पर गंभीर चिंताएँ पैदा की हैं, इस बात पर बहस चल रही है कि क्या आयु प्रतिबंध इसके संभावित नुकसानों को प्रभावी ढंग से दूर कर सकते हैं या अनपेक्षित परिणामों को जन्म दे सकते हैं। साथियों के साथ बातचीत और समुदाय निर्माण की सुविधा देता है, सामाजिक कौशल विकास में सहायता करता है। प्यू रिसर्च (2023) ने पाया कि 71% किशोर सोशल मीडिया के माध्यम से अधिक जुड़ाव महसूस करते हैं। युवाओं को पहचान तलाशने और खुद को स्वतंत्र रूप से व्यक्त करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। सोशल मीडिया इंटरनेट साइट्स और ऐप्स के लिए एक शब्द है जिसका उपयोग आप अपने द्वारा बनाई गई सामग्री को साझा करने के लिए कर सकते हैं। सोशल मीडिया आपको दूसरों द्वारा पोस्ट की गई सामग्री पर प्रतिक्रिया देने की सुविधा भी देता है। इसमें दूसरों द्वारा पोस्ट की गई तस्वीरें, टेक्स्ट, प्रतिक्रियाएँ या टिप्पणियाँ और जानकारी के लिंक शामिल हो सकते हैं। सोशल मीडिया साइट्स के भीतर ऑनलाइन शेयरिंग कई लोगों को दोस्तों के संपर्क में रहने या नए लोगों से जुड़ने में मदद करती है और यह अन्य आयु समूहों की तुलना में किशोरों के लिए अधिक महत्त्वपूर्ण हो सकता है। दोस्ती किशोरों को समर्थित महसूस करने में मदद करती है और उनकी पहचान बनाने में भूमिका निभाती है। इसलिए, यह सोचना स्वाभाविक है कि सोशल मीडिया का उपयोग किशोरों को कैसे प्रभावित कर सकता है। सोशल मीडिया बहुत से किशोरों के दैनिक जीवन का एक बड़ा हिस्सा है। कितना बड़ा? 13 से 17 साल के बच्चों पर 2024 में किए गए एक सर्वेक्षण से इसका सुराग मिलता है। लगभग 1,300 प्रतिक्रियाओं के आधार पर, सर्वेक्षण में पाया गया कि 35% किशोर दिन में कई बार से ज्यादा पाँच सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म में से कम से कम एक का इस्तेमाल करते हैं। पाँच सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म हैंः यूट्यूब, टिकटोक, फेसबुक, इंस्टाग्राम और स्नैपचैट। सोशल मीडिया सभी किशोरों को एक जैसा प्रभावित नहीं करता है। सोशल मीडिया का उपयोग मानसिक स्वास्थ्य पर स्वस्थ और अस्वस्थ प्रभावों से जुड़ा हुआ है। ये प्रभाव एक किशोर से दूसरे किशोर में अलग-अलग होते हैं। मानसिक स्वास्थ्य पर सोशल मीडिया का प्रभाव चीजों पर निर्भर करता है। यूनिसेफ की रिपोर्ट (2022) से पता चलता है कि सोशल मीडिया 62% किशोरों में आत्म-पहचान को बढ़ावा देता है। विशाल शैक्षिक संसाधनों तक पहुँच सक्षम करता है, डिजिटल साक्षरता और कौशल को बढ़ाता है। लिंक्डइन और फेसबुक युवाओं के लिए डिजिटल कौशल पर कार्यशालाएँ प्रदान करते हैं। हाशिए के समूहों के लिए समर्थन और समझ पाने के लिए सुरक्षित स्थान बनाता है हल्ड (2022) ने सीमित सोशल मीडिया एक्सपोजर वाले युवाओं में मानसिक स्वास्थ्य जोखिमों में 20% की कमी की रिपोर्ट की है। अनुचित या खतरनाक सामग्री के संपर्क को सीमित करता है, जिससे नकारात्मक प्रभावों के जोखिम कम होते हैं। अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन (2023) ने पाया कि सोशल मीडिया का उपयोग साइबरबुलिंग के जोखिम को 30% तक बढ़ाता है। युवा उपयोगकर्ताओं को लक्षित करने वाले शिकारी व्यवहार और शोषण के जोखिमों को कम करने में मदद करता है। नेशनल सेंटर फॉर मिसिंग एंड एक्सप्लॉइटेड चिल्ड्रन की 2023 की रिपोर्ट में युवाओं से जुड़े ऑनलाइन शोषण के मामलों में 15% की वृद्धि पर प्रकाश डाला गया है। अत्यधिक स्क्रीन समय को नियंत्रित करता है, बेहतर स्वास्थ्य और ऑफलाइन जुड़ाव का समर्थन करता है। डिजिटल मीडिया पर दक्षिण कोरिया के नियम (2021) नाबालिगों में स्क्रीन की लत को सीमित करते हैं। आयु सत्यापन प्रणाली जैसे आयु प्रतिबंधों के अनपेक्षित परिणाम अक्सर दरकिनार कर दिए जाते हैं, जिससे प्रतिबंधों को लागू करना मुश्किल हो जाता है। यू.के. के अध्ययन (2022) से पता चलता है कि 30% किशोर न्यूनतम प्रयास से आयु जाँच को दरकिनार कर देते हैं। आयु प्रतिबंध डिजिटल शिक्षा को सीमित कर सकते हैं, जिससे युवा ज़िम्मेदार ऑनलाइन बातचीत के लिए तैयार नहीं हो पाते। पहुँच को प्रतिबंधित करने से किशोर अलग-थलग पड़ सकते हैं, जिससे वे महत्त्वपूर्ण सामाजिक संवादों में शामिल नहीं हो पाते। यूनिसेफ (2023) ने पाया कि सोशल मीडिया समावेशिता में मदद करता है, खासकर हाशिए पर पड़े समूहों के लिए। प्रमुख प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंध युवाओं को कम विनियमित, संभावित रूप से अधिक हानिकारक साइटों की ओर धकेल सकते हैं। प्रतिबंध वाले देशों में, किशोर कम सुरक्षा नियंत्रण वाले आला प्लेटफॉर्म की ओर मुड़ गए हैं, जिससे जोखिम बढ़ गया है। डिजिटल साक्षरता और जागरूकता को बढ़ावा दें युवाओं को सुरक्षित ऑनलाइन प्रथाओं के बारे में शिक्षित करने के लिए स्कूलों में व्यापक डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम शुरू करें। फिनलैंड का मीडिया साक्षरता सप्ताह छात्रों को डिजिटल सुरक्षा और आलोचनात्मक सोच में प्रशिक्षित करता है। माता-पिता को अपने बच्चों के सोशल मीडिया उपयोग की निगरानी और मार्गदर्शन करने में मदद करने के लिए संसाधन प्रदान करें। 2017 चाइल्ड ऑनलाइन प्रोटेक्शन फ्रेमवर्क डिजिटल मार्गदर्शन में माता-पिता की भूमिका पर जोर देता है। उम्र सम्बंधी प्रतिबंधों के बजाय हानिकारक सामग्री को प्रतिबंधित करने पर ध्यान केंद्रित करें, जिससे सुरक्षित और संयमित उपयोग की अनुमति मिले। जुआ और हिंसा जैसी सामग्री पर फ्रांस के 2022 के चुनिंदा प्रतिबंध पूर्ण प्रतिबंध के बिना युवाओं की रक्षा करते हैं। जबकि सोशल मीडिया पर उम्र सम्बंधी प्रतिबंध सुरक्षा प्रदान कर सकते हैं, एक संतुलित दृष्टिकोण जो डिजिटल शिक्षा, माता-पिता की भागीदारी और लक्षित सामग्री विनियमन को जोड़ता है, किशोरों की सुरक्षा के लिए अधिक व्यावहारिक है, जबकि उन्हें जिम्मेदारी से सोशल मीडिया से लाभ उठाने की अनुमति देता है।

# लड़कियों को भी खेलने के अवसर मिलने चाहिए

**इसी वर्ष तमिलनाडु में आयोजित छठे खेलों इंडिया यूथ गेम्स में राजस्थान के खिलाड़ियों ने भी विभिन्न प्रतिस्पर्धा में बेहतरीन प्रदर्शन कर राज्य को टॉप 5 में स्थान दिलाया है. इसमें लड़कों के साथ साथ लड़कियों ने भी बेहतरीन प्रदर्शन किया और राज्य की झोली में स्वर्ण पदक डाला. अपने प्रदर्शन से इन्होंने यह साबित किया कि यदि लड़कियों को भी अवसर उपलब्ध कराए जाएं तो वह भी अपने गाँव, जिला और राज्य का नाम रौशन कर सकती है. इतना ही नहीं, वर्ष 2009 में, निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा के साथ-साथ, बच्चों को विभिन्न खेलों और मनोरंजन में शामिल करने के लिए खेल के मैदानों को अनिवार्य बनाया गया ।**





सरिता नायक
लेखक

हाल ही में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व स्पिनर नीतू डेविड को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अपने हॉल ऑफ फेम में शामिल किया है. यह सम्मान प्राप्त करने वाली वह दूसरी भारतीय महिला क्रिकेटर हैं. नीतू दुनिया की अकेली ऐसी महिला क्रिकेटर हैं जिनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का रिकॉर्ड अभी तक कोई महिला क्रिकेटर तोड़ नहीं सकी है. सिर्फ क्रिकेट ही नहीं, बल्कि खेल की ऐसी कोई प्रतियोगिता नहीं है जिसमें महिलाओं ने अपनी कामयाबी के झंडे नहीं गाड़े हैं. जिला स्तर से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक की सभी प्रतिस्पधाओं में महिलाओं ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर यह साबित किया है कि यदि उन्हें भी सुविधाएं और प्रैक्टिस के अवसर मिले तो वह हर प्रतियोगिता जीत सकती हैं. लेकिन अभी भी देश के कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं जहां लड़कियों को न तो खेल की सुविधाएं मिलती हैं और न ही प्रैक्टिस के लिए मैदान उपलब्ध हो पाते हैं. जिससे उनकी प्रतिभा प्रभावित होती है और वह खेलने के अवसरों से वंचित हो जाती हैं। ऐसा ही एक गांव करणीसर भी है, जो राजस्थान के बीकानेर जिला स्थित लूणकरणसर ब्लॉक से करीब 50 किमी दूर स्थित है. इस गांव की लड़कियों में खेल की काफी प्रतिभाएं हैं लेकिन उसे निखारने के लिए प्रैक्टिस की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है. इस संबंध में गांव की 22 वर्षीय ममता कहती है कि उसे खेलने का बहुत शौक था. वह स्कूल स्तर पर खो खो खेला करती थी. उसने जिला स्तर पर स्कूली खेल प्रतियोगिताएं में भाग भी लिया था और स्कूल के लिए सिल्वर मेडल जीता था. लेकिन कॉलेज स्तर पर उसे अवसर नहीं मिला क्योंकि प्रैक्टिस की सुविधा नहीं थी. वह कहती है कि गांव में खेलने के लिए कोई मैदान नहीं है. जिससे प्रैक्टिस नहीं कर पाती हैं. वहीं एक अन्य किशोरी संगीता कहती है कि खेल में अच्छे प्रदर्शन के लिए लगातार प्रैक्टिस की जरूरत होती है. गांव के लड़के तो कहीं भी जाकर खेल की प्रैक्टिस कर लेते हैं लेकिन लड़कियों को ऐसे अवसर नहीं मिलते हैं. जिससे वह अभ्यास से वंचित रह जाती है। खेल सामाजिक गतिविधियों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, इससे शारीरिक और मानसिक विकास के साथ अनुशासन और टीम भावना का विकास होता है. लेकिन जब इसमें लड़कियों की भागीदारी और उन्हें मिलने वाले अवसरों की बात आती है तो वह बहुत सीमित हो जाती है. उन्हें कई तरह की बाधाओं का सामना करना पड़ता है. हालांकि पिछले कुछ दशकों में खेल प्रतियोगिताओं में लड़कियों के भाग लेने की संख्या में वृद्धि अवश्य हुई है, इसके बावजूद उनके सामने अभी भी कई अड़चने हैं जो उन्हें इस क्षेत्र में पूरी तरह से शामिल होने से रोकती है. सबसे बड़ी अड़चन लड़कियों के खेलने के प्रति समाज की संकुचित सोच है. पारंपरिक रूप से पितृसत्तात्मक समाज खेल को पुरुष-प्रधान गतिविधियां मानता है और लड़कियों को शारीरिक रूप से कमजोर मानकर उन्हें इससे दूर रखने का प्रयास करना चाहता है. प्रोत्साहित करने की जगह उनका मनोबल तोड़ा जाता है. वहीं करणीसर जैसे गांव में सुविधाओं की कमी किशोरियों के इस राह में एक और रुकावट बन जाती है। इस संबंध में गांव की 23 वर्षीय जया विश्नोई कहती हैं कि ह्लबचपन से ही मेरा सपना था कि मैं एक सफल क्रिकेटर बनूं और भारतीय टीम का हिस्सा बनूं. मैं मिताली राज से बहुत प्रभावित थी. स्कूल में खेलने के अवसर मिल जाते थे. लेकिन अब गांव में प्रैक्टिस की ऐसी कोई जगह नहीं है जहां हम लड़कियां क्रिकेट का अभ्यास कर सकें. जिससे राष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट खेलने का मेरा सपना पूरा नहीं हो सका. मेरी दिली इच्छा है कि जो मेरे साथ हुआ वह मेरे बाद की किशोरियों के साथ न हो. उन्हें अपनी मर्जी के खेल खेलने और प्रैक्टिस के भरपूर अवसर मिले. इसके लिए गांव में ऐसी जगह होनी चाहिए जहां लड़कियां अपने अपने खेल का पूरा अभ्यास कर सकें. जया कहती है कि इसके लिए गांव के लोगों और पूरे समाज को गंभीरता से सोचने की जरूरत है ताकि लड़कियां भी खेल में आगे बढ़ कर करणीसर गांव का नाम रौशन कर सकें. वह कहती है कि हमारे देश के ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर लड़कियों को घरेलू कार्यों तक सीमित रखा है. उन्हें शिक्षा तक से भी वंचित करने का प्रयास किया जाता है. ऐसे में खेल गतिविधियों में भाग लेने के लिए उनके पास बहुत कम विकल्प रहते हैं. लड़कियां खेलने के अपने सपनों को पूरा नहीं कर पाती हैं. लेकिन अगर उन्हें अवसर और सुविधाएं मिले तो परिदृश्य बदल सकता है। 23 वर्षीय एक अन्य किशोरी शारदा पूरे आत्मविश्वास के साथ कहती है कि पहले की तुलना में अब खेलों में लड़कियों की भागीदारी बढ़ने लगी है. सरकार भी खेलो इंडिया के माध्यम से इस क्षेत्र में किशोरियों की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठा रही है. जिससे कई किशोरियों ने अपनी पहचान बनाई है. इसकी वजह से ओलंपिक और राष्ट्रमंडल जैसे अंतरराष्ट्रीय खेलों में भारतीय महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है. इसके अतिरिक्त विभिन्न खेलों में महिला लीग की शुरूआत कर किशोरियों को खेल के मंच भी उपलब्ध कराये जा रहे हैं. हाल के अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं में कई महिला खिलाड़ियों ने पदक जीतकर इस धारणा को मजबूत किया है कि यदि लड़कियों को भी अवसर उपलब्ध कराये जाएं तो वह भी देश के नाम मैडल जीत सकती है. वह कहती है कि अब कई परिवार अपनी बेटियों को खेलों में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं।

# भारत के भूले-बिसरे आदिवासी कैसे सशक्त बने !

भारत का आदिवासी समुदाय 2014 से पहले, एक कठिन संघर्ष का सामना कर रहा था, उनका संघर्ष काफी हद तक देश की नजरों से दूर था। दशकों तक, वे हाशिये पर रहे, उन्हें नजरअंदाज किया गया और स्वस्थ, सम्मानजनक जीवन जीने के लिए आवश्यक सहायता के बिना उन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया गया। कई आदिवासी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और आर्थिक अवसर जैसी बुनियादी सुविधाएँ या तो न्यूनतम थीं या मौजूद ही नहीं थीं। लेकिन 2014 के बाद, एक परिवर्तनकारी बदलाव हुआ। मोदी सरकार की आदिवासी समुदायों पर केन्द्रित पहलों ने न केवल आदिवासियों की जरूरतों को स्वीकार किया, बल्कि इन मुद्दों को तत्परता से प्राथमिकता भी दी। शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य सेवा और आर्थिक सशक्तीकरण तक, इन समुदायों को अब उस तरह का समर्थन और निवेश देखने को मिल रहा है जो उन्हें कई पीढ़ियों से नहीं मिला था। उदाहरण के लिए शिक्षा को ही ले लें। आदिवासी बच्चों को एक समय में गुणवत्तापूर्ण स्कूली शिक्षा मिलने की बहुत कम उम्मीद थी। 2014 से पहले जो थोड़े बहुत एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) थे, वे संख्या की दृष्टि से कम थे और उनमें संसाधनों की भी कमी थी। लेकिन इसके बाद, शिक्षा पर मोदी सरकार द्वारा विशेष ध्यान दिए जाने के कारण इन स्कूलों का महत्वपूर्ण विस्तार हुआ है। आज, 715 स्कूलों की मंजूरी दी गई है, और 476 पहले से ही चल रहे हैं, जिनमें 1.33 लाख से अधिक छात्र पढ़ रहे हैं। ये स्कूल आधुनिक सुविधाओं, डिजिटल कक्षाओं और खेल के बुनियादी ढांचे से लैस हैं, जो यह सुनिश्चित करते हैं कि आदिवासी बच्चों को भी उनके शहरी समकक्षों के बराबर शिक्षा मिले। 17,000 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति ने 3 करोड़ से अधिक आदिवासी छात्रों को और सशक्त बनाया है, जिससे उन्हें उच्च शिक्षा और बेहतर करियर के अवसर मिल रहे हैं। आदिवासी युवाओं के लिए जो रास्ता कभी बंद लगता था, वह अब खुला हुआ है और वे संभावनाओं से भरे भविष्य की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। स्वास्थ्य सेवा के मामले में भी कहानी कुछ अलग नहीं है। 2014 से पहले, आदिवासी समुदायों की गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तक सीमित पहुंच थी, सरकारी सहायता धीमी गति से मिलती थी या पहुंच से बाहर थी। लेकिन तब से, एक नया अध्याय शुरू हुआ है। मोबाइल मेडिकल यूनिट अब आदिवासी क्षेत्रों के दूरदराज के कोनों तक पहुंचती हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ हो जातीहैं। इसके अतिरिक्त, आदिवासी क्षेत्रों में 1.5 करोड़ से अधिक शौचालय बनाए गए हैं, जिससे स्वच्छता में सुधार हुआ है और बीमारियों का प्रसार कम हुआ है। आदिवासी समुदायों के स्वास्थ्य और कल्याण को प्राथमिकता दी जा रही है, जिससे उनके जीवन में बहुत बड़ा बदलाव आया है। आदिवासी समुदायों को असंगत रूप से प्रभावित करने वाली बीमारी- सिकल सेल एनीमिया को खत्म करने के लिए देश भर में अभियान चलाया जा रहा है जो प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हुआ है। 2023 में शुरू किए गए राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन का लक्ष्य 2047 तक इस बीमारी का पूरी तरह से उन्मूलन करना है। अब तक 4.6 करोड़ से ज्यादा आदिवासी व्यक्तियों की जांच की जा चुकी है और उनका निदान और उपचार किया जा रहा है। स्वास्थ्य सेवा संबंधी कार्य का यह स्तर कुछ साल पहले तक दूर का सपना लगता था। इसका लक्ष्य स्क्रीनिंग, काउंसलिंग और देखभाल के जरिए 7 करोड़ लोगों को शामिल करना है, जिससे आदिवासी समुदायों को नई उम्मीद मिलेगी। वन अधिकार कानूनों के कठोर क्रियान्वयन के साथ, आदिवासी भूमि अधिकारों को मान्यता देने और उनकी रक्षा करने में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। 2014 से पहले, आदिवासी समुदायों के पास अपनी भूमि को लेकर सुरक्षा की भावना बहुत कम रहती थी, वे अतिक्रमण और विस्थापन के निरंतर भय में रहते थे। अपनी भूमि पर नियंत्रण नहीं होने के कारण लंबे समय तक इस समुदाय में गरीबी और संस्कृति खोने का सिलसिला बना रहा। लेकिन मोदी सरकार के तहत, एक ऐतिहासिक बदलाव हुआ है। वन अधिकार कानून को सक्रिय रूप से लागू किया गया है, जिसके परिणामस्वरूप आदिवासी परिवारों को 23 लाख से अधिक भूमि के अधिकार दिए गए हैं, जिसमें 1.9 करोड़ एकड़ से अधिक क्षेत्र शामिल है। इस ऐतिहासिक कदम ने आदिवासियों को अपनी भूमि पर खेती करने, पारंपरिक आजीविका का अभ्यास करने और विस्थापन के डर के बिना अपनी पैतृक विरासत की रक्षा करने का अधिकार दिया है। आदिवासी भारत के लिए, भूमि केवल एक संसाधन नहीं है, बल्कि सशक्तिकरण के एक नए युग में सुरक्षा और सम्मान का स्रोत है। आर्थिक सशक्तिकरण एक और ऐसा क्षेत्र है जहां अत्यधिक परिवर्तन देखने को मिला है। 2014 से पहले, आदिवासी समुदाय अक्सर अपनी आजीविका के लिए वनोपज पर निर्भर रहते थे, लेकिन इन संसाधनों का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए उनके पास सहयोग या साधन नहीं थे। आज, राष्ट्रीय बांस मिशन जैसी पहलों ने आदिवासियों के लिए आर्थिक परिदृश्य फिर से परिभाषित किया है। बांस को पेड़ की श्रेणी से हटाकर, सरकार ने आदिवासी परिवारों के लिए बांस की कटाई, प्रसंस्करण और बिक्री के नए रास्ते खोले हैं, जिससे उन्हें आय का एक स्थायी स्रोत मिला है। वन धन विकास केन्द्रों (वीडीवीके) ने भी 45 लाख से अधिक आदिवासी लाभार्थियों का सहयोग किया है, जिससे उन्हें वनोपज के मूल्य संवर्धन और अपनी आय बढ़ाने में मदद मिली है। पीएम-किसान के तहत, लगभग 1.2 करोड़ आदिवासी किसान अब प्रत्यक्ष वित्तीय सहायता प्राप्त करते हैं, जिससे उन्हें कृषि में निवेश करने और अपनी उत्पादकता में सुधार करने का अधिकार मिला है। ये पहलें न केवल आदिवासी अर्थव्यवस्थाओं को बदल रही हैं।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शुक्रवार,15 नवंबर, 2024


## संक्षिप्त खबरें

### उत्तर प्रदेश के पीलीभीत में बस पलटी, 25 लोग घायल

पीलीभीत। पीलीभीत जिले में मजदूरों को ले जा रही एक बस बृहस्पतिवार को सड़क किनारे एक गड्ढे में पलटी गई जिससे 25 लोग घायल हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। घुंघचाई पुलिस थाना के प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि बस बरेली जिले के नवाबगंज और आसपास के गांवों से लगभग 60 श्रमिकों को बिहार के एक भट्ठे पर ले जा रही थी। बलरामपुर चौकी के पास बस अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। उन्होंने बताया कि हादसे में करीब 25 लोग घायल हो गए और रुखसाना तथा जन्नती बेगम की हालत गंभीर बताई जा रही है जिन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि बाकी घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुरनपुर और निजी अस्पतालों में हो रहा है।

### अमेठी में ट्रेन से गिरकर एक यात्री की मौत

अमेठी। जिले के मुसाफिरखाना क्षेत्र में इसौली के पास बृहस्पतिवार को ट्रेन से गिरकर 35 वर्षीय एक यात्री की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक यात्री बेगमपुरा एक्सप्रेस से यात्रा कर रहा था तभी अचानक ट्रेन से गिर गया जिससे वह तेज ट्रेन की चपेट में आ गया। मुसाफिरखाना पुलिस थाने के प्रभारी विवेक सिंह ने बताया कि यात्री की पहचान नहीं हो पाई है और शव को शवगृह भेज कर मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में ट्रक नदी में गिरा, एक की मौत

मुजफ्फरनगर। जिले के रतनपुरी इलाके में एक ट्रक काली नदी में गिर गया, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। क्षेत्राधिकारी गजेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि नदी से एक शव बरामद किया गया है और संदेह है कि संभवतः यह शव चालक का है। सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। उन्होंने बताया कि अन्य संभावित पीड़ितों की तलाश गोताखोर कर रहे हैं।

### उत्तर प्रदेश के मेरठ में पुलिस मुठभेड़ के दौरान गोकशी का आरोपी घायल

मेरठ। मेरठ के मवाना क्षेत्र में मुठभेड़ के दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गोकशी का आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गया। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना बुधवार की है। मवाना पुलिस थाने के प्रभारी राजेश कुमार कंबोज ने बताया कि पुलिस जब आमिर से गोकशी में इस्तेमाल होने वाले सजो सामान बरामद कर रही थी, तभी उसने भागने की कोशिश में उप निरीक्षक की पिस्तौल छीनने का प्रयास किया। उन्होंने कहा, ह्यह्यजैसे ही पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ने की कोशिश की, आमिर ने उन पर गोली चला दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में आरोपी के एक पैर में गोली लग गई। थाना प्रभारी ने बताया कि आमिर को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है और पुलिस ने उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### जोहो के सीईओ श्रीधर वेम्बू एबीवीपी के 70वें राष्ट्रीय अधिवेशन में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे

लखनऊ,। गोरखपुर में 22 से 24 नवंबर तक आयोजित होने वाले अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के 70वें राष्ट्रीय सम्मेलन में ह्यजोहो कॉरपोरेशनह्न के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) श्रीधर वेम्बू बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की छात्र शाखा एबीवीपी ने एक बयान में कहा कि वेम्बू 22 नवंबर को सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में विद्यार्थियों और संकाय प्रतिनिधियों को संबोधित करेंगे। बयान में कहा गया कि भारत के तकनीकी विकास को आगे बढ़ाने, ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने और शिक्षा प्रणाली में महत्वपूर्ण सुधार लाने में वेम्बू के प्रयास देश के युवाओं के लिए मार्गदर्शक के रूप में काम करते हैं। वेम्बू ने स्थानीय निवासियों के लिए रोजगार सृजन के मकसद से तमिलनाडु के तेनकासी में ह्यजोहो कॉर्पोरेशनह्न की शुरूआत की। बयान में कहा गया कि तमिलनाडु के एक सुदूर इलाके में अपना उद्योग स्थापित करने के बाद, वेम्बू ने ऐसे अवसर पैदा किए जो आमतौर पर केवल बड़े शहरों में शीर्ष बहुराष्ट्रीय कंपनियों में ही उपलब्ध होते हैं। इसमें कहा गया कि ग्रामीण जीवन को उन्नत तकनीक और उद्यमिता से जोड़ने के उनके प्रयास अनुकरणीय हैं और एबीवीपी के राष्ट्रीय अधिवेशन में उनका संबोधन युवाओं को दिशा और प्रेरणा प्रदान करेगा।

# जो लोग एक राष्ट्र, एक चुनाव की बात करते हैं, वे एक दिन में परीक्षा तक नहीं करा सकते: अखिलेश

प्रात: किरण, संवाददाता



प्रयागराज (उप्र), 14 नवंबर (वेब वार्ता)। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रयागराज में छात्रों के विरोध प्रदर्शन से निपटने और परीक्षाओं को ठीक से आयोजित करने में विफल रहने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की आलोचना की। फूलपुर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए यादव ने उप्र लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) द्वारा राज्य सिविल सेवा (पीसीएस)-प्रारंभिक परीक्षा और आरओ-एआरओ परीक्षा अलग-अलग दो दिन में आयोजित कराने के फैसले के खिलाफ चल रहे छात्रों के विरोध प्रदर्शन का जिक्र करते हुए सरकार की आलोचना की। उन्होंने कहा, जो लोग एक राष्ट्र, एक चुनाव की बात करते हैं, वे एक दिन में छात्रों के लिए परीक्षा भी नहीं करवा सकते। यादव ने छात्रों के साथ एकजुटता व्यक्त की, लेकिन राजनीतिकरण के आरोपों से बचने के लिए विरोध प्रदर्शन में शामिल होने से परहेज किया। उन्होंने राज्य में परीक्षाओं के सुचारु संचालन को सुनिश्चित करने में असमर्थता के लिए भाजपा की आलोचना की। उन्होंने कहा, यह वही सरकार है जो एक राष्ट्र, एक चुनाव को बढ़ावा देती है, लेकिन उत्तर प्रदेश में वे हमारे युवाओं के लिए एक दिन में परीक्षा तक नहीं करा सकते। प्रयागराज में हजारों छात्र इस फैसले के खिलाफ लगातार चौथे दिन बृहस्पतिवार को विरोध प्रदर्शन किया जिनका दावा है कि इससे अनावश्यक भ्रम और कठिनाई बढ़ रही है। यादव ने प्रश्नपत्र लीक, बार-बार परीक्षा के स्थगित और रद्द होने जैसे मुद्दों का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा सरकार युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रही है। उन्होंने फूलपुर में होने वाले आगामी उपचुनाव पर भी अपना ध्यान केंद्रित किया, जहां समाजवादी पार्टी अपने उम्मीदवार के रूप में मुस्तफा सिद्दीकी का समर्थन कर रही है। यादव ने उपचुनाव स्थगित करने के लिए भाजपा की आलोचना की, जो मूल रूप से 13 नवंबर को होने थे, लेकिन अब 20 नवंबर तक टाल दिए गए हैं। उन्होंने कहा,इन उपचुनावों में भाजपा को हार का सामना करना पड़ेगा। यादव ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर भी सीधा हमला बोला और कहा, लोग जानते हैं कि यह सरकार जाने वाली है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र चुनाव का नतीजा जो भी हो, आदित्यनाथ की कुर्सी नहीं बचेगी। मुख्यमंत्री की अक्सर आक्रामक बयानबाजी पर टिप्पणी करते हुए यादव ने कहा, हमारे मुख्यमंत्री बहुत शिक्षित और जानकार हैं, लेकिन वे कम बोलने की जरूरत होने पर बहुत ज्यादा बोलते हैं। इसलिए हमारे यहां ह्यमौनी बाबाह्न की परंपरा है झ यानी कम बोलना। वह जब भी बोलते हैं, कड़वाहट होती है। उनकी नकारात्मक मानसिकता उनकी नकारात्मक भाषा में झलकती है। योगी आदित्यनाथ का सीधे नाम लिए बिना यादव ने कहा,कोई भी व्यक्ति अपने कपड़ों से योगी नहीं बनता। कोई भी व्यक्ति अपने विचारों और शब्दों से योगी बनता है। फूलपुर उपचुनाव की जरूरत इसलिए पड़ी क्योंकि मौजूदा विधायक 2024 में लोकसभा के लिए चुने गए हैं। इस सीट पर भाजपा ने पूर्व विधायक दीपक पटेल को मैदान में उतारा है, जबकि बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने जितेंद्र कुमार सिंह को उम्मीदवार बनाया है। मतदान 20 नवंबर को होगा।

# रेलवे मंडल के मुरादाबाद स्टेशन पर चलायागया जबरदस्त किले बंदी टिकट चेकिंग अभियान

● चेकिंग अभियान में रेलवे ने किया हजारों रुपए का राजस्व अर्जित

प्रात : किरण संवाददाता






मुरादाबाद। रेलवे मंडल मुरादाबाद के मुरादाबाद रेलवे स्टेशन पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता के निर्देशन में जबरदस्त किलेबंदी टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया । इस अभियान के अंतर्गत 29 गाड़ियों (गाड़ी संख्या 14311,14617, 22490, 05582, 14113, 12317, 04032,12036, 22419, 05333, 15127, 12583, 04350, 14113, 05578, 15005, 22454, 14673, 15652,15933, 15036, 22355, 05109, 12369, 05284,12407,15909, 12358, 12407) में किलेबंदी टिकट चेकिंग टीम द्वारा चेक किया गया। इस किलेबंदी टिकट चेकिंग अभियान द्वारा 73 केस बिना टिकट यात्रा के पकड़े गए जिनसे कुल 37320 /= का रेल राजस्व अर्जित किया गया। अनियमित यात्रा के 129 केस द्वारा 61465 /= का रेल राजस्व तथा धूम्रपान का एक केस द्वारा 200/= का रेल राजस्व, गंदगी फैलाने के 04 केस द्वारा 1400/= का रेल राजस्व अर्जित किया। आज (कल) किलेबंदी टिकट चेकिंग अभियान द्वारा कुल 207 केस द्वारा1,00385 /= का रेल राजस्व अर्जित किया।आज इस अभियान में श्री बी. के. शर्मा (सीटीटीआई/बालामऊ), श्री विजयंत शर्मा (सीआईटी / स्टेशन / मुरादाबाद), जितेन्द्र कुमार (सीटीटीआई/मुरादाबाद), विनीत कुमार (सीआईटी/मुरादाबाद), अनामिका शाह (सीआईटी/मुरादाबाद) सहित कुल 15 टिकट चेकिंग स्टाफ तथा रेलवे सुरक्षा बल के हेड कांस्टेबल चंद्रशेखर, अंकित सिंह सहित कुल 04 स्टाफ इस अभियान में शामिल रहे। आपको बताते चले कि बिना टिकट यात्रा, अनियमित यात्रा, धूम्रपान एवं गंदगी फैलाने के विरूद्ध मंडल में समय-समय पर इस तरह के अभियान चलाये जाते हैं।

# समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी को जमानत मिली



प्रात : किरण, संवाददाता

प्रयागराज,। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी को बृहस्पतिवार को जमानत दे दी। हालांकि, अदालत ने सजा पर रोक लगाने की उनकी अर्जी खारिज कर दी। सोलंकी की याचिका पर यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता और न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह की पीठ द्वारा पारित किया गया। अदालत ने इस मामले में सजा बढ़ाने की राज्य सरकार की भी अपील खारिज कर दी। जाजमऊ इलाके में डिफेंस कॉलोनी निवासी फातिमा के मकान में आगजनी करने के आरोप में इरफान सोलंकी पर मुकदमा दर्ज किया गया था। सात जून 2024 के अपने आदेश में कानपुर की एक विशेष अदालत ने सोलंकी और चार अन्य लोगों को दोषी करार देते हुए सात साल के कारावास की सजा सुनाई थी। कानपुर की विशेष अदालत के निर्णय के खिलाफ दायर मौजूदा अपील में जमानत के साथ ही सजा पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया था। वहीं दूसरी ओर, राज्य सरकार ने सजा बढ़ाने के लिए अपील दायर की थी।

# गायत्री देवी शिक्षण संस्थान में चल रही वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का समापन

प्रात : किरण संवाददाता नादिर त्यागी




स्योहारा। गायत्री देवी शिक्षा संस्थान में सात दीवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका आज (कल) रंगारंग कार्यक्रम के साथ उत्साहपूर्वक समापन हुआ। खेल प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विजेता प्रतिभागीयओं को मेडल व प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया।क्लास फर्स्ट में लाइनिंग रेस में हिमांशु प्रथम और प्रिंस चंद्र द्वितीय स्थान पर रहे। बॉल कैचिंग गेम मे जैनब प्रथम और हादी दूसरे स्थान पर रहे। क्लास सेकंड में लेमन एंड स्पून रेस में अलवीरा प्रथम स्थान पर रही और अनुषका द्वितीय स्थान पर रही। व क्लास सेकंड में बोरा रेस में नितिन विनर रहे। बॉल कैचिंग में रिया विनर रही।क्लास थर्ड में म्यूजिकअल चेयर में टिंकूँ प्रथम स्थान पर रहे। क्लास फोर्थ में जंप एंड कलेक्ट दा बॉल में नमन प्रथम स्थान पर रहे। क्लास फिफ्थ में कमांडिंगगेम में बॉयज टीम में उजैर तथा गर्ल्स टीम में मानवी विनर रही। बैडमिंटन गेम में समीर प्रथम व राधिका द्वितीय और राशि तृतीय स्थान पर रही। खो खो खेल में ईशान ,कृष्ण, पवित्र, अभिषेक, सूर्यांश और जातिन की टीम विनर रही। विद्यालय में आयोजित किक्रेट टूरनामेंट में समीर , स्पर्श आरअध्य ,अली , सक्षम,स्नेहा राशि ,सलोनी, महिमा, नंदनी, सिदरा की टीम विनर रही। जिसमें बेस्ट कैच का अवॉर्ड अफजाल को मिला है मैच का मैन आफ दा मैच सक्षम और समीर को मिला। मैन ऑफ द सीरीज आरअध्य रस्तौगी को मिला। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की मैनेजर सुधा रस्तोगी ने कहा जीवन में खेलो का बहुत अधिक महत्व है खेल कूद से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। विद्यालय की प्रधानाचार्य पर्ल रस्तौगी ने कहा कि खेलो के माध्यम से हम अनुशासन में रह सकते है और खेलो के द्वारा हम अपनी अलग पहचान बना सकते है। कार्यक्रम को सफल बनाने में साक्षी, रुबीना, तारा, सना अंजुम, शफक, सम्मन, नेहा, गुलाफशा, मुस्कान तंवर, रिया, मानत्शा, आंचल, रचना , सलोनी, रमा वर्मा, अभिषेक कुमार, इमराना आदि टीचर्स का सहयोग रहा।

# उत्तर प्रदेश: दलित महिलाओं की पिटाई के आरोपी आठ पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज करने का आदेश



प्रातः किरण संवाददाता

सोनभद्र,। उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले की एक अदालत ने राबर्ट्सगंज क्षेत्र में दलित महिलाओं की पिटाई के आरोप में आठ पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। वादी पक्ष के वकील रोशन लाल यादव ने बृहस्पतिवार को बताया कि विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी अधिनियम) आबिद शमीम ने रौप गांव स्थित घसिया बस्ती में चार महीने पहले हुई घटना के संबंध मंगलवार को चुर्क पुलिस चौकी के पूर्व प्रभारी उप निरीक्षक कमल नयन दुबे समेत आठ पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज करने का आदेश दिया। उन्होंने बताया कि घसिया बस्ती की रहने वाली मुनिया नामक महिला ने आरोप लगाया था कि 12-13 जुलाई की रात दो बजे कुछ वदीर्धारी पुलिसकर्मी बस्ती में पहुंचे और उसे घसीटते हुए घर से बाहर लाकर लाठी से पीटने लगे। शिकायत के अनुसार शोर सुनकर और महिलाएं उसे बचाने के लिए आईं तो पुलिस ने जातिसूचक अपशब्द कहते हुए उनकी भी बर्बरतापूर्ण तरीके से पिटाई की। शिकायत के मुताबिक आरोपी पुलिसकर्मियों ने कई मकानों में घुसकर तोड़फोड़ की, 10 हजार रुपये लूटे और मुठभेड़ में जान से मारने की धमकी भी दी। यादव ने बताया कि मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने रॉबर्ट्सगंज के प्रभारी निरीक्षक को आदेश दिया कि पूर्व चौकी प्रभारी दुबे समेत आठ पुलिस कर्मियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्यवाही की जाये।

# अभ्यर्थियों के बीच घुसे अराजक तत्वों को पुलिस ने हिरासत में लिया

प्रात : किरण संवाददाता,



प्रयागराज,। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) के पीसीएस प्री और आरओ-एआरओ की परीक्षा अलग-अलग दो दिन में संपन्न कराने के निर्णय के विरोध में अभ्यर्थियों के आंदोलन के चौथे दिन बृहस्पतिवार को धरनास्थल पर कथित अराजक तत्वों की घुसपैठ पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उन्हें हिरासत में लिया। पुलिस उपायुक्त (नगर) अभिषेक भारती ने संवाददाताओं को बताया,यहां लोक सेवा आयोग के समक्ष अभ्यर्थी शांतिपूर्ण आंदोलन कर रहे हैं। 50-60 अभ्यर्थियों के बीच आपराधिक प्रवृत्ति के कुछ लोग घुस गए और प्रशासन से संवाद कर रहे अभ्यर्थियों को रोकने का प्रयास किया। उन्होंने बताया, ये अराजक तत्व, आंदोलन कर रहे अभ्यर्थियों को भड़काने का भी प्रयास कर रहे थे। पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया है। किसी भी अभ्यर्थी को हिरासत में नहीं लिया गया है। अभ्यर्थियों को हिरासत में लिए जाने का भ्रामक तथ्य फैलाया जा रहा है। यहां पर महिला पुलिस बल मौजूद है और सभी से शांतिपूर्ण वार्ता की जा रही है। भारती ने कहा, जो भी अराजक तत्व अभ्यर्थियों के बीच आकर उन्हें बरगलाने का काम कर रहे हैं, उनके खिलाफ हम लोग नियम के अनुसार विधिक कार्रवाई कर रहे हैं। साथ ही यहां आयोग के सामने सड़क जाम करके आंदोलन कर रहे अभ्यर्थियों से निर्धारित धरनास्थल पर जाकर शांतिपूर्ण ढंग से धरना प्रदर्शन करने का अनुरोध किया जा रहा है। प्रदर्शनकारी अभ्यर्थी बृहस्पतिवार सुबह फिर धरना-प्रदर्शन में जुट गए और आयोग के अध्यक्ष संजय श्रीनेत के खिलाफ नारेबाजी की। बुधवार की शाम इन अभ्यर्थियों ने कैंडल मार्च निकाल कर विरोध प्रदर्शित किया था। आंदोलन कर रहे अभ्यर्थी ज्ञानेंद्र कुमार ने कहा, जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होती, हम आंदोलन जारी रखेंगे चाहे यह आंदोलन एक सप्ताह चले या कई सप्ताह। आयोग के अड़ियल रवैये के खिलाफ हम कैंडल मार्च निकाल रहे हैं। मंगलवार को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने एक बयान जारी कर कहा था,समय-समय पर अभ्यर्थियों के आग्रह पर बदलते समय की जरूरतों को देखते हुए व्यवस्था/परीक्षा प्रणाली में सुधार किया जाता रहा है। आयोग ने कहा, अभ्यर्थियों की सुविधा के मद्देनजर पीसीएस की मुख्य परीक्षा से वैकल्पिक विषय हटाने का अभूतपूर्व निर्णय किया गया। इसी तरह से, अभ्यर्थियों की स्केलिंग हटाने की मांग पूरी की गई। आयोग के सचिव अशोक कुमार का कहना है,आयोग का दिशानिर्देश है कि सरकारी शिक्षण संस्थान को ही परीक्षा केंद्र बनाया जाए और केंद्र मुख्यालय से 10 किलोमीटर के दायरे में हो। इससे पूर्व जब पेपर लीक हुआ था तो इन्हीं अभ्यर्थियों ने मांग उठाई थी कि निजी संस्थानों को परीक्षा केंद्र न बनाया जाए। उन्होंने कहा, जब सरकार ने छात्रों की मांग पर विचार करते हुए दिशानिर्देश बनाया तो अब ये अभ्यर्थी विरोध कर रहे हैं। पीसीएस परीक्षा के लिए 5,76,000 परीक्षार्थियों का पंजीकरण है, जबकि सभी 75 जनपदों में 4,35,000 परीक्षार्थियों के लिए ही केंद्र मिल पा रहे हैं। ऐसे में दो दिन परीक्षा कराना मजबूरी है। लोक सेवा आयोग के गेट के सामने धरने पर बैठे छात्रों के हाथों में अलग अलग नारे लिखी तख्तियां थीं जिसमें किसी में लिखा था बंटेंगे नहीं, हटेंगे नहीं, न्याय मिलने तक एक रहेंगे, तो किसी में लिखा था, एक दिन, एक परीक्षा। आयोग द्वारा पीसीएस प्री की परीक्षा के लिए सात और आठ दिसंबर की तिथि घोषित की गई है, वहीं समीक्षा अधिकारी-सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ-एआरओ) प्री की परीक्षा के लिए 22 और 23 दिसंबर की तिथि घोषित की गई है।

# युवकों ने ट्रेन में महिला से छेड़छाड़ का प्रयास किया, विरोध करने पर पति को पीटा

प्रातः किरण संवाददाता



अलीगढ़। एक नवविवाहिता ने आरोप लगाया है कि जब वह और उनके पति दिल्ली से अलीगढ़ लोकल ट्रेन में यात्रा कर रहे थे, तभी कुछ युवकों ने उन्हें प्रताड़ित किया और उनसे छेड़छाड़ करने की कोशिश की। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अलीगढ़ में राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) थाने में दर्ज कराई गई शिकायत में बताया गया कि घटना मंगलवार रात की है। इसमें पीड़िता ने दावा किया कि जब उनके पति ने विरोध करने की कोशिश की तो आरोपियों ने दोनों की बेल्ट से पीटा। पीड़ित महिला ने संवाददाताओं को बताया कि उन्होंने अन्य यात्रियों से मदद की गुहार लगाई, लेकिन घबराए अन्य यात्री भी उनकी मदद के लिए आगे नहीं आए। जीआरपी के एक अधिकारी ने बताया कि महिला की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और एक आरोपी जीतू को शिकायत मिलने के कुछ ही घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस में दर्ज शिकायत में महिला ने दावा किया है कि जब वह और उनके पति अलीगढ़ में ट्रेन से उतर गए तो उनके परिवार के सदस्य उन्हें लेने आए थे, लेकिन उनकी मौजूदगी में भी बदमाशों ने उनके पति को पीटना जारी रखा। महिला ने कहा कि जब वह चिल्लाने लगी तो मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई और आरोपी उनके पति को गोली मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। उन्होंने आरोप लगाया कि अलीगढ़ में तैनात जीआरपी के जवानों ने शुरूआत में उनकी गुहार पर ध्यान नहीं दिया, लेकिन जल्द ही परिवार के सदस्य और समाजवादी पार्टी (सपा) के कुछ वरिष्ठ नेता मौके पर पहुंच गए। मौके पर पहुंचे सपा के पूर्व नगर अध्यक्ष अज्जू इशहाक ने बाद में संवाददाताओं से कहा कि मंगलवार रात ट्रेन में हुई घटना राज्य में बढ़ती अराजकता का दिखाती है। उन्होंने बताया कि भीड़भाड़ वाली ट्रेन के डिब्बे में भी महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। नामजद लोगों में से एक जीतू को घटना के कुछ घंटों बाद (मंगलवार देर शाम) रेलवे स्टेशन से थोड़ी दूरी पर गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अन्य नामजद आरोपी महेश और अज्ञात आरोपी फरार हैं और उनके पकड़ने के लिए सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया जा रहा है।

# उत्तर प्रदेश में पीसीएस की प्रारंभिक परीक्षा एक ही दिन में कराने का फैसला



प्रात : किरण संवाददाता

लखनऊ,। उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने पीसीएस की प्रारम्भिक परीक्षा एक ही दिन में कराने का निर्णय लिया है। प्रयागराज में प्रदर्शनकारी छात्रों की मांगों के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपीपीएससी को छात्रों के साथ संवाद और समन्वय बनाकर आवश्यक निर्णय लेने का निर्देश दिया था। इसके बाद यूपीपीएससी ने यह निर्णय लिया है। अब पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा 2024 को एक दिवस में कराया जाएगा। इसके साथ ही आरओ/एआरओ (प्रा.) परीक्षा-2023 के लिए आयोग ने समिति का गठन किया है। समिति सभी पहलुओं पर विचार कर अतिशीघ्र अपनी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों से परीक्षा की तैयारी कर रहे बड़ी संख्या में छात्र प्रयागराज में धरना दे रहे थे।

# देव दीपावली उत्सव में 3डी लेजर शो के जरिए दिखाया जाएगा काशी का इतिहास

प्रात : किरण संवाददाता



वाराणसी। वाराणसी में देव दीपावली उत्सव में 3डी लेजर शो के जरिए काशी का इतिहास, संतों और ऋषियों की कहानियां और गंगा नदी के ह्यह्यधरती पर अवतरणह्नह्न के महत्व को दिखाया जाएगा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। देव दीपावली हर साल कार्तिक पूर्णिमा को मनाई जाती है। इस साल यह उत्सव 15 नवंबर को मनाया जाएगा। परंपरा और आधुनिक प्रौद्योगिकी का मिश्रण यह 25 मिनट का 3डी लेजर शो दिन में चार बार- शाम साढ़े पांच बजे, सात बजे, आठ बजे और आठ बजकर 45 मिनट पर, दिखाया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि लेजर शो में उच्च क्षमता वाले 24 प्रोजेक्टर का इस्तेमाल होगा, जो घाटों की ऐतिहासिक इमारतों पर काशी के धार्मिक और सांस्कृतिक विकास की जीवंत छवि बनाएंगे। वाराणसी के मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने बताया,इस भव्य समारोह में प्रतिष्ठित दीपमाला और प्रसिद्ध गंगा आरती का आयोजन किया जाएगा, लेकिन इसका मुख्य आकर्षण मल्टीमीडिया अनुभव होगा जो काशी के समृद्ध आध्यात्मिक और पौराणिक इतिहास को जीवंत कर देगा। उन्होंने कहा, लेजर शो में शहर के इतिहास के महत्वपूर्ण क्षणों को दिखाया जाएगा, जिसमें काशी में भगवान शिव का आगमन, ऋषियों और मुनियों की कहानियां, भगवान बुद्ध की यात्रा और तुलसीदास तथा कबीर जैसे संतों का योगदान शामिल हैं। मंडलायुक्त ने कहा, इस शो में मंदिरों और कुंडों के जीर्णोद्धार में अहिल्याबाई होल्कर के प्रयासों के साथ-साथ गंगा नदी के धरती पर अवतरण के महत्व पर भी प्रकाश डाला जाएगा। इसके साथ ही देव दीपावली क्यों मनाई जाती है और गंगा के धरती पर अवतरण की कहानी भी पर्यटक देख सकेंगे। लेजर शो को प्रसारित करने के लिए तकनीशियन तथा इंजीनियरों की लगभग 200 से अधिक लोगों की टीम घाट पर काम कर रही है।

# उप्र के देवीपाटन शक्तिपीठ में 16 नवंबर से जुटेंगे देश-विदेश के प्रमुख संत-महंत



प्रात : किरण संवाददाता

बलरामपुर,। उत्तर प्रदेश के देवीपाटन शक्तिपीठ मंदिर के ब्रह्मलीन महंत महेंद्रनाथ योगी की 24वीं पुण्यतिथि पर 16 नवंबर से सात दिवसीय वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देश-विदेश के प्रमुख मठ मंदिरों के संत-महंत पहुंचेंगे। अंतिम दिन ब्रह्मलीन महंत को श्रद्धांजलि देने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी पहुंचेंगे। शक्तिपीठ देवीपाटन में प्रत्येक वर्ष ब्रह्मलीन महंत महेंद्रनाथ योगी की पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई जाती है। इस वर्ष 24वीं पुण्यतिथि मनायी जा रही है। कार्यक्रम में 16 से 22 नवंबर तक रामकथा चलेगी। इसके साथ ही अखंड रामायण पाठ, संत सम्मेलन किया जाएगा। अंतिम दिन 22 नवंबर को श्रद्धांजलि सभा एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। श्रद्धांजलि सभा में गोरक्ष पीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री आदित्यनाथ भी शामिल होंगे। देवीपाटन पीठाधीश्वर मिथलेशनाथ योगी ने गुरुवार को बताया कि कार्यक्रम को लेकर पूरी तैयारी की जा चुकी है। मुख्यमंत्री योगी के आगमन को लेकर भी मुख्यमंत्री कार्यालय से स्वीकृति मिल गई है। संत सम्मेलन व श्रद्धांजलि सभा कार्यक्रम में अयोध्या, वाराणसी, गोरखपुर, हरियाणा, नेपाल के दांग चौखड़ा सहित विभिन्न स्थानों से संत व महंत शामिल होंगे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



## अध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशियों ने भरा पर्चा

प्रातः किरण संवाददाता

संझौली (रोहतास)। पैक्स नामांकन के दूसरे दिन गुरूवार को पैक्स अध्यक्ष पद के कुल तीन प्रत्याशियों तथा कई प्रबंध कार्यकारिणी सदस्यों ने अपना नामांकन दाखिल किया। पैक्स अध्यक्ष पद के लिए संझौली पंचायत से कविता देवी, करमैनी पंचायत से श्री भागवान चौधरी व चांदी इंग्लिस पंचायत से मनोज कुमार द्वारा नामांकन का पर्चा भरा गया। गौरतलब है कि नामांकन के पहले दिन दस प्रत्याशियों ने अपना नामांकन किया था। दोनो मिलाकर कुल-13 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन किया है। बीडीओ प्रभा कुमारी ने बताया कि 27 नवंबर को होने वाले पैक्स चुनाव में प्रखंड के 11 हजार 107 मतदाता मतदान करंगे। इसके लिए कुल-19 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। जिसमें मझौली-06, संझौली-04 चाँदीइंग्लिस-03,करमैनी-03 व अमेठी पंचायत में 03 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

## रामबली सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में धूमधाम से मना बाल दिवस

# बच्चे देश के भविष्य हैं,इन्हें बेहतर शिक्षा देने की नितांत आवश्यकता है : पूर्व विधायक

■ सांस्कृतिक कार्यक्रम व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में शामिल हुई पूर्व विधायक

प्रातः किरण संवाददाता



कोईलवर। कोईलवर प्रखंड के छोटकी चंदा गांव स्थित रामबली सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। बाल दिवस पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व विधायक बड़हरा आशा देवी ने फीता व केक काट कर किया। इससे पूर्व आशा देवी का स्वागत विद्यालय प्रबंधन ने किया। संबोधित करते हुए पूर्व विधायक आशा देवी ने कहा कि विद्यालय के छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करती हूं और विद्यालय के छात्र आगे बढ़े और अपना नाम, विद्यालय का नाम, गांव व जिला का नाम रौशन करें। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज बाल दिवस है, और यह दिवस हर साल 14 नवंबर को बाल दिवस के तौर पर मनाया जाता है। इस दिन देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्म हुआ था। उन्हें बच्चों से बेहद लगाव था। यही वजह है कि उनके जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। आगे आशा देवी ने कहा कि बच्चे हमारे देश के भविष्य है, इन्हें संजोने की जरूरत है, इन्हें अच्छे संस्कार के साथ बेहतर पढ़ाई की जरूरत है, और ये सब कुछ एक विद्यालय में ही मिल सकता है। इस दौरान पुरस्कार वितरण किया गया।कार्यक्रम में विद्यालय के निर्देशक योगेश कुमार सिंह, राजू वर्मा समेत अन्य शिक्षकगण और अभिभावको में राम प्यारे यादव, शिवकुमार सिंह, संजय यादव, रवि शर्मा, कर्मेंद्र यादव, राजेश गोप, महेश प्रसाद सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, संजीत सिंह, उमेश समेत काफी संख्या में बच्चे और उनके अभिभावक समेत अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

### पूर्व विधायक आशा देवी ने क्षेत्र का किया दौरा, जाना लोगों का हाल

बाल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के उपरांत पूर्व विधायक आशा देवी बड़हरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कोईलवर प्रखण्ड के कई गांवों का दौरा की। इस दौरान पूर्व विधायक ने लोगों से उनका कुशल क्षेम जाना। क्षेत्र के लोगों से मुलाकात के दौरान उन्होंने हर सुख दुख में हर समय मदद करने की बात कही। कहा कि बड़हरा विधानसभा क्षेत्र के लोग मेरे है, और मैं उनके साथ हर समय खड़ी हूँ।

## प्रयास जुवेनाइल एंड सेन्टर के 36 वाँ स्थापना दिवस पर बच्चों के लिए जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



प्रातः किरण संवाददाता

रक्सौल। राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय चिकनी के प्रांगण में एस एस बी 47वीं वाहिनी रक्सौल स्तिथ एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग इकाई क्षेत्रक मुख्यालय बेतिया एवम् प्रयास जुवेनाइल एड सेन्टर पूर्वी चम्पारण के संयुक्त तत्वाधान में बाल दिवस के शुभ अवसर पर मानव व्यापार, बाल विवाह, बाल यौन शौषण, बाल श्रम, जैसे मुद्दों पर बच्चों को जागरूक किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग इंस्पेक्टर सी. आर बेनिवाल द्वारा बाल दिवस के अवसर पर उपस्थित सभी बच्चों एवं शिक्षकों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए भारत के पहले प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरु जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए स्कूली बच्चों को मानव व्यापार ट्रेफिकिंग, जैसी गम्भीर मुद्दों पर विस्तृत जानकारी दी गई और बचाव हेतु जागरूक किया। साथ ही बालक बालिकाओं को गुड टच बैड टच के बारे जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रयास जुवेनाइल एड सेन्टर पूर्वी चम्पारण की जिला परियोजना समन्वयक आरती कुमारी द्वारा बाल दिवस एवम् प्रयास संस्था के 36 वाँ स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए मानव व्यापार, ट्रेफिकिंग, बाल विवाह, बाल यौन शौषण, बाल श्रम, रोक थाम हेतु विषयों पर बच्चों एवम बच्चियों को जागरूक किया गया तथा ऐसी घटना की जानकारी मिलती है तो प्रयास संस्था के हेल्प लाईन नंबर 9289692023 या चाईल्ड हेल्प लाईन नंबर 1098 पर कॉल कर के सूचित कर सकते हैं। वही बाल दिवस के अवसर पर प्रयास संस्था पूर्वी चम्पारण द्वारा जगह जगह पर जागरूकता अभियान एवम बाल श्रम विमुक्त कार्यक्रम चला रही हैं।

इस अवसर पर प्रधानाध्यापक तहसीलदार सिंह द्वारा एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम एवं प्रयास जुवेनाइल एड सेन्टर पूर्वी चम्पारण टीम को धन्यवाद देते हुए कहा कि हमारे विद्यालय में ऐसे जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन बच्चों के बीच समय-समय पर होने चाहिए जिससे मानव व्यापार, ट्रेफिकिंग बाल विवाह, बाल यौन शौषण, बाल श्रम, जैसे मुद्दों को बच्चें जान सके और जागरूक हो सके। मौके पर स्कूल शिक्षक शिक्षिका महेश कुमार, विभा कुमारी, कुमारी सुजाता, रेखा कुमारी मौर्या, नीलम कुमारी, कमरून निशा, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम से प्रदीप कारजी एवम प्रयास जुवेनाइल एड सेन्टर पूर्वी चम्पारण से राज गुप्ता, विजय कुमार शर्मा, उमेश कुमार श्रीवास्तव, अभिषेक कुमार सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बाल दिवस पर सीआरपीएफ के रैफ कैम्प में कार्यक्रम का आयोजन

### पेंटिंग प्रतियोगिता में दर्जनों बच्चों ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

प्रातः किरण संवाददाता



आरा। जिले के कोइलवर स्थित सीआरपीएफ के रैफ हेडक्वार्टर में बाल दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम में सरकारी स्कूल के दर्जनों बच्चों ने पेंटिंग प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन और उनके योगदान के बारे में बताया गया। रैपिड एक्शन फोर्स 114 वीं बटालियन के कमांडेंट अश्वनी झा ने बच्चों को नेहरू जी की विचारधारा और उनके द्वारा किए गए कार्यों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर पेंटिंग प्रतियोगिता में पहले, दूसरे व तीसरे स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को उपहार और पुरस्कार भी दिए गए। रैपिड एक्शन फोर्स 114 वीं बटालियन के कमांडेंट अश्वनी झा ने बताया कि बाल दिवस मनाने का उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जागरूक करना है। हमें बच्चों को शिक्षित करना और उन्हें राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका के बारे में बताना है। मौके पर कमांडेंट अश्वनी कुमार झा की पत्नी आरसीडब्लूए की अध्यक्ष ऋतु झा ने बच्चों से कहा कि ये मुस्कुराहट और ये उत्साह हमेशा अपने जीवन में बनाये रखें। हम सब आपके साथ हैं।

आप देश के भविष्य हैं हम चाहते हैं कि आप अपना योगदान हमारे भारत को दें और देश को आगे बढ़ाने में मदद करें। उन्होंने बताया कि समय-समय पर हमलोग इस तरह का कार्यक्रम आयोजित करते रहते हैं ताकि बच्चों का उत्साहवर्धन होते रहे। इस मौके पर रैफ के द्वितीय कमान पदाधिकारी नीलम सरंगल, डिप्टी कमांडेंट पुनीत भारद्वाज,अधिकारी विनोद कुमार,प्रधानाध्यापक सुशीला देवी समेत दर्जनों लोग मौजूद रहें।

## प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का किया गया आयोजन

### धान के लिए क्रॉप कटिंग और फसल कटनी के प्रयोग के बारे में जानकारी दी गई

प्रातः किरण संवाददाता



भोजपुर : इ किसान भवन बड़हरा में अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय जिला सांख्यिकी भोजपुर कृषि वर्ष 2024.25 में खरीफ मौसम में प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया, प्रशिक्षण में जिला सांख्यिकी पदाधिकारी मदन नारायण सिंह ,दीपिका ग ख ड , प्रशिक्षु बीडीयो मोहित भारद्वाज, बीडीओ दिनकर , राजस्व अधिकारी बड़हरा कन्हैया सिंह सुनील सागर ब्लॉक सांख्यिकी पदाधिकारी, की उपस्थिति में किया गया, संचालन, सुमन ने किया, कार्यशाला में अंचल कार्यालय के राजस्व कर्मचारी, कृषि विभाग के कृषि समन्वयक, किसान सलाहकार, उपस्थित हुए, सर्वप्रथम उपस्थित जिला स्तरीय और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया, कृषि नोडल प्रेम रंजन सिन्हा और वेद प्रकाश कृषि समन्वयक ने किया।

, प्रशिक्षु बीडीओ को सुमन बुके और अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया, कार्यक्रम में खरीफ 24.25 धान के लिए क्रॉप कटिंग के लिए विस्तार से जानकारी दी गई, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी द्वारा,कार्यक्रम को उपस्थित जिला स्तरीय अधिकारी और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों ने भी फसल कटनी प्रयोग के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यशाला में निरंजन कुमार, वेद प्रकाश, प्रेम रंजन, अरुण कुमार, संतोष कुमार सिंह, राजीव रंजन प्रकाश, संजय पांडे धनंजय कुमार अजय कुमार सिंह, विवेकानंद, उमेश मनीष राजकुमार वैजयंत पांडे, श्याम किशोर, अनन्त शिरोमणि, राकेश जितेंद्र, राजकिशोर, सुशील कुमार, पिंटो आईटी, रंजीत कुमार, मृत्युंजय, नौशाद, सुधांशु संजीत दीपक सुमित पिंटो काजी, अमर जीत विनय कुमार, सहित अन्य अंचल ब्लॉक के कर्मी भी उपस्थित हुए

# संस्कृति पब्लिक स्कूल के भव्य प्रांगण में किया गया बाल दिवस का आयोजन



प्रातः किरण संवाददाता

आरा । संस्कृति पब्लिक स्कूल के भव्य प्रांगण में किया गया बाल दिवस का आयोजन । इस अवसर पर पंडित जवाहर लाल नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई तत्पश्चात विद्यालय के निदेशक डॉक्टर आलोक कुमार सिंह एवं प्राचार्य जाकिया यासमीन ने दीप प्रज्वलित कर समारोह की शुरूआत की। इस अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी, गीत नृत्य, रंगोली प्रतियोगिता, कविता पाठ एवं बगैर अग्नि पाक का प्रदर्शन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने एक से बढ़कर एक उत्कृष्ट मॉडल तैयार कर अपनी क्षमता को प्रदर्शित किया। जिसमें एटॉमिक संरचना, सौरमंडल, सौर ऊर्जा, विंडमिल गति के नियम, जल चक्र, ज्वालामुखी विस्फोट, कंप्यूटर की उपयोगिता एवं महत्व पर आधारित कई सराहनीय मॉडल प्रदर्शित किए गए। रोजगार की कमी एवं गरीबी के कारणो पर प्रकाश डालते हुए मॉडल ने शिक्षा के प्रति जागरूकता का प्रदर्शन किया गया। विलुप्त पत्र मंजूषा ने सबका ध्यान आकृष्ट करते हुए दर्शन को पूर्व के दिन को यादगार बनाया। इसके अलावा पाचन तंत्र, संरचना तंत्र, कंकाल तंत्र के मॉडल ने बहुत कुछ सीखने और समझने का अवसर प्रदान किया। मिट्टी के प्रकार और मिट्टी की संरक्षण की मॉडल से हमारे जीवन में मिट्टी के महत्व को प्रदर्शित किया गया।इसके अलावा हस्तकला की प्रदर्शनी में बच्चों ने कागज की बनी कई रोचक एवं आकर्षक खिलौने एवं सजावट की चीजों को बनाया । बगैर अग्नि पाक कला में बच्चों ने बहुत ही स्वादिष्ट व्यंजन बनाकर अतिथियों के मन को जीत लिया। गीत नृत्य प्रतियोगिता में बच्चों ने लोक नृत्य कर दर्शकों के मन को लुभाया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं के अलावा शिक्षकेतर कर्मचारियों ने सराहनीय भूमिका निभाई। इस अवसर पर श्री सत्यदेव सिंह, अमित उपाध्याय, अभिषेक जी, दीपक तिवारी एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अशोक राम के नेतृत्व में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का मनाया गया 135 वां जयंती समारोह

प्रातः किरण संवाददाता



आरा । भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अशोक राम के नेतृत्व में पार्टी कार्यालय शहीद भवन, आरा में आधुनिक भारत के निमार्ता एवं देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 135 वीं जयंती जिसे हम बाल दिवस के रूप में जानते हैं बड़े ही धूम-धाम से मनाई गई। जयंती समारोह में भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अशोक राम ने पंडित जवाहर लाल नेहरू जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पंडित नेहरू जी 6 बार कांग्रेस अध्यक्ष के पद (लाहौर 1929, लखनऊ 1936, फैजपुर 1937, दिल्ली 1951, हैदराबाद 1953 और कल्याणी 1954) को सुशोभित किया। 1942 के ह्यभारत छोड़ोह्ल आंदोलन में नेहरूजी 9 अगस्त 1942 को बंबई में गिरफ्तार हुए और अहमदनगर जेल में रहे, जहां से 15 जून 1945 को रिहा किए गए। नेहरू ने पंचशील का सिद्धांत प्रतिपादित किया और 1954 में ह्यभारतरत्नह्ल से अलंकृत हुए। नेहरूजी ने तटस्थ राष्ट्रों को संगठित किया और उनका नेतृत्व भी किया। सन 1947 में भारत को आजादी मिलने पर जवाहरलाल नेहरू जी को प्रधानमंत्री बनाया गया। पंडित जवाहरलाल नेहरू 1947 में स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री बने। आजादी के पहले गठित अंतरिम सरकार में और आजादी के बाद 1947 में भारत के प्रधानमंत्री बने और 27 मई 1964 को उनके निधन तक इस पद पर बने रहे। पंडित जवाहरलाल नेहरू के कार्यकाल में लोकतांत्रिक परंपराओं को मजबूत करना, राष्ट्र और संविधान के धर्मनिरपेक्ष चरित्र को स्थायी भाव प्रदान करना और कई योजनाओं के माध्यम से देश की अर्थव्यवस्था को सुचारू करना उनके मुख्य उद्देश्य रहे।

जयंती समारोह में भोजपुर जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष अशोक राम, अशोक यादव, सत्यप्रकाश राय, डॉ अमित कुमार द्विवेदी, जितेन्द्र शर्मा, रजी अहमद, घनश्याम उपाध्याय, श्रीधर तिवारी, चितरंजन सिंह मुन्ना, मनोज कुमार अंजनी, शिवशंकर चौबे, श्रीकांत राय, नागेन्द्र मिश्रा, संपत सिंह, नर्वदेश्वर ओझा, बूटन राम, श्रीराम सिंह कुशवाहा, आनंद तिवारी, प्रमोद कुमार सहित दर्जनों नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बकायेदार उपभोक्ताओं का कटा था कनेक्शन, विद्युत चोरी में प्राथमिकी हुई दर्ज

प्रातः किरण संवाददाता

दावथ/कोआथ (रोहतास) विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत कनीय विद्युत अभियंता दावथ अर्जुन कुमार के नेतृत्व मे एक जांच दल का गठन किया गया। जांच दल द्वारा अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर तीन पर प्राथमिकी दर्ज कराई है।

बताते चले कि बकायेदार उपभोक्ताओं का विद्युत विपत्र की राशि बकाया रहने के कारण विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर विद्युत कनेक्शन काट रही है परंतु कुछ उपभोक्ताओं द्वारा बिना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा किये अवैध रूप से तार जोड़कर विद्युत ऊर्जा की चोरी करने लग रहे हैं।

इसी बीच नगर पंचायत कोआथ के ग्राम-योगिनी के उपभोक्ताओं का बकाया पर विद्युत कनेक्शन कटने के पश्चात अवैध रूप से तार जोड़कर जलाने को लेकर राजबली तिवारी पर 26441, महेश पासवान पर 28450 एवं विनकेश्वर प्रसाद पर 52305 रुपए दंडित राशि लगायी गयी है। कनीय विद्युत अभियंता, दावथ अर्जुन कुमार के द्वारा सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि जिनका बकाया पर लाइन कटा हुआ है ।

## बाल दिवस के अवसर पर छात्र राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने विश्वविद्यालय में किया पौधारोपण



आराः- छात्र राष्ट्रीय लोक मोर्चा वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के पुराना कैंपस में बाल दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर छात्र रालोमो विश्वविद्यालय अध्यक्ष विकास पासवान ने कहा कि हमारे जीवन के लिए पेड़ पौधा बहुत जरूरी है इसलिए हम सभी को पौधा लगाना चाहिए। आगे छात्र जिला अध्यक्ष नीतीश कुशवाहा ने कहा कि सभी लोगों को अपने जीवन में पेड़ पौधा लगाना चाहिए जिससे पर्यावरण स्वच्छ बना रहता है इस मौके पर युवा जिला अध्यक्ष सुबोध केसरी, अमरेंद्र पाठक ,बद्री नारायण पाठक ,प्रिंस कुशवाहा ,कमलदेव नारायण सिंह ,पवन कुशवाहा, आलोक तिवारी, संदीप तिवारी, सोनू उपाध्याय, बृज कुमार, रितेश कुशवाहा,रम्भू पासवान, ब्रजेश,अभिषेक,अमृत समेत कई पार्टी के छात्र नेता मौजूद रहे।

## हाईवा के ठोकर से मोपेड सवार एक व्यक्ति घायल

अकोढ़ी गोला (रोहतास) : रोहतास जिले के आयरकोठा थाना क्षेत्र के मझियांव गेट के समीप बुधवार को डेहरी से अपने गांव की ओर जा रहे एक मोपेड में उसी दिशा से जा रही हाईवा ने ठोकर मारी जिसमें मोपेड सवार युवक घायल हो गया मोपेड पर युवक के साथ एक महिला एवं दो बच्चे थे ठोकर मारकर हाईवा भागने लगा जहां ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए आयर कोठा मोड़ के समीप से उक्त हाईवा को पकड़ा वहीं चालक भागने में सफल रहा ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दिया जिससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई,मौके पर पहुंचे एएसआई उज्जवल कुमार ने हाईवा को कब्जे में लेकर जाम को हटवाया एवं आवागमन को चालू कराया। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष कुसुम कुमार केसरी ने बताया कि घायल की पहचान अब्दुल कलाम उम्र करीब 28 वर्ष पिता नसरुद्दीन शाह ग्राम बिशनपुर थाना काराकाट के रूप में हुई है दुर्घटना में उक्त युवक को हल्की चोट आई है जिनका इलाज अनुमंडलीय अस्पताल डेहरी में कराया गया चिकित्सकों ने बताया कि घायल युवक की स्थिति सामान्य है।

## तपेश्वर सिंह टीचर्स ट्रैनिंग कॉलेज में स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू का मनाया गया जयंती समारोह



प्रातः किरण संवाददाता

आरा । तपेश्वर सिंह टीचर्स ट्रैनिंग कॉलेज कायम नगर आरा में पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्म दिवस पर बाल दिवस के रूप में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया जिसमें नेहरू जी के तेल चित्र पर महाविद्यालय के सचिव सह वि प स डॉक्टर अजय कुमार सिंह तथा डॉक्टर आलोक कुमार सिंह ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया उसके बाद सचिव डॉक्टर अजय कुमार सिंह ने बाल दिवस के रूप में उनके जन्म दिवस को मनाने के बारे में विस्तार से प्रशिक्षुओं को अवगत कराया उन्होंने कहा कि चाचा नेहरू बच्चों को काफी प्रेम करते थे उनका बच्चों के प्रति गहरा लगा था उन्होंने संबोधन के पश्चात डॉक्टर सत्यदेव सिंह डॉक्टर अमित कुमार उपाध्याय डॉक्टर एस के पांडे आयुषी कुमारी सुमन कुमारी श्री दीपक तिवारी श्री अभिषेक रंजन आदि ने बारी बारी से बाल दिवस पर प्रकाश डाला उसके बाद महाविद्यालय के सभी प्रशिक्षुओं ने अपने कई संस्कृति कार्यक्रम गीत संगीत भाषण कविता के माध्यम से नेहरू जी के जीवन को याद कर बाल दिवस मनाया। जिसमें प्रशिक्षुओं में मुख्य भूमिका निभाने वालों में मोहित रानी सिंह स्मृति कुमारी अजय अनुप्रिया पिंकी गीतांजलि श्वेता सोनाक्षी शुभम प्रिंस सत्यम मोनू अमन तिवारी रोशन कुमार मधुकर शशिकांत सुधांशु कुमार अभिजीत सिंह राहुल सिंह पार्वती कुमारी आदि ने अपनी अपनी प्रस्तुति देकर सभी को मोह लिया।

कार्यक्रम के अंत में सभी को मधुर जल पान करा विदा किया गया धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय के सहायक प्रो डॉ एस के पाण्डेय ने किया।

# देश के पूर्व प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरु का मनाया गया जयंती की 135 वां वर्षगांठ

प्रातः किरण संवाददाता




आरा। स्थानीय सदर अस्पताल परिसर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल पर देश के पूर्व प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरु की जयंती की 135 वीं वर्षगांठ और शिक्षाविद् , गणितज्ञ स्वर्गीय डॉ बशिष्ठ नारायण सिंह की 05 वीं पुण्यतिथि पर माल्यार्पण कार्यक्रम समारोह गांव गरीब चेतना मंच भोजपुर सह जदयू नेता डॉ राजेंद्र प्रसाद सिंह चंद्रवंशी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सर्व प्रथम पूर्व प्रधान मंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू और शिक्षाविद् , गणितज्ञ स्वर्गीय बशिष्ठ नारायण सिंह की तैल चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। माल्यार्पण कार्यक्रम समारोह को पूर्व वार्ड पार्षद विनोद कुमार ने कहा कि चाचा नेहरू बच्चों के बीच बहुत प्रिय रहते हुए उनके जन्म तिथि को हर वर्ष बाल दिवस समारोह धूमधाम से मनाई जाती है तो दूसरे तरफ गणितज्ञ स्वर्गीय बशिष्ठ नारायण सिंह को भारत रत्न से सुशोभित करने के साथ साथ उनका आदम कद प्रतिमा का निर्माण आरा के रेलवे स्टेशन परिसर में लगाने की मांग की बात दोहराई । अन्त में डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद सिंह चंद्रवंशी ने महान विभूतियों के विचारों के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए उनके तैल चित्र के समक्ष संकल्प लेते हुए पुराना शाहाबाद जिला के बड़हरा प्रखंड के सेमरा गांव के पूर्व मंत्री सह बिहार विधान सभा के सभापति बाबू देव शरण सिंह की प्रतिमा का निर्माण आरा सदर अनुमंडल पदाधिकारी के निवास के सामने खाली स्थान को आवंटन कर बाबू देव शरण सिंह की आदम कद प्रतिमा निर्माण करने की मांग भोजपुर जिला पदाधिकारी के साथ साथ बिहार प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को महान विभूतियों के आदर्श , मयार्दा और लोक तंत्र के सजग प्रहरी सह संरक्षक होने के नाते राजकीय सम्मान को ध्यान आकर्षित करते हुए शाहाबाद जिला के नया जिला भोजपुर के दोनों महान विभूति बाबू देव शरण सिंह एवम् आर्य भट्ट के प्रतीक शिक्षाविद्, गणितज्ञ स्वर्गीय डॉ बशिष्ठ नारायण सिंह की आदम कद प्रतिमा का निर्माण आरा मुख्यालय पर निर्माण करने की मांग की बात माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार बिहार सरकार से मांग को लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल से माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार बिहार सरकार के न्याय के साथ विकास योजनाओं की उपलब्धियों को लेकर चलो गांव की ओर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। दिनांक 25 नवंबर 2024 से गांव गरीब चेतना रथ यात्रा भोजपुर जिले के गांव गांव में जनजागरण सह जन संपर्क अभियान चलाने की घोषणा आगामी देश के प्रथम राष्ट्रपति , देश रत्न , डॉ राजेंद्र प्रसाद की जन्मोत्सव समारोह दिनांक 03 दिसंबर 2024 को जिला मुख्यालय पर अभियान कार्यक्रम का समापन होगा ।

यह कार्यक्रम का आयोजन कर्ता सह संयोजक डॉ राजेंद्र प्रसाद सिंह चंद्रवंशी प्रदेश उपाध्यक्ष , जनता दल यूनाइटेड अति पिछड़ा प्रकोष्ठ बिहार द्वारा आयोजित होगा । माल्यार्पण कार्यक्रम समारोह के प्रमुख साथी शशि कुमार ,जितेंद्र सिंह,रमेश कुमार ,विनोद कुमार,जितेंद्र पांडे ,रणधीर कुमार,विकाश शर्मा ,विक्की कुमार ,संजीव कुमार,।

## विश्व मधुमेह दिवस पर भारत विकास परिषद रक्सौल इकाई का निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता

रक्सौल। विश्व मधुमेह दिवस पर भारत विकास परिषद शाखा रक्सौल के तत्वावधान में शहर के कौड़िहार चौक पर सौरभ होमियो फामेर्सी एवं आयुष जाँच घर के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर भारत माता एवं युग प्रवर्तक स्वामी विवेकानंद जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर वन्देमातरम गायन से हुआ ।

इस मौके पर उपस्थित परिषद के अध्यक्ष डॉ.राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने कहा कि आज विश्व मधुमेह दिवस पर हम स्वयं जागरूक हों तथा अन्य लोगों को भी इसके गंभीर परिणामों के प्रति जागरूक करें। एक रिपोर्ट के मुताबिक हर 11 व्यक्ति में से एक व्यक्ति मधुमेह से पीड़ित है। आज कल के भाग-दौड़ भरी जिन्दगी में कार्य का तनाव , शारीरिक श्रम व संतुलित आहार की कमी के कारण अब तेजी से यह बीमारी पाँव पसार रही है । देश के आला मधुमेह विशेषज्ञ डॉक्टरों की मानें तो बदलते जीवन शैली व खानपान की वजह से न केवल बुजुर्ग बल्कि युवा एवं बच्चे भी इस बीमारी के गिरफ्त में आ रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा यह तो तय बात है कि एक बार मधुमेह की चपेट में आने से शरीर में कार्य क्षमता बेहद कम हो जाती है तथा किसी अन्य बीमारी अथवा घाव होने पर उन्हें ठीक होने पर काफी समय लगता है। मधुमेह के सम्बन्ध में जागरूकता, जीवन शैली में परिवर्तन, नियमित जाँच एवं उपचार व व्यायाम करना ही इस बीमारी से बचाव का सबसे सरल उपाय है। आज एक हम सबों को एक दूसरे को जागरूक करने का संकल्प लें तभी स्वस्थ भारत की परिकल्पना साकार हो सकती है। इस मौके पर परिषद के सचिव सह मीडिया प्रभारी रजनीश प्रियदर्शी एवं संगठन सचिव ने संयुक्त रूप से बताया कि भाविप सामाजिक कार्यक्रमों के साथ-साथ निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगा आमलोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने का कार्य करती है। इस मौके पर परिषद के सुनील कुमार, अजय कुमार, सौरभ होम्यो फामेर्सी के राम एकबाल प्रसाद एवं सौरभ कुमार तथा आयुष जाँच घर के मोहम्मद आलम समेत परिषद के कई सदस्यों ने स्वास्थ्य शिविर को सफलीभूत करने में उल्लेखनीय योगदान दिया ।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, शुक्रवार, 15 नवंबर, 2024





# हैदराबाद के अन्नपूर्णा स्टूडियो में शादी करेंगे नागा चैतन्य और शोभिता धूलिपाला

**अभिनेता नागा चैतन्य और शोभिता धूलिपाला जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। शादी के लिए उन्होंने एक ऐसी जगह चुनी है जो नागा चैतन्य के घर के बेहद करीब है। जगह है हैदराबाद का अन्नपूर्णा स्टूडियो। इस जगह को चुनने के पीछे कपल ने वजह भी बताई है।**

रिपोर्ट के मुताबिक इस जगह से शादी करने को लेकर उन्होंने एक कारण दिया है। शोभिता और नागा चैतन्य ने परिवार की विरासत का सम्मान करने के लिए इस जगह का चुनाव किया। इस स्टूडियो को अभिनेता के दादा जी ने शुरू किया था। अभिनेता अक्किनेनी नागेश्वर राव ने इस स्टूडियो की शुरुआत की साथ ही  यहां वे अपने परिवार का हिस्सा के कार्यक्रम करना चाहते थे। ये जगह नागा चैतन्य के बेहद करीब है, वे अपने बाबा की बनाई इस जगह पर शादी करके इस दिन को और भी खास बनाना चाहते हैं।

## इस दिन करेंगे शादी

नागा चैतन्य और शोभिता धूलिपाला हैदराबाद में 4 दिसंबर को शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। शोभिता ने शादी से पहले एक रस्म की तस्वीर भी सोशल मीडिया पर शेयर की थी, इसमें शोभिता धुलिपाला ने अपनी शादी की रस्म पसुपु दंचदम में ऑरेंज कलर की ग्रीन बॉर्डर के साथ साड़ी पहनी थी।
अन्य फोटो में वह हल्दी कूटती नजर आ रही है। इसके अलावा वो फोटो में वह कमल हाथ में लिए नजर आ रही हैं। वह अपनी शादी की रस्मों को परिवार और दोस्तों के साथ एंजॉय कर रही हैं। इस समारोह के साथ ही शादी की तैयारियां भी शुरू हो गईं।

## नागा चैतन्य की शादी पर पिता ने की पोस्ट

कपल ने काफी समय तक अपना रिश्ता छिपाकर रखने की कोशिश की थी। बेटे की सगाई के बाद नागा चैतन्य ने लिखा, हमें अपने बेटे नागा चैतन्य की सगाई शोभिता धुलिपाला से करते हुए बहुत खुशी हो रही है, जो आज सुबह 9:42 बजे हुई!! हम उसे अपने परिवार में स्वागत करते हुए बहुत खुश हैं।



# खुशी कपूर ने वेदांग रैना के साथ अपना रिश्ता किया कंफर्म?



खुशी कपूर और वेदांग रैना के बारे में कुछ समय से डेटिंग की अफवाह है, जब से उन्होंने द आर्चीज में एक साथ अपनी शुरुआत की थी। हाल ही में, खुशी के जन्मदिन पर, वेदांग को उनके अन्य दोस्तों के साथ उनकी आधी रात की पार्टी में भी देखा गया था। हालांकि, वे अपने रिश्ते के बारे में चुप रहे हैं और इसे स्वीकार नहीं किया है। लेकिन हालिया तस्वीरों को देखकर ऐसा लगता है कि दोनों अब इसे आधिकारिक बनाने के लिए तैयार हैं। खुशी ने कुछ दिनों पहले कुछ शानदार छुट्टियों की तस्वीरें डाली थीं, और ईगल-आईज नेटिजंस ने तुरंत जूम इन किया और देखा कि वह अपने ब्रेसलेट पर वेदांग का नाम दिखा रही थी। बता दें कि पिछले दिनों खुशी कपूर और वेदांग रैना ने पिछले महीने मालदीव में छुट्टियां मनाने की तस्वीरें शेयर की थीं। तस्वीरों को देखकर साफ पता चल रहा था कि उन्होंने साथ में खूब मौज-मस्ती की। श्रीदेवी और बोनी कपूर की बेटी ने जो कई तस्वीरें ऑनलाइन शेयर की हैं, उनमें से एक तस्वीर में वो लाल रंग की बिकिनी में नजर आ रही हैं। इस फोटो में खुशी की बिकिनी से ज्यादा उनके ब्रेसलेट ने सभी की अटेंशन अपन तरफ खींची।

## लोगों ने पूछा यह सवाल

कमेंट सेक्शन में लोगों ने खुशी और वेदांग के रिश्ते को लेकर सवाल करना शुरू कर दिया। एक यूजर ने लिखा, क्या हम इस रिश्ते को कंफर्म समझे। दूसरे यूजर ने लिखा, खुशी कूपर और वेदांग रैना का रिश्ता पूरी तरह से कंफर्म हो गया है। एक और यूजर ने लिखा, दोनों की जोड़ी सच में बेहद प्यारी है।

## इन फिल्मों को लेकर हैं चर्चा में

वर्कफ्रंट की बात करें तो, वेदांग को हाल ही में आलिया भट्ट की जिगरा में देखा गया था। इस बीच, खुशी के पास आमिर खान के बेटे जुनैद खान के साथ एक फिल्म है और इब्राहिम अली खान के साथ एक फिल्म है।

# सिंघम अगेन को पुनर्जन्म बताने पर ट्रोल हुए अर्जुन

सिंघम अगेन में अपने प्रदर्शन से अर्जुन कपूर ने कई लोगों का दिल भी जीता, जिसके बाद अब वे लगातार अजय के साथ मिलकर फिल्म की सफलता को लेकर कई साक्षात्कार दे रहे हैं। अब वे अपने बयान के कारण ट्रोल हो गए। 1 नवंबर को रोहित शेट्टी के निर्देशन में बनी फिल्म सिंघम अगेन रिलीज हुई, जिसे समीक्षकों और प्रशंसकों की मिलीजुली प्रतिक्रिया मिली। कॉप यूनिवर्स की इस फिल्म में कई सितारे नजर आए। इस फिल्म में अजय देवगन ने डीसीपी बाजीराव सिंघम की भूमिका दोहराई। करीना कपूर खान अवनि के रूप में, अक्षय कुमार डीसीपी सूर्यवंशी वीर और रणवीर सिंह एसीपी संग्राम भालेराव उर्फ सिम्बा के रूप में अजय के साथ नजर आए। वहीं, दीपिका पादुकोण और टाइगर श्रॉफ ने कॉप यूनिवर्स में अपनी जगह बनाई। वहीं, इस फिल्म में अर्जुन कपूर मुख्य खलनायक डेंजर लंका के रूप में नजर आए, जिनके प्रदर्शन को दर्शकों ने सराहा। वहीं, अब दर्शकों के लिए भी अर्जुन को खलनायक के रूप में देखना चौंकाने जैसा था। दरअसल, उन्होंने अपने प्रदर्शन से कई लोगों का दिल भी जीता, जिसके बाद अब वे लगातार अजय के साथ मिलकर फिल्म की सफलता को लेकर कई साक्षात्कार दे रहे हैं। ऐसे में अब उन्होंने कहा है कि सिंघम अगेन में खलनायक के रूप में काम करना उनके करियर के लिए बहुत बड़ी सफलता है।





# ट्रैवल एंजायटी से जूझ रहीं हैं जान्हवी कपूर

जान्हवी कपूर इन दिनों यात्रा पर हैं। लेकिन उन्हें घबराहट भी हो रही है। ऐसा इसलिए क्योंकि उन्हें अपने बॉयज की फिक्र रहती है! ये बॉयज उनके दिल के करीब हैं। जान्हवी ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपनी एक फोटो शेयर की। इसमें उनके बॉयज भी दिख रहे हैं। और ये हैं उनके दो पालतू डॉग्स। एक है अमेरिकन अकिता और दूसरा है हस्की। जान्हवी ने इस पिक के साथ लिखा, ट्रैवेल एंग्जायटी, क्योंकि मैं अपने बॉयज को मिस कर रही हूं। दूसरे स्टार्स की तरह ही जान्हवी भी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। आए दिन जिंदगी से जुड़े अहम पलों को साझा करती हैं इनके कैप्शन भी जानदार होते हैं। हाल ही में उनकी एक पिक को इंस्टाग्राम पर काफी पसंद किया गया। इसमें वो जालीदार साड़ी में दिखी थीं। इस पोस्ट के कैप्शन में उन्होंने लिखा, कुछ कसाटा खाने का मन हुआ, लेकिन मैंने इसे पहन लिया। इससे पहले जान्हवी ने अपने कथित प्रेमी शिखर पहाड़िया के साथ कुछ फोटो शेयर की थी।
उन्होंने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें और वीडियो पोस्ट किए, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, ऐसे मीम्स जो ग्राम पर नहीं पहुंचे। इसकी एक तस्वीर ने यूजर्स का ध्यान अपनी ओर काफी खींचा और ये थी शिखर पहाड़िया संग उनकी तस्वीर। जिसमें जान्हवी अपने पालतू कुत्ते के साथ खेल रही थीं और शिखर ने प्यार से उनके सिर पर हाथ रखा हुआ था। हालांकि जान्हवी और शिखर ने अपने रिश्ते को ऑफिशियल नहीं किया है, लेकिन दोनों को अक्सर साथ देखा जाता है। मुंबई में मनीष मल्होत्रा की ग्रैंड दिवाली पार्टी में भी दोनों साथ पहुंचे थे। जान्हवी ने शिखर के साथ अपने रोमांस का संकेत सबसे पहले 'कॉफी विद करण' में दिया था, जब वह सारा अली खान के साथ आई थीं। बाद में, अपनी बहन खुशी कपूर के साथ एक एपिसोड के दौरान, उन्होंने शिखर का नाम लिया, जिससे अटकलों का बाजार और गरम हो गया।



# सिंह इज किंग के सीक्वल में अक्षय कुमार की जगह रणवीर सिंह नजर आएंगे

**निर्माता शैलेंद्र सिंह की फिल्म सिंह इज किंग में अक्षय कुमार नजर आए थे। एक बार फिर शैलेंद्र सिंह के साथ विपुल अमृतलाल शाह भी सह निर्माता के तौर पर इस फिल्म का सीक्वल बनाने की सोच रहे हैं। इस मामले पर खबरें हैं कि फिल्म में अक्षय कुमार की जगह निर्माता किसी अन्य कलाकार को शामिल करने की सोच रहे हैं। इसके कारण अक्षय के फैंस थोड़े निराश हो गए हैं।**

## टाइटल मिलने में लग गए 12 साल

रिपोर्ट की मानें तो शैलेंद्र सिंह को इस टाइटल पर दोबारा का करने में 12 साल लग गए। हालांकि, उन्हें दोबारा ये टाइटल मिल गया। सिंह इज किंग 2 या सिंह इज किंग रिटर्न हो सकता है। इस फिल्म की शूटिंग में एब वे देरी नहीं करना चाहते हैं। शैलेंद्र सिंह ने बातचीत में बताया कि मैंने अक्षय कुमार को यह टाइटल उपहार में दिया था और उन्होंने इसका दूसरा भाग बनाने की कोशिश की, लेकिन मैंने उनसे टाइटल वापस करने के लिए कहा क्योंकि मैं इसका सीक्वल बनाना चाहता था। विपुल और अक्षय के साथ 12 साल तक आगे-पीछे होने के बाद, मुझे आखिरकार तीन साल पहले यह टाइटल मिला। मैंने सिंह इज किंग 2 की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मैं अक्तूबर 2025 से इसका निर्माण शुरू करूंगा ताकि मैं इसे 2026 में रिलीज कर सकूं।

## फिल्म के किरदार का बदल जाएगा नाम

खबरों की मानें तो निर्माता ने कहा कि वे कहानी में कुछ बदलाव करना चाहते थे। इसमें फिल्म का मुख्य किरदार हैप्पी सिंह भारत में अपना कोहिनूर वापस लाने के मिशन पर काम करता है। उन्होंने कहा कि वे अब फिल्म का दूसरा भाग बना रहे हैं। अंतिम नाम सिंह इज किंग 2 होगा या सिंह इज किंग रिटर्न्स। नायक का नाम हैप्पी सिंह नहीं होगा। हम एक नया किरदार बनाएंगे।

## इस अभिनेता को करना चाहते हैं शामिल

फिल्म के सीक्वल में अक्षय कुमार नजर नहीं आएंगे बल्कि उनकी जगह निर्माता किसी अन्य ऊर्जावान अभिनेता को सामने लाना चाहते हैं। इसको लेकर शैलेंद्र सिंह ने कहा कि वे फिल्म में रणवीर सिंह को शामिल करना चाहेंगे। हमने इस बारे में उनके मैनेजर से भी बात की। खबरों की मानें तो सिंह इज किंग के पहले हिस्से में भी रणवीर सिंह को ऑफर दिया गया लेकिन उस समय ऐसा कुछ हो नहीं पाया।



# अमरन के बाद अब क्या कुली में नजर आएंगे शिवकार्तिकेयन

**साउथ अभिनेता शिवकार्तिकेयन इन दिनों अमरन की सफलता को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। वे फिल्म की सफलता का उत्साह के साथ जश्न मना रहे हैं। इस वॉर बायोपिक ड्रामा अमरन ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन भी किया है। यह फिल्म अभिनेता के करियर के लिए महत्वपूर्ण भी साबित हुई है, जिसनें उन्हें स्टार के रूप में सबसे सामने खड़ा कर दिया है।**

अभिनेता की इस उपलब्धि के हकदार सुपरस्टार कमल हासन भी हैं, जिन्होंने अमरन का निर्माण किया है। कई दफा फिल्म के प्रचार के साथ शिवकार्तिकेयन कमल हासन की प्रशंसा करते हुए उनका शुक्रिया अदा कर चुके हैं। ऐसे में चलिए आज शिवकार्तिकेयन से जुड़ी कुछ दिलचस्प बातों के बारे में जानते हैं।

## टीवी से फिल्म तक का सफर

5 वर्षों की छोटी सी अवधि में अभिनेता शिवकार्तिकेयन ने तमिल फिल्म उद्योग में तूफान ला दिया है। उन्होंने एक स्टैंड-अप कॉमेडियन के रूप में शुरुआत की, फिर एक टेलीविजन अभिनेता गए, जिसके बाद उन्होंने फिल्मों में कदम रखा और अंततः कॉलीवुड के उभरते सितारे बन गए। शिवकार्तिकेयन अपने पिता जी. डॉस की तरह एक ईमानदार पुलिस अधिकारी बनना चाहते थे। हालांकि, अपने पिता की मृत्यु के बाद, उन्होंने इस पेशे में रुचि खो दी। 2015 में उन्होंने काकी सत्ताई में एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाकर अपने पिता को ऑन-स्क्रीन श्रद्धांजलि दी।

## धनुष ने दिया मौका

शिवकार्तिकेयन का जीवन में कोई निश्चित लक्ष्य नहीं था। पुलिस अधिकारी बनने का विचार त्यागने के बाद उन्होंने इंजीनियरिंग करने का निर्णय लिया, लेकिन बाद में उन्हें एहसास हुआ कि यह उनके लिए उपयुक्त नहीं है। फिर, कंप्यूटर इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री के बावजूद, उन्होंने एमबीए करने का फैसला किया, ताकि कोर्स पूरा करने के बाद उन्हें नौकरी मिल सके। तमिल सुपरस्टार धनुष ने शिवकार्तिकेयन को अपनी पहचान बनाने में मदद की। धनुष ने 2012 में आई फिल्म 3 में सहायक भूमिका निभाई थी, जिसमें धनुष मुख्य भूमिका में थे। दोस्ती की शुरुआत सेट पर हुई और धनुष ने अपने प्रोडक्शन 2013 की एथिर नीचल के हीरो के तौर पर शिवकार्तिकेयन को कास्ट किया।

## अभिनेता की पहली बड़ी फिल्म

बतौर मुख्य अभिनेता उनकी पहली फिल्म 2012 में आई मरीना थी। हालांकि, उन्होंने 2008 की फिल्म एगन में सुपरस्टार अजित के साथ एक छोटी सी भूमिका निभाई थी। 2013 की उनकी कॉमेडी फिल्म वरुथा पदथा वलीबर संगम की सफलता के बाद निर्माता पी मदन ने शिवकार्तिकेयन को एक महंगी ऑडी क्यू 7 उपहार में दी थी। सिर्फ 10 करने के बाद भी शिवकार्तिकेयन पूरे दक्षिण भारत में एक लोकप्रिय चेहरा बन गए हैं। इतना ही नहीं, उन्हें 2015 में कन्नड़ फिल्म वज्रकाया में कैमियो करने का मौका भी मिला, जिसमें उन्हें मशहूर कन्नड़ अभिनेता शिवा राजकुमार के साथ डांस करने का मौका मिला।

## अभिनेता को मिला कमल हासन का साथ

शिवकार्तिकेयन को अमरन के लिए कमल हासन का साथ मिला। फिल्म के एक इवेंट में कमल ने इस बारे में खुलकर बात के थी कि उन्होंने अमरन का निर्माण क्यों किया। कमल हासन ने बताया था कि वह अमरन क्यों बनाना चाहते थे और उन्होंने कहा था कि फिल्म कन्नियम कट्टुपडु और कुरुथिपुनल सभी काल्पनिक थीं और वह कुछ ऐसा बनाना चाहते थे, जो सच हो। उन्होंने कहा, मेजर मुकुंद को पदक दिया होगा, उन्हें मरणोपरांत सम्मान दिया होगा। उनकी बेमिसाल बहादुरी की बराबरी घर के लोगों की हिम्मत से की जा सकती थी। अमरन भी उसी साहस के बारे में है। मैंने यह कहानी नहीं चुनी। इस कहानी को बताने के अपने कर्तव्य को पूरा करने के अलावा हमारा कोई काम नहीं है।

सेंसेक्स
77580.31 पर बंद
निफ्टी
23532.70 पर बंद




सोना
73,760
चांदी
95,000

## संक्षिप्त समाचार

### भारत डिजिटल क्रांति के मामले में अगुवा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत में डिजिटल क्रांति की लहर ने पूरे देश की रूप रेखा बदल दी है। जिसको लेकर आरबीआई के डिप्टी गवर्नर माइकल देबब्रत पात्रा ने बुधवार को कहा, देश डिजिटल क्रांति के मामले में अगुवा है और वित्तीय प्रौद्योगिकी डिजिटल भुगतान को रफ्तार दे रही है। उन्होंने कहा कि डिजिटल अर्थव्यवस्था वर्तमान में देश की जीडीपी का 10वां हिस्सा है। पिछले दशक की वृद्धि दर को देखते हुए 2026 तक इसके जीडीपी का 5वां हिस्सा बनने की संभावना है।

पात्रा ने एक कार्यक्रम में कहा वित्तीय क्षेत्र में डिजिटलीकरण से कागज के इस्तेमाल में 84 टन की कमी आई है। ग्राहकों के बैंकों तक आने-जाने में चार लाख लीटर ईंधन की बचत हुई है। इसके अलावा, हर महीने कुल 14,500 कार्य दिवस बचत हुई। ग्राहकों को जोड़ने की लागत में 25-30 फीसदी और शाखाओं में ग्राहकों को इंतजार में लगने वाले समय में 40 फीसदी कमी आई है।

इसके साथ ही पात्रा ने कहा कि भारतीय बैंकों के सर्वेक्षणों से पता चलता है कि सभी ने मोबाइल-इंटरनेट बैंकिंग लागू की है। 75 फीसदी ऑनलाइन खाता खोलने, डिजिटल केवाईसी और डिजिटल तरीके से घर तक बैंक सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं। 60 फीसदी डिजिटल माध्यम से कर्ज और 50 फीसदी भुगतान एग्रीगेटर सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

### 41 फीसदी बैंक ग्राहक सुविधा के लिए चैटबॉट का उपयोग करते हैं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 10 वर्षों के दौरान सालाना 20 लाख रुपये से कम आय वाले व्यक्तियों यानी मध्य वर्ग पर टैक्स का बोझ कम हुआ है। साथ ही, 50 लाख रुपये से ज्यादा वार्षिक आय वाले लोगों पर करों का बोझ बढ़ा है।

आयकर रिटर्न यानी आईटीआर के आंकड़ों के मुताबिक, जिन लोगों की व्यक्तिगत सालाना आय 50 लाख रुपये से ज्यादा रही है, उनकी संख्या बढ़कर 2023-24 में 9.39 लाख हो गई है। 2013-14 के 1.85 लाख की तुलना में यह पांच गुना ज्यादा है। साथ ही, इन करदाताओं की आयकर देनदारी 2014 के 2.52 लाख करोड़ रुपये से तीन गुना बढ़कर 2024 में 9.62 लाख करोड़ रुपये हो गई है।

एक सूत्र ने कहा, आयकर का 76 फीसदी हिस्सा सालाना 50 लाख रुपये से अधिक कमाने वालों से वसूला जाता है। इससे मध्यम वर्ग पर कर का बोझ कम हुआ है। इसके अलावा, सरकार द्वारा लागू किए गए मजबूत कर चोरी और काले धन विरोधी कानूनों के कारण 50 लाख रुपये से अधिक की वार्षिक आय वाले आईटीआर दाखिल करने वालों की संख्या में वृद्धि हुई है।

2.5 से 7 लाख रुपये के बीच कमाने वालों की आयकर देनदारी 2023-24 में औसतन 43,000 रुपये थी। यह उनकी आय का लगभग 4-5 प्रतिशत है। यह आंकड़ा उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लोगों की तुलना में काफी कम है।

### सुपर्ब आइडियाज़ ट्रेंडिंग की यूट्यूब सीरीज़ को 'पति पत्नी और बेबी' के रूप में कलर्स पर नया घर मिला

**मुंबई, एजेंसी।** घर वह जगह है जहां आपका मन बसता है! जबकि यह साल खत्म होने वाला है, इसलिए अपने प्रियजनों के साथ बैठकर पारिवारिक ज़िंदगी की अनोखी मस्ती का आनंद लेने का इससे बेहतर समय और कोई नहीं हो सकता। 2024 के फिनाले को और भी खास बनाते हुए, कलर्स 'पति पत्नी और बेबी' नाम से सुपर्ब आइडियाज़ ट्रेंडिंग की पसंदीदा यूट्यूब सीरीज़ पेश कर रहा है। यह सहयोग यूट्यूब की लोकप्रिय सीरीज़ की हंसी, प्यार और छोटी-मोटी तकरार को टेलीविजन पर लेकर आया है। जिसका उद्देश्य देश भर के परिवारों को उनके लिविंग रूम में ह्यूमर का नवीन डोज़ पेश करना है। दैनिक जीवन की स्थितियों को लेकर शादी और परिवार से जुड़े दिलचस्प किस्सों से भरपूर, इस मज़ेदार स्लाइस-ऑफ़-लाइफ़ शो में कई बेहतरीन कलाकार हैं- छवि मित्तल तुनकमिजाज़ी रोहिणी हैं।

### आदित्य विक्रम बिड़ला...

# देश के पहले उद्योगपति जिन्होंने विदेश में पहुंचाया कारोबार

नई दिल्ली, एजेंसी। आदित्य बिड़ला ग्रुप को कौन नहीं जानता। यह ग्रुप आज देश के बड़े उद्योग घरानों में एक है। इस ग्रुप की शुरुआत भी बहुत खास रही है। इस ग्रुप को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का श्रेय आदित्य विक्रम बिड़ला को जाता है। आदित्य विक्रम बिड़ला इस ग्रुप के मौजूदा चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला के पिता थे। विक्रम बिड़ला देश के ऐसे शख्स थे जो कारोबार को देश के बाहर लेकर गए।

आदित्य विक्रम बिड़ला का जन्म 14 नवंबर 1943 को एक व्यापारी घराने में हुआ था। उनके पिता बसंत कुमार थे। बसंत कुमार कॉटन, पॉलिस्टर आदि कारोबार से जुड़े हुए थे। ऐसे में कारोबार की बारीकियां सीखने में विक्रम बिड़ला को बहुत ज्यादा मशक्कत नहीं करनी पड़ी। अक्टूबर 1995 में मात्र 51 साल की उम्र में उनका निधन हो गया था। आज उनके जन्मदिन पर जानें कि उन्होंने ग्रुप को किस प्रकार नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया और उनके बिजनस मंत्र क्या थे।



### अमेरिका से की इंजीनियरिंग

विक्रम बिड़ला ने कोलकाता के सेंट जेवियर कॉलेज से पढ़ाई की थी। इसके उन्होंने अमेरिका की प्रतिष्ठित मैसाचुसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी से केमिकल इंजीनियरिंग में डिग्री ली। पढ़ाई के बाद वह 1965 में भारत लौट आए और परिवार के टेक्सटाइल कारोबार से जुड़ गए।

### विदेश में फैलाया कारोबार

बिड़ला ग्रुप के कारोबार को विदेश तक फैलाने में विक्रम बिड़ला का बड़ा योगदान माना जाता है। 24 साल की उम्र में उन्होंने ग्रुप का कंट्रोल अपने हाथ में ले लिया था। साल 1969 में उन्होंने इंडो-थाई सिंथेटिक कंपनी लिमिटेड की स्थापना की। यह इस ग्रुप की पहली ऐसी कंपनी थी जो विदेश में थी। इसके बाद साल 1973 में इन्होंने स्पन यार्न बनाने के लिए पीटी एलिगेंट टेक्सटाइल की स्थापना की। यह ग्रुप का इंडोनेशिया में पहला वेंचर था।

विक्रम बिड़ला के कारोबार को सिर्फ टेक्सटाइल तक ही सीमित नहीं रखा। उन्होंने ऑइल सेक्टर में भी कदम रखा। साल 1977 में उन्होंने पैन सेंचुरी एडिबल ऑइल को मलेशिया में शुरू किया। यह बाद में दुनिया का सबसे बड़ी सिंगल लोकेशन पाम ऑइल रिफाइनरी बन गई। इसके अलावा इन्होंने कई और बिजनस को विदेशों तक पहुंचाया। उन्होंने देश के बाहर 19 कंपनियों की स्थापना की थी।

### विक्रम बिड़ला के सफलता के मंत्र

विक्रम बिड़ला का मानना था कि लोगों को जीवन में रिस्क लेना चाहिए। फेल होने से डरना नहीं चाहिए। कई कारोबार में नुकसान होने के बाद भी वह चीजों का सामना करने से डरे नहीं।

किसी को कारोबार को शुरू करने से पहले उसके बारे में विजन स्ट्रॉन्ग होना चाहिए। इसका सबसे बड़ा उदाहरण उनकी थाईलैंड में शुरू की गई कंपनी में दिखाई देता है। यह कंपनी काफी सफल हुई थी।

इनका भी मंत्र था कि लोगों को बड़े सपने देखने चाहिए। विक्रम बिड़ला ने भी 24 साल की उम्र में अपने बड़े सपनों के बारे में तय कर लिया था। वे इनमें कामयाब भी हुए।

### आज बेटा संभालता है कारोबार

बिड़ला ग्रुप वैसे तो परिवार में बंट चुका है लेकिन इसका मुख्य कारोबार विक्रम बिड़ला के बेटे कुमार मंगलम बिड़ला के हाथ में है। आज यह ग्रुप दुनिया के कई देशों में कारोबार करता है। साथ ही इनका कारोबार कई सेक्टर में फैला हुआ है।

# निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस के आईपीओ में निवेशकों की हुई 6 फीसदी की कमाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जनरल इंश्योरेंस सेक्टर की कंपनी निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के आईपीओ में निवेशकों को पहले दिन ही छह फीसदी से ज्यादा की कमाई हो गई। इसका 10 रुपये फेस वैल्यू का एक शेयर निवेशकों को 74 रुपये में मिला था। आज बीएसई में यह 78.50 रुपये यानी इश्यू प्राइस से 4.50 रुपये या 6 फीसदी से भी ज्यादा बढ़ कर लिस्ट हुआ।




### शेयर बाजार में क्या रही चाल

गुरुवार की सुबह 10 बजे यह जब बीएसई में इसे शेयर लिस्ट हुए यह 78.50 रुपये पर ओपन हुआ। शीघ्र ही यह चढ़ते हुए 80.94 रुपये पर चला गया। नीचे में यह गिरते हुए 76 रुपये पर आया। फिर सुधर गया। सुबह 10 बज कर 10 मिनट पर यह 75.45 रुपये पर ट्रेड हो रहा था।

### ज्वाइंट वेंचर में बनी थी कंपनी

स्वाथ्य बीमा की यह कंपनी साल 2008 में बनी है। यह बुपा ग्रुप और फेटल टोन एलएलपी का ज्वाइंट वेंचर है। जब इस कंपनी का गठन हुआ था, तब इसका नाम मैक्स बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी था। बाद में इसे बदल क निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कर दिया गया। इस में बूपा सिंगापुर होल्डिंग्स प्राइवेट लिमिटेड की 62.19 प्रतिशत की हिस्सेदारी जबकि फेटल टोन एलएलपी की 26.8 प्रतिशत की हिस्सेदारी है।

कब खुला था आईपीओ

यह आईपीओ आम निवेशकों के लिए सात नवंबर से 11 नवंबर तक के लिए खुला था। इस आईपीओ में एंकर निवेशकों के लिए बोली लगाने की तारीख 6 नवंबर थी। एंकर निवेशकों से कंपनी को 990 करोड़ रुपये मिले हैं। इस दौरान देशी-विदेशी सभी कंपनियों ने पैसे लगाए थे। इसका प्राइस बैंड 70 रुपये से 74 रुपये तय किया गया था। प्राइस बैंड के अपर लेवल यानी 74 रुपये इस शेयर का दाम तय हुआ था।

घट गया था आईपीओ का साइज

निवा बूपा ने आईपीओ के जरिए पहले 3,000 करोड़ रुपये जुटाने का प्लान बनाया था। लेकिन बाद में इसे घटा कर 2,200 करोड़ रुपये कर दिया गया। आईपीओ के लिए कंपनी ने प्राइस बैंड 70-74 रुपये प्रति शेयर फिक्स किया है। इस आईपीओ में 800 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए गए। साथ ही प्रोमोटर्स ने 1,400 करोड़ रुपये तक की बिक्री पेशकश भी की है।

# प्रेम वत्स कनाडा के सबसे अमीर भारतीय

### उन्हें कनाडा का वॉरेन बफे भी कहा जाता है वह फेयरफैक्स के चेयरमैन और सीईओ हैं

नई दिल्ली, एजेंसी। कनाडा में सबसे धनी भारतीय प्रेम वत्स हैं। काम के प्रति समर्पण, व्यावसायिक कौशल और एक मजबूत शैक्षिक पृष्ठभूमि के दम पर उन्होंने दुनिया में अपना एक अलग मुकाम हासिल किया है। वह टोरंटो की कंपनी फैयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स के चेयरमैन और सीईओ हैं। 97 अरब डॉलर की इस कंपनी का बिजनस नॉर्थ अमेरिका, लैटिन अमेरिका, यूरोप, एशिया और वेस्ट एशिया तक फैला है। वत्स को कनाडा के वॉरेन बफे के नाम से जाना जाता है। जनवरी 2020 में उन्हें भारत के चौथे सबसे बड़े नागरिक पुरस्कार पद्म श्री से सम्मानित किया गया था।



वत्स का जन्म 5 अगस्त 1950 को हैदराबाद में एक मध्यम वर्गीय परिवार में हुआ था। उन्होंने 1971 में प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास से केमिकल इंजीनियरिंग में स्नातक किया। इसके बाद वह व्यापक अवसरों की तलाश में कनाडा चले गए। वहां उन्होंने वेस्टर्न ओंटारियो यूनिवर्सिटी से बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर डिग्री हासिल की। इस शिक्षा ने उन्हें एक ऐसा करियर शुरू करने में मदद की जिसने उन्हें कनाडा की प्रमुख वित्तीय हस्तियों में शामिल कर दिया।

### फेयरफैक्स की बुलंदियों पर पहुंचाया

फाइनेंस में वत्स का करियर 1974 में कन्फेडरेशन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी में शुरू हुआ। वहां उन्होंने स्टॉक पोर्टफोलियो को मैनेज किया और निवेश पर रिसर्च की। वहां उन्होंने फाइनेंस और इंश्योरेंस इंडस्ट्री की बारीकियां सीखीं। इस कंपनी में कुछ साल काम करने के बाद उन्होंने निवेश प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करते हुए हैम्ब्लिन वत्स इन्वेस्टमेंट काउंसिल लिमिटेड की स्थापना की। साल 1985 में उन्होंने टोरंटो स्थित फाइनेंशियल सर्विस कंपनी फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स का नियंत्रण हासिल किया। यह उनका प्राइमरी बिजनस वेंचर बन गया।

वत्स की लीडरशिप में फेयरफैक्स ने दिन दूनी रात चौगुनी प्रगति की। इस दौरान कंपनी की एसेट्स 31 अरब डॉलर तक पहुंची और निवेशकों को सालाना लगभग 20 प्रतिशत का रिटर्न मिलता रहा। टोरंटो स्टॉक एक्सचेंज में लिस्ट फेयरफैक्स फाइनेंशियल होल्डिंग्स कनाडा में फाइनेंशियल सर्विसेज सेक्टर में एक अहम कंपनी है।

# एथर एनर्जी ने अपने ग्राहकों के लिए एथर सर्विस कार्निवल वीक फिर से शुरू किया

**सर्विस कार्निवल के ऑफर 11 नवंबर, 2024 से 17 नवंबर, 2024 तक लागू रहेंगे**

**मुंबई, एजेंसी।** भारत में इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर उद्योग में अग्रणी, एथर एनर्जी ने अपने ग्राहकों के लिए एथर सर्विस कार्निवल वीक फिर से शुरू किया है। इस सर्विस कार्निवल में फ्री 15-पॉईंट वैहिकल हैल्थ चेक, लेबर पर 10 प्रतिशत छूट, सभी पार्ट्स पर 5 प्रतिशत छूट और पॉलिश पर 15 प्रतिशत छूट जैसे अनेक ऑफर मिलेंगे। ग्राहक सर्विसिंग की बुकिंग एथर ऐप से करके एथर सर्विस कार्निवल के ऑफर प्राप्त कर सकते हैं। उन्हें समर्पित सहयोग और विशेषज्ञ टेक्निकल परामर्श के साथ मेंटेनेंस पर विशेष बचत का लाभ मिलेगा।

एथर ने ग्राहकों की संतुष्टि पर केंद्रित रहते हुए यह प्लान शुरू की हैं, जिसमे एथर केयर सर्विस प्लान और एथर एक्सप्रेसकेयर शामिल हैं। अब एथर ने एथर सर्विस कार्निवल फिर से शुरू किया है। भारत में 215 एथर सर्विस सेंटर्स के मजबूत नेटवर्क की मदद से इस सर्विस कार्निवल में एथर के मालिकों को नियमित चेक-अप और विशेष इन्हेंसमेंट्स प्राप्त होंगे ताकि उनकी इलेक्ट्रिक स्कूटर सुगमता से चलते हुए उन्हें आवागमन का बहुत आसान अनुभव प्रदान करे।

## अक्तूबर में भारत का निर्यात 17.25 प्रतिशत बढ़कर 39.2 अरब डॉलर हुआ, सलाना आधार पर व्यापार घाटे में आई कमी

भारतीय वस्तुओं का निर्यात अक्तूबर में 17.25 प्रतिशत बढ़कर 39.2 अरब डॉलर हो गया, जो एक साल पहले इसी महीने में 33.43 अरब डॉलर था। गुरुवार को जारी सरकारी आंकड़ों में इसकी पुष्टि की गई। अक्तूबर माह में आयात 3.9 प्रतिशत बढ़कर 66.34 अरब डॉलर हो गया, जबकि पिछले वर्ष इसी माह में यह 63.86 अरब डॉलर था।

अक्तूबर महीने के दौरान व्यापार घाटा यानी आयात और निर्यात के बीच का अंतर कम होकर 27.14 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। पिछले वर्ष अक्तूबर में यह 33.43 अरब डॉलर था। इस साल, सितंबर में भारतीय वस्तुओं का निर्यात मामूली रूप से 0.5 प्रतिशत बढ़कर 34.58 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया था।

# एक्सिस बैंक ने प्रतिभा विकास और कौशल निर्माण के लिए की अड्डा247 के साथ साझेदारी

मुंबई, एजेंसी। भारत में निजी क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक, एक्सिस बैंक ने कौशल निर्माण से जुड़ी पहलों के ज़रिये टैलेंट (प्रतिभा) पाइपलाइन विकसित करने के लिए अड्डा247 के साथ रणनीतिक साझेदारी की है। इस गठजोड़ का उद्देश्य है बिक्री, संपर्क प्रबंधन और अन्य ग्राहक संपर्क वाली भूमिकाओं में एक्सिस बैंक के लिए युवाओं को उच्च-गुणवत्ता और नौकरी के लिए तैयार करना।

एक्सिस बैंक और अड्डा247, इस साझेदारी के ज़रिये दक्ष बैंकरों की अगली पीढ़ी की भर्ती, पोषण और निर्माण के लिए कई पहल शुरू करेंगे।

इस किस्म की पहलों के तहत युवा पेशेवरों के लिए एक्सिस बैंक में सफल करियर बनाने के लिए आवश्यक क्षेत्र (डोमेन) की जानकारी और कौशल पर ध्यान केंद्रित करते हुए दोनों संस्थाओं द्वारा तैयार और उद्देश्य केंद्रित लर्निंग (सीखने) अनुभव प्रदान किया जाएगा।




दोनों संगठनों ने बैंकिंग में विभिन्न किस्म के ग्राहक बिक्री और सेवा परिदृश्यों के गहन अभ्यास और वास्तविक दुनिया के माहौल में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए लर्निंग और अनुभव हासिल करने की प्रक्रिया को तेज़ करने के लिए सिम्युलेशन के ज़रिये आवश्यक कौशल विकसित कर लर्निंग की प्रक्रिया तैयार की है।

एक्सिस बैंक के प्रेसिडेंट हेड - ह्यूमन रिसोर्स, राजकमल वेम्पति ने कहा, एक्सिस बैंक में, हम युवाओं को निखारने पर दांव लगाते हैं। टैलेंट का परिदृश्य बदल रहा है, और हम युवा कर्मचारियों तक पहुंच बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, चाहे वे कहीं भी हों। अड्डा247 ने अपनी प्रमुख डिजिटल उपस्थिति के ज़रिये टैलेंट विकसित करने की दिशा में काफी प्रगति की है। हम अड्डा247 की पहुंच के साथ देश में युवाओं की तादाद अधिक होने की स्थिति का लाभ उठाते हुए युवा और जीवंत कार्यबल की क्षमता का उपयोग कर सकते हैं।

अड्डा247 के फाउंडर × सीईओ, अनिल नागर ने कहा, अड्डा247 की शुरुआत 2010 में बैंक पावर के रूप में हुई थी, जब संस्थापकों ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक की नौकरी के इच्छुक लोगों को प्रशिक्षण देना शुरू किया था। पिछले 14 साल से अधिक समय में अड्डा247 ने एक विशाल और समकालीन डिजिटल फुटप्रिंट और कंटेंट आधारित परितंत्र के निर्माण में उल्लेखनीय रूप से निवेश किया है।

अड्डा247 के सीईओ, कौशल और उच्च शिक्षा, बिमलजीत सिंह भसीन ने कहा, हम बिक्री, संपर्क प्रबंधन और ग्राहक सेवा से जुड़ी नौकरी के लिए तैयार कार्यबल के निर्माण में एक्सिस बैंक के साथ साझेदारी कर उत्साहित हैं।

# लेनोवो ने प्रोफेशनल्स के लिए तैयार किए गए नए हाई-परफॉरमेंस टैबलेट और लैपटॉप के साथ भारत में अपने पोर्टफोलियो का विस्तार किया

मुंबई, एजेंसी। लेनोवो, ग्लोबल टेक्नोलॉजी पावरहाउस लेनोवो ने आज भारत में लेनोवो के11 टैबलेट के अपग्रेडेड वैरिएंट के रूप में लेनोवो टैब के11 (एन्हांस्ड एडिशन) लॉन्च करने की घोषणा की। यह अत्याधुनिक वैरिएंट एंटरप्राइजिज और प्रोफेशनल्स की अलग अलग तरह की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो बेहद किफ़ायती कीमत पर बेहतरीन परफॉर्मेंस, सुरक्षा, मैनेजेबिलिटी और ड्यूरेबिलिटी का एक बेहतरीन कॉम्बीनेशन प्रदान करता है। झआशीष सिक्का, डायरेक्टर और कैटेगरी हेड, लेनोवो इंडिया ने कहा कि यूज़र्स की बदलती मांगों को ध्यान में रखते हुए, के11 (एन्हांस्ड एडिशन) टैबलेट को आज के एंटरप्राइजिज और प्रोफेशनल्स की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो बेहतरीन परफॉर्मेंस, ड्यूरेबिलिटी और मैनेजेबिलिटी का एक बेहतरीन मिक्स प्रदान करता है। इसका वाइब्रेंट डिस्प्ले और पॉवरफुल प्रोसेसिंग इस टैबलेट को



उन बिज़नेसेज और कर्मचारियों के लिए एक आइडियल विकल्प बनाता है जो एक ही डिवाइस में कई सारे काम एक साथ करने और बेहद कार्यकुशलता की अपेक्षा करते हैं। शानदार 11 इंच की एलसीडी डिस्प्ले के साथ 400 निट्स ब्राइटनेस और 1920 × 1200 रिज़ॉल्यूशन, शानदार विजुअल्स प्रदान करता है। डॉल्बी एटमॉस0 से लैस क्वाड स्पीकर इमर्सिव साउंड प्रदान करते हैं, जो मल्टीमीडिया और बिज़नेस उपयोग के लिए आइडियल हैं। मीडियाटेक हीलियो जी88 प्रोसेसर, 8जीबी तक रैम और 128जीबी स्टोरेज (1टीबी तक एक्सपेंडेबल) द्वारा संचालित है। इसके साथ ही ये टैबलेट काफी आसानी से मल्टीटास्किंग और पर्याप्त स्टोरेज सुनिश्चित करता है। केवल 496 ग्राम वजन, 7.15 मिमी पतला और वाई-फाई, ब्लूटूथ0 5.1, एलटीई और फ़ास्ट-चार्जिंग 7040 एमएएच बैटरी से लैस, यह प्रोफेशनल्स के लिए किसी भी सफर में एक आइडियल हमसफर है।

रणजी ट्रॉफी:

# पर्थ टेस्ट मैच से पहले गरज रहा है इस भारतीय का बल्ला, ठोक दिया तिहरा शतक



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम अभी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर है जहां उसे 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में हिस्सा लेना है। इस टेस्ट सीरीज की शुरुआत 22 नवंबर से होगी और पहला मैच पर्थ में खेला जाएगा। एक तरफ जहां भारतीय टीम पर्थ टेस्ट मैच को लेकर तैयारियों में जुटी हुई है तो वहीं दूसरी तरफ रणजी ट्रॉफी के इस सीजन में राजस्थान के धाकड़ बल्लेबाज महिपाल लोमरोर का बल्ला भारत में गरज रहा है। महिपाल लोमरोर ने एलीट ग्रुप बी के मुकाबले में उत्तराखंड के खिलाफ तिहरा शतक लगा दिया।

**महिपाल ने 357 गेंदों पर लगाया तिहरा शतक** – महिपाल लोमरोर ने उत्तराखंड के खिलाफ गजब की बल्लेबाजी करते हुए अपने फर्स्ट क्लास क्रिकेट करियर का पहला तिहरा शतक लगाने में सफलता हासिल की। उन्होंने पहली पारी में इस टीम के खिलाफ अपना दोहरा शतक 253 गेंदों पर पूरा किया था और इस दौरान उन्होंने 8 छक्के और 18 चौके लगाए थे। महिपाल इसके बाद भी नहीं रुके और उन्होंने अपना तिहरा शतक 357 गेंदों पर पूरा किया और इस दौरान उन्होंने 13 छक्के और 25 चौके भी लगाए। महिपाल ने 360 गेंदों पर 13 छक्के और 25 चौकों की मदद से नाबाद 300 रन बनाए। इसके बाद उनकी टीम ने पारी की घोषणा कर दी। पहली पारी में राजस्थान की टीम ने 7 विकेट पर 660 रन बनाए। महिपाल लोमरोर रणजी ट्रॉफी में तिहरा शतक लगाने 43वें खिलाड़ी बने जबकि इस टूर्नामेंट के इतिहास का ये 47 तिहरा शतक रहा। रणजी ट्रॉफी में किसी खिलाड़ी ने 3 साल के बाद तिहरा शतक लगाने का कमाल किया। इस टूर्नामेंट में महिपाल लोमरोर से पहले जो तिहरा शतक लगाया गया था वो सरफराज खान ने लगाया था। सरफराज खान ने साल 2020 में मुंबई के खिलाफ यूपी के लिए खेलते हुए ये कमाल किया था। उस मैच में सरफराज खान ने 391 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 301 रन की पारी खेली थी और इस दौरान 8 छक्के और 30 चौके लगाए थे।

# चैंपियंस ट्रॉफी को लेकर पीसीबी ही नहीं इस तरफ से भी आईसीसी पर बढ़ रहा दबाव, जल्द हो सकता है फैसला

**नईदिल्ली, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के आयोजन को लेकर इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल पर लगातार दबाव बढ़ रहा है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अब प्रसारणकर्ताओं ने क्रिकेट की वैश्विक संस्था पर दबाव बनाना शुरू कर दिया है।



क्रिकेट पाकिस्तान की रिपोर्ट के अनुसार, मीडिया राइट्स हासिल करने वाली ब्रॉडकास्टर कंपनियां टूर्नामेंट के कार्यक्रम को तत्काल जारी करने के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल पर दबाव डाल रही हैं।

**भारत-पाकिस्तान मैच देते हैं बड़ा राजस्व** – वेबसाइट ने सूत्रों के हवाले से लिखा है कि 2027 तक अनुमानित 3 बिलियन डॉलर में ढूष्ट के मीडिया राइट्स हासिल करने वाले ब्रॉडकास्टर्स को एक चक्र का वादा किया गया था जिसमें भारत बनाम पाकिस्तान के मुकाबले भी शामिल थे। भारत बनाम पाकिस्तान जैसे मुकाबले न सिर्फ दर्शकों की संख्या बेतहाशा बढ़ोत्तरी करते हैं, बल्कि ऐतिहासिक रूप से राजस्व भी बढ़ाते हैं।

**भारत नहीं खेला तो ब्रॉडकास्टर्स को होगा भारी नुकसान** – हालांकि, स्थिति जटिल हो गई है, क्योंकि भारत ने पाकिस्तान में आयोजित होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में हिस्सा लेने से इनकार कर दिया है। स्पष्ट कार्यक्रम न होने और भारत के बिना टूर्नामेंट की संभावना के कारण, प्रसारकों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। यही वजह है कि उन्होंने आईसीसी से तत्काल फैसला लेने की मांग की है।

**हाइब्रिड मॉडल अपनाने पर जाने से पाकिस्तान का इनकार** – दूसरी ओर, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने भी हाइब्रिड मॉडल पर टूर्नामेंट को आयोजित करने के प्रस्तावों को खारिज कर दिया है। पीसीबी ने चैंपियंस ट्रॉफी के सभी मुकाबले पाकिस्तान में ही आयोजित करने की वकालत की है। इस बीच आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान का दौरा करने से भारत के संभावित रूप से पीछे हटने के बारे में पीसीबी की ओर से उठाई गई चिंताओं को दूर करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहा है।

# नेपाल में गरजेगा अब शिखर धवन का बल्ला, यहां की लीग में इस टीम के लिए खेलते हुए आएंगे नजर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ओपनर बल्लेबाज शिखर धवन अब नेपाल प्रीमियर लीग में खेलते हुए नजर आंगे। इस लीग के अगले सीजन के लिए उन्हें करनाली यक्स टीम ने अनुबंधित किया है। 38 साल के धवन को इस टीम ने चौथे विदेशी खिलाड़ी के रूप में खरीदा है। इससे पहले इस टीम ने वेस्टइंडीज के चैडविक वाल्टन, पाकिस्तान के हुसैन तलत और हांगकांग के बाबर हयात को अपने साथ जोड़ा था और अब शिखर धवन के जुड़ने से ये टीम और मजबूत होगी।

**नेपाल प्रीमियर लीग में खेलेंगे शिखर धवन** – शिखर धवन के शामिल होने से ना सिर्फ करनाली टीम मजबूत होगी बल्कि नेपाल प्रीमियर लीग (एनपीएल) के वैल्यू में भी इजाफा होगा। नेपाल प्रीमियर लीग का आयोजन पहली बार किया जा रहा है और इस लीग में मार्टिन गप्टिल, जेम्स नीशम, बेन कटिंग जैसे खिलाड़ी भी खेलते हुए नजर आएंगे। इस लीग की शुरुआत 30 नवंबर से होगी और फाइनल मुकाबला 21 दिसंबर को खेला जाएगा। इस साल अगस्त में अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास लेने वाले धवन ने अपना आखिरी मैच अप्रैल में खेला था, जब वह आईपीएल में पंजाब किंग्स की अगुआई कर रहे थे। पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने आखिरी बार 2021 में भारत के लिए टी20 मैच खेला था। घरेलू व इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद अब धवन में दुनियाभर के अलग-अलग लीग में खेलते हुए नजर आ रहे हैं। धवन का इंटरनेशनल और आईपीएल करियर अच्छा रहा था और दुनियाभर के बेहतरीन सलामी बल्लेबाजों में से एक माने जा रहे हैं। नेपाल प्रीमियर लीग के मुकाबले काठमांडू में खेले जाएंगे और क्रिकेट फैंस की नजर वहां लगी होगी कि धवन किस तरह का प्रदर्शन करते हैं।

# मैकस्वीनी को वार्नर की तरह खेलने की जरूरत नहीं, उसके पास अपना खेल है: ख्वाजा

**पर्थ, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने अपने नए सलामी जोड़ीदार नाथन मैकस्वीनी का समर्थन करते हुए उनसे कहा है कि वह पर्थ में भारत के खिलाफ डेविड वार्नर की तरह खेलने का प्रयास करने की जगह अपना खेल खेलें। अपने 38वें जन्मदिन की ओर बढ़ रहे ख्वाजा ने 73 टेस्ट में 15 शतक की मदद से लगभग साढ़े पांच हजार रन बनाए हैं।

उन्होंने कहा कि तेजी से रन बनाना ही सब कुछ नहीं है और उन्होंने मैकस्वीनी को सलाह दी कि वह सिर्फ उस प्रक्रिया को दोहराएं जो अब तक उनके लिए सफल रही है।ख्वाजा के हवाले से कहा, 'मुझे नहीं पता कि यह मिथक कहां से शुरू हुआ कि आपको कोई ऐसा खिलाड़ी चाहिए जो बहुत तेजी से रन बनाए। सलामी बल्लेबाज के रूप में आप रन बनाने का प्रयास करते हैं और इसके लिए आपके पास पंच दिन होते हैं। पिछले साल हमारा कोई टेस्ट मैच पांच दिन तक नहीं गया। सलामी बल्लेबाजी का मतलब रन बनाना और उस समय क्रीज पर डटे रहना है। वार्नर के बारे में बात करते हुए ख्वाजा ने कहा कि हर कोई उनके पूर्व सलामी



जोड़ीदार की तरह प्रतिभाशाली नहीं होता जो पारंपरिक प्रारूप में आसानी से तेजी से रन बना सकते थे। ख्वाजा ने कहा, 'डेवी (वार्नर) खास थे। वह मुश्किल समय में टिके रहकर रन बना सकते थे। वह कभी-कभी 100 गेंद में 100 रन बना लेते थे लेकिन वह हर बार ऐसा नहीं करते थे। कभी-कभी उन्हें 100 रन बनाने के लिए 170, 180 गेंद लग जाती थीं।

उन्होंने कहा, 'उनके प्रदर्शन में निरंतरता थी, वह क्रीज पर उतरकर बाद में आने वाले लोगों के लिए मंच तैयार करता था और रन बनाता था। ये दोनों काफी महत्वपूर्ण चीजे हैं। ख्वाजा को भरोसा है कि उचित गति से रन बनाने के अलाव मैकस्वीनी में लंबे समय तक टिके रहने की क्षमता भी है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि नाथन यह काम बहुत अच्छे से करता है। वह रन बना सकता है लेकिन वह लंबे समय तक बल्लेबाजी भी कर सकता है। अगर आप मुकाबले को अपने पक्ष में मोड़ना चाहते हैं तो टेस्ट क्रिकेट में ये बहुत महत्वपूर्ण पहलू हैं। ख्वाजा ने मैकस्वीनी को चेतावनी दी कि 'क्रिकेट में कोई गारंटी नहीं है लेकिन उन्होंने कहा कि इस 25 वर्षीय बल्लेबाज को टेस्ट क्रिकेट में 'कुछ अलग करने की जरूरत नहीं है।

रणजी ट्रॉफी:

# मोहम्मद शमी ने दूसरे दिन की शानदार वापसी, एमपी के खिलाफ चटकाए चार विकेट



**इंदौर, एजेंसी।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने रणजी ट्रॉफी में यादगार वापसी की है। उन्होंने होलकर स्टेडियम में मध्य प्रदेश पर चार विकेट लेकर बंगाल को पहली पारी में बढ़त दिलाई। पहला दिन शमी के लिए खास नहीं रहा था और वह कोई विकेट भी नहीं ले पाए थे। लेकिन गुरुवार को 34 वर्षीय तेज गेंदबाज ने 2018 के बाद से अपना पहला रणजी ट्रॉफी में अपनी क्लास और अनुभव दिखाते हुए 19 ओवरों में 4-54 के आंकड़े के साथ बंगाल के स्टैंडआउट गेंदबाज के रूप में समापन किया। शमी ने दूसरे दिन की शुरुआत में ही प्रहार किया और एमपी के कप्तान शुभम शर्मा को सिर्फ 8 रन पर आउट कर दिया, अपने विनाशकारी स्पेल में उन्होंने सारांश जैन को बोल्ड किया और लगातार गेंदों पर कुमार कार्तिकेय और खुलवंत खेजरोलिया को आउट किया जिससे मेजबान टीम लड़खड़ा गई। अनुभवी तेज गेंदबाज के प्रदर्शन ने बंगाल को पहली पारी के बाद 61 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल करने में मदद की जिसने उनके अभियान की शुरुआत की।

पूरी गति से गेंदबाजी नहीं करने के बावजूद शमी ने लगातार मध्य प्रदेश के बल्लेबाजों को परेशान किया, जिसमें प्रमुख बल्लेबाज रजत पाटीदार को आउट करना भी शामिल है। उन्हें अपने भाई मोहम्मद कैफ के साथ मिलकर गेंदबाजी करते देखा गया। शमी ने बंगाल के लिए आखिरी मैच नवंबर 2018 में केरल के खिलाफ खेला था जो एकतरफा मुकाबला था।

# काव्या मारन ने जिसे ठुकराया वो बना 10 करोड़ का खिलाड़ी!

## आईपीएल 2025 से पहले हुई बड़ी भविष्यवाणी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** काव्या मारन की फ्रेंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद ने तो ठुकरा दिया मतलब उसे आईपीएल 2025 के लिए रिटेन नहीं किया. लेकिन अब वो 10 करोड़ का खिलाड़ी बन चुका है. ये हम दावे से नहीं कह रहे बल्कि उसे लेकर हुई भविष्यवाणी की तर्ज पर ऐसा कहा जा रहा है. हम यहां मार्को यानसन की बात कर रहे हैं, जिन्हें लेकर सनराइजर्स हैदराबाद के सपोर्ट स्टाफ से जुड़े रहे डेल स्टेन ने बड़ी बात कही है. डेल स्टेन ने भी हाल ही में ये घोषणा की है कि वो आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद के साथ जुड़े नहीं रहेंगे. भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज में मार्को यानसन के अब तक के प्रदर्शन को देखने के बाद दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज ने आईपीएल 2025 के ऑक्शन में उन पर पैसों की बारिश होने की भविष्यवाणी की है. मार्को यानसन को कितनी रकम मिल सकती है, इस बारे में डेल स्टेन ने अपने अंदाजे को सोशल मीडिया पर शेयर किया है. उन्होंने एक्स हैंडल के जरिए दुनिया को बताया कि यानसन 10 करोड़ के खिलाड़ी हैं.

**ऐसा हुआ तो दोगुने से भी ज्यादा का फायदा** – अब अगर स्टेन के लगाए कयास हकीकत का चोला पहनते हैं तो मार्को यानसन को सनराइजर्स हैदराबाद से हटने का फायदा ही होने वाला है. ऐसा इसलिए क्योंकि 10 करोड़ मिलने का मतलब होगा कि उन्हें मिलने वाली रकम में दोगुने से भी ज्यादा का फायदा. आईपीएल 2024 के -लिए एसआरएच ने यानसन को 4.20 करोड़ रुपये दे रही थी.

**मार्को यानसन पर क्यों बरसेंगे इतने पैसे?** – अगर आप जानना चाहते हैं कि मार्को यानसन को 10 करोड़ रुपये मिलेंगे किस चीज पर, जिस बारे में डेल स्टेन ने अंदेशा जताया है, तो इसके लिए आप भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज में उनका हालिया प्रदर्शन देख सकते हैं. यानसन ने इस सीरीज के पहले 3 मैचों में साउथ अफ्रीका की ओर से सबसे ज्यादा 73 रन बनाए हैं. वो भारत के खिलाफ टी-20 में सबसे तेज अर्धशतक जमाने वाले बल्लेबाज भी बने हैं. उन्होंने 16 गेंदों पर अर्धशतक लगाया. इसके अलावा गेंद से यानसन ने 3 विकेट चटकाए हैं.

इंडिया वर्सेस साउथ अफ्रिका

# भारत की नजरें श्रृंखला जीतने पर, रिंकू पर रेहगा फोकस, ये हो सकती है प्लेइंग 11

**जोहानिसबर्ग, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुक्रवार को निर्णायक चौथा टी20 मैच और श्रृंखला जीतने की कोशिश में जुटी भारतीय टीम के लिये रिंकू सिंह का बल्लेबाजी क्रम और खराब फॉर्म चिंता का सबब होगा। संजू सैमसन और तिलक वर्मा के शतकों के अलावा भारतीय बल्लेबाजों ने प्रभावी प्रदर्शन नहीं किया है। भारत फिलहाल श्रृंखला में 2-1 से आगे है लेकिन 3-1 से जीतने के लिए बल्लेबाजों पर जिम्मेदारी होगी।

भारत के लिए वांडरर्स हमेशा से भाग्यशाली रहा है जहां उसने 2007 में पाकिस्तान को हराकर पहला टी20 विश्व कप जीता था। एक साल पहले पिछली टी20 श्रृंखला में कप्तान सूर्यकुमार यादव ने शतक जमाकर टीम को जीत दिलाई थी। सूर्यकुमार की कप्तानी में भारत ने 16 में से 13 मैच जीते हैं और इस बार वह श्रृंखला जीतकर लौटना चाहेंगे। पिछली बार श्रृंखला 1-1 से ड्रॉ रही थी चूंकि एक मैच बारिश की भेंट हो गया था।

टी20 क्रिकेट के सबसे आक्रामक बल्लेबाजों में शुमार रिंकू सिंह का फॉर्म भी चिंता का सबब है जो पिछले कुछ महीने से अच्छा नहीं खेल पा रहे हैं। ऐसा लग रहा है कि छठे या सातवें नंबर पर उतरने से वह सहज होकर खेल नहीं पा रहे हैं। भारत में अगला टी20 विश्व कप 2026 में है और सूर्यकुमार के पास रिंकू में आत्मविश्वास भरकर उनके प्रदर्शन को ढर्रे पर लाने का पूरा समय है।



स्पष्टता के अभाव में उनके जैसे हुनरमंद क्रिकेटर को खोने का जोखिम भारतीय टीम नहीं उठा सकती। मौजूदा श्रृंखला में रिंकू दो मैचों में छठे और एक मैच में सातवें नंबर पर उतरे और 28 रन ही बना सके। निचले क्रम पर उतरने से 11, 9 या 8 रन का स्कोर चिंता का विषय नहीं है लेकिन असल चिंता इस बात की है कि इसके लिए उन्होंने कुल 34 गेंदें खेल डाली। आईपीएल के दौरान भी रिंकू को 15 मैचों में कुल 113 गेंद ही खेलने को मिली थी यानी प्रति मैच 7.5 गेंद। एक फिनिशर के तौर पर रिंकू को हर पारी में करीब दस ही गेंद मिल सकती है। इससे शायद उनके आत्मविश्वास पर असर पड़ा है क्योंकि उन्हें समझ नहीं आ रहा कि वह आक्रामक खेलें या सहायक की भूमिका में रहें। रिंकू ने अधिकांश समय पांचवें नंबर पर उतरकर अच्छा प्रदर्शन किया है।

# चैंपियंस ट्रॉफी विवाद बढ़ने पर पाकिस्तान को हो सकता है भारी नुकसान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का भविष्य अनिश्चित है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने भारत सरकार से मंजूरी नहीं मिलने के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को सूचित किया है कि वह 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगा। मेजबान पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड इस बात पर अड़ा हुआ है कि ऐसा कोई हाइब्रिड मॉडल नहीं होगा, जिसमें भारत अपने मैच किसी तटस्थ स्थान पर खेले। एक रिपोर्ट के अनुसार यदि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड अपना सख्त रुख जारी रखता है और चैंपियंस ट्रॉफी प्रभावित होती है, तो आईसीसी उस पर प्रतिबंध लगा सकता है। यदि पीसीबी पीछे हटता है, तो आईसीसी द्वारा दी जाने वाली उसकी फंडिंग में भारी कटौती हो सकती है। टूर्नामेंट को आगे बढ़ाने या स्थगित करने का मतलब है कि पीसीबी को मेजबानी शुल्क के रूप में लगभग 65 मिलियन अमरीकी डॉलर का नुकसान हो सकता है। हाल ही में पीसीबी ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए तीन स्थानों कराची, रावलपिंडी और लाहौर को अपग्रेड किया है और कोई भी वित्तीय नुकसान उन्हें और भी अधिक नुकसान पहुंचाएगा। पीसीबी ने आईसीसी को बताया है कि देश में सुरक्षा कोई मुद्दा नहीं है, जिसने हाल ही में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड की सफलतापूर्वक मेजबानी की है और चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भी यही वादा किया है।

बैडमिंटन:

# सात्विक-चिराग के लिए भारत से जुड़ेंगे दिग्गज तान किम हर, इरवासियाह होंगे बैडमिंटन के नए एकल कोच

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मलयेशिया, थाईलैंड और जापान जैसे देशों के कोच रह चुके तान किम हर ने ही सात्विक-चिराग की जोड़ी बनाई थी। उनकी कोचिंग में भारतीय जोड़ी ने दुनिया भर में अपना दबदबा बनाया। पूर्व विश्व नंबर एक भारतीय युगल जोड़ी सात्विक साईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को बैडमिंटन की दुनिया में चमकाने वाले दिग्गज तान किम हार का फिर साथ मिलने जा रहा है। थॉमस कप, एशियाड और राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता मलयेशिया तान तीसरी बार भारतीय बैडमिंटन टीम के युगल कोच बनने जा रहे हैं।



मलयेशिया, थाईलैंड और जापान जैसे देशों के कोच रह चुके तान किम हर ने ही सात्विक-चिराग की जोड़ी बनाई थी। उनकी कोचिंग में भारतीय जोड़ी ने दुनिया भर में अपना दबदबा बनाया। डेनमार्क के मथायस बोए के पेरिस ओलंपिक से हटने के बाद सात्विक-चिराग को नए कोच की तलाश थी। दोनों तान किम के साथ जुड़ना चाहते थे।

इन दोनों के कहने पर ही वह फिर से भारत के साथ अनुबंध के लिए तैयार हो गए। उन्हें 10 हजार अमेरिकी डॉलर प्रति माह (लगभग साढ़े 8 लाख रुपये) का वेतन दिया जाएगा। वहीं, भारतीय बैडमिंटन संघ तान किम के अलावा एकल के लिए इंडोनेशियाई दिग्गज कोच इरवासियाह आदी प्रात्मा को नया कोच अनुबंधित करने जा रहा है। प्रात्मा को भी 10 हजार अमेरिकी डॉलर मिलेंगी। इन दोनों के अलावा इंडोनेशिया के एकल कोच ड्वी क्रिस्टियावान को संघ बरकरार रखने जा रहा है।



जापान मास्टर्स बैडमिंटन:

# पीवी सिंधू जापान मास्टर्स के प्री क्वार्टर फाइनल में हारीं

## भारतीय चुनौती समाप्त

**कुमामोतो (जापान), एजेंसी।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू के प्री क्वार्टर फाइनल में हारने के साथ ही बृहस्पतिवार को कुमामोतो मास्टर्स जापान सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती समाप्त हो गई। दुनिया की 20वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू टूर्नामेंट में आखिरी भारतीय खिलाड़ी बची थीं । उनसे पहले लक्ष्य सेन और महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद हारकर बाहर हो चुके हैं। सिंधू ने पहला गेम जीतने के बाद लय खो दी और कनाडा की मिचेले ली ने उन्हें 17-21, 21-16, 21-17 से हरा दिया। करीब सवा घंटे तक चले मुकाबले में पहले गेम में बराबरी की टक्कर रही। सिंधू ने 11-8 की बढत बना ली और उसके बाद लगातार बढत कायम रखकर पहला गेम जीत लिया। दूसरे गेम में ली ने काफी आक्रामक खेल दिखाया और 8-3 से बढत बना ली । सिंधू ने वापसी करते हुए स्कोर 16-16 कर लिया। इसके बाद ली ने लगातार पांच अंक लेकर बराबरी की। निर्णायक गेम में एक समय स्कोर 17-17 से बराबर था, लेकिन ली ने लगातार चार अंक बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। सिंधू की सहज गलतियों ने मिचेले ली का काम आसान कर दिया। ली का सामना अब दक्षिण कोरिया की यू जिन सिम से होगा।

